आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 9 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 233, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गेंदबाजों को दिखानी होगी प्रतिभा 13
फिल्म मटका से वापसी करेंगी नोरा फतेही 14

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
— वास्तविक छूट —
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
SELECTION POINT
The Complete Family Store
7 DAYS OPEN
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# बारिश से बिगड़े हालात, गांवों में घुसा पानी, शाहजहांपुर में रेलवे ट्रैक डूबा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत/शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : पिछले कई दिनों से पहाड़ों और मैदानी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बाद बाढ़ के हालात बन गए। सड़कें, पुलिया कट गईं। दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया। दो लोगों की मौत हो गई। ट्रेन संचालन भी बाधित हो गया।

रविवार रात करीब एक बजे शारदा नदी में 3.51 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से पीलीभीत में हालात बिगड़ गए। वहीं देवहा नदी में लगातार जलस्तर बढ़ने से शहर से सटे नावकूड़, चंदोई में सड़कों के साथ ही गांवों में भी पानी भरने लगा। पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग तेज बहाव के चलते कट गया जिससे कलीनगर तहसील क्षेत्र का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया। बरखेड़ा, बीसलपुर, मझोला-सितारगंज मार्ग पर कई पुलिया बह गईं। प्रशासन, पुलिस और एसएसबी के टीमें बचाव कार्य मे लगी हैं। जलभराव से पीलीभीत में युवक और बीसलपुर के मीरपुर वाहनपुर गांव में बच्चे की डूबकर मौत हुई। ट्रेन यातायात पर भी असर पड़ा। कुल 22 ट्रेनें को रद कर दिया गया जबकि 14 को शार्ट टर्मिनेट करना पड़ा। वहीं शाहजहांपुर में खन्नौत नदी में पानी बढ़ने से लोधीपुर में दूसरे दिन भी बाढ़ जैसे हालात बने रहे। घरों में पानी घुसने पर सोमवार को भी लोग अपना सामान लेकर ऊंचाई वाले स्थानों की ओर पलायन करते देखे गए। रविवार की रात तेज बारिश में बिलपुर रेलवे लाइन पर पानी भर गया जिससे ट्रेनें काशन देकर निकाली गईं। लखनऊ- दिल्ली मेल, बेगमपुरा एक्सप्रेस, चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेनें विलंब से पहुंचीं।



पीलीभीत में शाहगढ़-संडई के बीच पुलिया बहने के बाद लटका रेल ट्रैक।

**पीलीभीत में शारदा और देवहा नदी का जलस्तर बढ़ा, सड़कें-पुलियां कटीं**

### कई नदियां खतरे के निशान के ऊपर, फसलें डूबीं, श्रावस्ती में दो की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अत्यधिक बारिश के चलते कई नदियां खतरे के निशान के ऊपर चली गईं हैं। कुशीनगर, बिजनौर समेत कई जिलों के गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। काफी फसलें पानी में डूब गईं। ग्रामीण घरों से पलायन कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है। बलरामपुर और श्रावस्ती में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बलरामपुर में बाढ़ से 26 गांव प्रभावित हैं। श्रावस्ती में राप्ती नदी के पानी से तीन तहसीलों के 18 गांवों के लगभग 35 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। कुशीनगर में गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान के नजदीक पहुंच गया है। जिले में पांच गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। गोंडा में तीन गांवों में कई हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। राहत आयुक्त कार्यालय से सोमवार को प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तराखंड के बनबसा बांध से रविवार रात करीब तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए। सोमवार को सुबह भी बनबसा बांध से शारदा नदी में लगभग 10 लाख क्यूसेक तथा दियूनी और नानक सागर बांध से देवहा नदी में 1.81 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा गया।

### रेलवे लाइन पर आया पानी, दो ट्रेनें रद

**बदायूं।** रेलवे ट्रैक पर पानी भर जाने से दो ट्रेनें रद कर दी गईं। बरेली इज्जतनगर के पीआरओ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि ट्रैक पर पानी आ जाने से 05336 कासगंज से काशीपुर जाने वाली ट्रेन को सोमवार को रद कर दिया गया। गूलरभोज में ट्रैक पर पानी आने से एक अन्य ट्रेन रद कर दी गई। बिचौली में खस्ताहाल पुल से वाहनों को गुजरने से रोकने के लिए विभाग ने चेतावनी जारी की है। इसे जर्जर घोषित किया जा चुका है। कासगंज में बाढ़ के हालात होते जा रहे हैं। बरौना, बस्तोली ब्रह्मपुरी, नगला दल व अन्य कई गांवों के किनारे गंगा का पानी पहुंच गया।

## एक नजर

### बब्बर खालसा का आतंकी सिमरनजीत गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) जालंधर ने एक बड़ी कार्रवाई में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्य सिमरनजीत सिंह उर्फ बबलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश में उसके पैर में पुलिस की गोली लगी जिससे वह घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बबलू पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी है। डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह की तीन अप्रैल 2024 को दो हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### सीटीईटी परीक्षा में 17 फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**पटना।** बिहार पुलिस ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी)-2024 में वास्तविक अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा देने के आरोप में राज्य भर से तीन महिलाओं सहित कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, दरभंगा से 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि सारण से चार और बेगूसराय जिले से एक व्यक्ति को बंदी बनाया गया है। पुलिस ने कहा कि इन लोगों को रविवार को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे सीटीईटी परीक्षा में शामिल हुए थे।

# कठुआ में सैन्य वाहन पर आतंकी हमला, जेसीओ समेत पांच शहीद

## छह जवान घायल, पहाड़ी इलाके में आतंकियों ने घात लगाकर फेंका ग्रेनेड

कठुआ/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के पहाड़ी इलाके में सेना के वाहन पर घात लगाकर आतंकियों ने हमला कर दिया, जिसमें जेसीओ समेत पांच जवान शहीद हो गए और छह अन्य घायल हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने सेना के वाहनों को निशाना बनाकर एक ग्रेनेड फेंका और गोलीबारी की। ये वाहन कठुआ शहर से 150 किलोमीटर दूर लोहई मल्हार में बदनोता गांव के पास अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे माचेडी-किंडली-मल्हार मार्ग पर नियमित गश्त पर थे। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन आतंकी नजदीक के जंगलों में भाग गए। खबर लिखे जाने तक आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है।

एक अधिकारी ने कहा, 'कुल 10 सैनिक घायल हुए और चोटों के चलते उनमें से पांच की जान चली गई।' अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों को मार गिराने के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं। माना जाता है कि इन आतंकियों ने हाल में सीमा पार से घुसपैठ की थी और वे ऊंचाई वाले स्थानों पर जा रहे थे। पिछले चार सप्ताह में कठुआ जिले में यह दूसरी बड़ी घटना है। तलाश एवं घेराबंदी अभियान के दौरान 12 एवं 13 जून को भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान की जान चली गई थी।

इससे पहले रविवार कश्मीर घाटी के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया था। जिला कुलगाम में दो अलग-अलग जगह चली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के यह सफलता मिली। आतंकियों के पास हथियार भी बरामद किए गए। इस बीच 1एसईसी आरआर के कमांडर ब्रिगेडियर पृथ्वीराज चौहान ने सोमवार को कहा कि दक्षिण कश्मीर में आतंकवादियों का मारा जाना हिजबुल-मुजाहिदीन के लिए एक बड़ा झटका है। हाल के दिनों में कश्मीर में लगातार मुंह की खाने के बाद आतंकियों ने जम्मू संभाग के जिलों में हमलों के अंजाम देने की कोशिशें की हैं। बीते दिनों जिला कठुआ के हीरानगर के गांव सैडा सोहल में आतंकियों ने एक घर को निशाना बनाया था। इस दौरान एक नागरिक घायल हुआ और सीआरपीएफ जवान बलिदान हुआ।



कठुआ में घायल जवान को अस्पताल पहुंचाते सैनिक। ● एजेंसी

### रियासी में श्रद्धालुओं की बस को बनाया था निशाना

रियासी में एक महीना पहले नौ जून को आतंकियों ने एक बस को निशाना बनाया था। इसमें 9 लोगों की मौत हुई थी और करीब पचास लोग घायल हुए थे। यहां आतंकी हमले को अंजाम देकर भाग निकले थे। बस में यूपी, दिल्ली और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे, जो शिवखोड़ी धाम में दर्शन कर कटड़ा की ओर जा रहे थे।

# शीर्ष न्यायालय ने माना लीक हुआ नीट-यूजी का प्रश्नपत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की शुचिता नष्ट हो गई है तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और सीबीआई से प्रश्नपत्र लीक होने के समय तथा वास्तविक परीक्षा के बीच की अवधि के बारे में जानकारी मांगी। पेपर लीक के लिए अपनाई गई कार्यप्रणाली की भी जानकारी मांगी। कोर्ट ने गलत कृत्य करने वालों की संख्या भी पूछी जिनकी अब तक पहचान हुई है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि एक बात स्पष्ट है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। पीठ ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक की सीमा और भौगोलिक सीमाओं के पार लाभार्थियों का पता लगाना होगा, उसके बाद ही अदालत पांच मई को आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा दोबारा कराने का आदेश दे सकती है। नीट-यूजी में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली 30 से अधिक याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख तय करते हुए कोर्ट ने सीबीआई को जांच की स्थिति को दर्शाने वाली रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसकी जांच करनी होगी कि क्या कथित उल्लंघन प्रणालीगत स्तर पर हुआ है, क्या उल्लंघन ने पूरी परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता को प्रभावित किया है और क्या धोखाधड़ी के लाभार्थियों को बेदाग छात्रों से अलग करना संभव है। पीठ ने कहा कि ऐसी स्थिति में जहां उल्लंघन पूरी प्रक्रिया को प्रभावित करता है और लाभार्थियों को दूसरों से अलग करना संभव नहीं है, फिर से परीक्षा का आदेश देना आवश्यक हो सकता है। पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। हम लीक की सीमा का पता लगा रहे हैं। पीठ ने कहा कि इसमें कुछ चेतावनी के संकेत हैं क्योंकि 67 उम्मीदवारों ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं।

### विशेषज्ञों की टीम गठित हो ताकि फिर ऐसा न हो



सर्वोच्च अदालत ने कहा कि सरकार के लिए जाने-माने विशेषज्ञों की एक बहु-विषयक टीम गठित करने पर विचार करना आवश्यक होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। पीठ ने कहा कि यदि नीट-यूजी 2024 की शुचिता नष्ट हो गई है तो दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देना होगा। यदि प्रश्नपत्र लीक टेलीग्राम, व्हाट्सऐप और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से हो रहा है, तो यह जंगल में आग की तरह फैलेगा। पीठ ने कहा कि जो हुआ, हमें उसे नकारना नहीं चाहिए। कहा कि यह मान लें कि सरकार परीक्षा रद नहीं करेगी, तो वह प्रश्नपत्र लीक के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए क्या करेगी?

- **कोर्ट ने कहा- शुचिता नष्ट हुई है तो पुन: परीक्षा का आदेश देना होगा**
- **धांधली से संबंधित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी**

### महाराष्ट्र से एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट-यूजी में कथित हेरफेर करने के आरोप में नंजुनेथप्पा जी नामक व्यक्ति को महाराष्ट्र के लातूर से गिरफ्तार किया। इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# गैंगरेप के आरोपी ने पीड़िता की मां को मारकर जान दी

संवाददाता फतेहपुर चौरासी (उन्नाव)

- **चलाईं ताबड़तोड़ गोलियां, पीड़िता के पिता और बहन भी घायल**
- **उन्नाव में वारदात, हल्का दरोगा और हेड कांस्टेबल निलंबित**

**अमृत विचार** : सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) के आरोप में जेल से जमानत पर छूटे आरोपियों ने सोमवार तड़के पीड़ित परिवार पर सोते समय ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं और धारदार हथियार से हमला बोल दिया। इसमें पीड़िता की मां व पिता सहित दो बहनें घायल हो गईं। सभी सीएचसी लाया गया, जहां मां को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पिता व बहनों को गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में मुख्य आरोपी ने खुद को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आईजी समेत कई अफसर गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से जानकारी ली। आईजी के निर्देश पर हल्का दरोगा और एक हेड कांस्टेबल को निलंबित किया गया है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के एक गांव की युवती ने गांव के अनुराग और पुनीत पर गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों को पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मार्च 2024 में दोनों जमानत पर बाहर आए थे।

# बरेली में नगर निगम कर्मचारी की डूबकर मौत, देहात में भी चार लोगों की जान गई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **ड्यूटी से घर लौट रहा निगमकर्मी फिसलकर रेलवे क्रॉसिंग के पास पानी भरे गड्ढे में गिरा**
- **अलग-अलग हादसों के शिकार हुए फरीदपुर के दो बच्चों समेत चार लोग**

**अमृत विचार** : आबादी के आसपास गहरे गड्ढों में भरा बारिश का पानी जानलेवा हो गया है। सोमवार सुबह नगर निगम का एक सफाईकर्मी सुभाषनगर इलाके में रेलवे क्रॉसिंग के पास फिसलकर पानी भरे गड्ढे में जा गिरा और डूबकर उसकी मौत हो गई। इसी तरह के अलग-अलग हादसों में फरीदपुर के चार लोगों की मौत हो गई।

सुभाषनगर में खन्ना बिल्डिंग के पीछे रहने वाले अमर सिंह (55) नगर निगम के सफाई कर्मी थे। उनके भाई रामबाबू के मुताबिक अमर सिंह सोमवार सुबह करीब 11 बजे ड्यूटी से घर लौट रहे थे। चौपुला रेलवे लाइन के पास से पैदल आते वक्त पाल कॉलोनी के सामने पैर फिसलने से वह पानी भरे गड्ढे में जा गिरे। सूचना पर सुभाषनगर पुलिस ने अमर सिंह को निकलवाया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। चार लोगों ने फरीदपुर इलाके में जान गंवाई। गांव नौगवां निवासी ओमपाल का बेटा विकास (14) मौसी की बेटी की शादी में फतेहगंज पूर्वी के गांव खन्नी नवादा गया था। सोमवार सुबह सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में गिर जाने से उसकी मौत हो गई। गांव बिशीपुरा में महिपाल का बेटा सुमित (21) गांव के पास नदी में डूब गया। एनडीआरएफ की टीम ने काफी देर बाद उसका शव निकाला। गांव जेड निवासी रविंद्र उर्फ खब्बू (38) तालाब में मछली पकड़ते समय डूब गए। गांव बड़रा कासिमपुर के रामवीर का बेटा अतुल (13) बच्चों के साथ खेत पर गया था जहां भरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। गोताखोरों ने एक गड्ढे से उसका शव निकाला।



**स्वागत** प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन में संघर्ष के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता के लिए सोमवार को मॉस्को पहुंचे। मॉस्को हवाई अड्डे पर उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# मासिक धर्म अवकाश पर बनाएं नीति

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा-केंद्र व राज्य सरकारें कर सकती हैं विचार**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को ''मासिक धर्म'' के दौरान अवकाश देने के लिए केंद्र और सभी राज्य सरकारों को विचार करना है कि क्या वे इस बारे में कोई आदर्श नीति बना सकते हैं।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की याचिका पर गौर किया कि क्या इस तरह के अवकाश महिलाओं को कार्यबल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करती हैं या फिर इस तरह की छुट्टी अनिवार्य करने का मतलब महिलाओं को रोजगार से दूर रखना है। पीठ ने कहा कि यह वास्तव में सरकार की नीति का पहलू है और अदालतों को इस पर विचार नहीं करना चाहिए।

अधिवक्ता त्रिपाठी ने देश भर में छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अपने-अपने कार्यस्थलों पर मासिक अवकाश की अनुमति देने के लिए अदालत से निर्देश देने की मांग करते हुए जनहित याचिका दायर की है। शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्यों से इस मुद्दे पर विचार करने को कहा कि क्या वे इस मुद्दे पर एक आदर्श नीति बना सकते हैं या नहीं।

### सैनेटरी पैड पर नीति का काम अंतिम चरण में : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि स्कूल जाने वाली किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों के वितरण पर राष्ट्रीय नीति बनाने का काम अंतिम चरण में है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश एएसजी ऐश्वर्या भाटी की नीति तैयार करने के लिए दो महीने का समय देने का अनुरोध स्वीकार कर लिया। शीर्ष अदालत कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने केंद्र और राज्यों को छठी से बारहवीं कक्षा की छात्राओं को मुफ्त सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

# पुजारियों-संतों के लिए मानदेय नीति लाएगी सरकार

**उप्र. के 60 वर्ष से अधिक उम्र के पुजारियों और संतों को सुविधाएं देने की तैयारी**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य सरकार 60 साल से अधिक उम्र के पुजारियों और संतों के लिए एक मानदेय नीति लाने की तैयारी कर रही है। मानदेय देने के लिए एक बोर्ड बनाया जाएगा। इसके अलावा उनको राशन और हेल्थ कार्ड से सुविधा देने पर भी विचार किया जा रहा है। सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े तीर्थों की यात्रा के लिए अनुदान देने की योजना है। वहीं, मंदिरों का भी जीर्णोद्धार होना है।

इससे पहले राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों, मंदिरों और मठों की जानकारी के साथ पुजारियों और संतों की संख्या का डेटा रखने को एक पोर्टल भी बनाया जाएगा। शासन स्तर से इसके लिए दूसरे राज्यों में इस तरह की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है।

दरअसल हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में धर्मार्थ कार्य निदेशालय की ओर से विभिन्न योजनाओं पर प्रस्तुतिकरण दिया गया था। इस दौरान नया पोर्टल बनाने पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि पहले प्रामाणिक जानकारियां जुटाई जाएं। साथ ही संतों और पुजारियों के लिए मानदेय की नीति ठीक से तैयार करने को कहा।

राज्य सरकार ने पूर्व में पुरोहित कल्याण बोर्ड बनाने की घोषणा की थी। अब मुख्यमंत्री ने इसमें तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन किया जा रहा है। इसी के ज़रिए पुरोहित-अर्चकों की मदद की जाएगी। इस योजना में सिख, जैन आदि के साथ सभी पंथों को भी शामिल किया जाएगा।



- **दूसरे राज्यों में इस तरह की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर जल्द रिपोर्ट देने के अफसरों को दिए निर्देश**

### एक टच में मिलेगी मंदिरों की जानकारी

सभी धर्मस्थलों और मंदिरों की जानकारी अब स्मार्टफोन पर एक टच में मिलेगी। इसके लिए सेंट्रलाइज्ड पोर्टल पर काम चल रहा है। एप भी बनेगा जिसमें न सिर्फ़ प्रदेश के बड़े मंदिरों बल्कि हर ज़िले के प्रमुख मंदिरों की पौराणिक मान्यता, इतिहास और अन्य जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी।

### जर्जर हो चुके मंदिरों का होगा कायाकल्प

राज्य में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 100 साल से ज्यादा पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए अलग से योजना तैयार की गई है। सभी 75 जिलों में लगभग 300 मंदिर इसके तहत चिन्हित किए गए हैं, जहां बजट जारी किया जा रहा है।

## एक नजर

### डीएम से की एक्सरे रिपोर्ट नहीं मिलने की शिकायत

**सहसवान :** सिर में चोट लगने पर जिला चिकित्सालय में कराए गए एक्सरे की रिपोर्ट नहीं दिए जाने पर पीड़ित ने डीएम से शिकायत की है। जिलाधिकारी को भेजे पत्र में जीशान अली ने बताया है कि 19 जून को सज्जन पुत्र नत्थू से विवाद हो गया था। इस दौरान सज्जन के सिर में मामूली चोट लग गई थी। उन्हें सहसवान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां से बदायूं जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जिला अस्पताल में एक्सरे करने के बाद उसे रिपोर्ट नहीं दी गई। उन्होंने रिपोर्ट दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### होंगे संकल्प हब कार्यक्रम

**बदायूं,अमृत विचार :** जिले में भारत सरकार की योजना संकल्प हब के तहत कार्यक्रम होंगे। इसके लिए सौ दिन का अभियान चलाया जाएगा। सोमवार को कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रेनू सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान कार्यक्रम को लेकर रुपरेखा तैयार की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने संबंधित विभाग से अधिकारी नामित कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कराने का आदेश दिया।

### 05 सितम्बर तक आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम ने बताया कि विवेकानन्द यूथ अवार्ड सराहनीय कार्यों के आधार पर प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार युवाओं को उनके विकास कार्यक्रमों के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट पहचान देने के लिए प्रदान किया जाएगा। बताया कि अवार्ड पाने के लए युवा 05 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

### गरीब कन्या का विवाह कल

**बिल्सी,अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या चार सिरासौल रोड स्थित श्री संकट मोचन दरबार में दस जुलाई को एक गरीब कन्या का विवाह संपन्न कराया जाएगा। जिसको लेकर दरबार में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। दरबार के प्रधान मंहत सजय शर्मा ने बताया कि दरबार की ओर से यह सातवां गरीब कन्या का विवाह आयोजित होने जा रहा है। जिसमें कन्या पक्ष हरदोई और वर पक्ष बिल्सी नगर का रहने वाला है। विवाह का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया जाएगा। सभी वैवाहिक कार्यक्रम दरबार में ही संपन्न कराए जाएगें।

### भारी बारिश के चलते घटी पैदावार, आवक हुई कम

# आसमान छूने लगे हरी सब्जियों के दाम

संवाददाता, वजीरगंज

**अमृत विचार :** बरसात के चलते मंडी में सब्जी की आमद कम हो गई है जिससे सब्जी के भाव दो गुने हो गए हैं। अदरख तीन सौ रुपये तो हरा धनिया दो सौ रुपये से अधिक की कीमत में बिक रहा है जिससे लोग घरों में चटनी नहीं बना पा रही है।

महंगाई का झटका लगने से लोगों की थाली से सब्जी गायब हो गई है। सब्जियों के दाम अचानक बढ़ जाने से आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ गया है। कई दिनों से बारिश होने के कारण कई सब्जियां खत्म होने की कगार पर हैं। खेतों में पानी भर जाने से बाजार में आवककम हो गई जिससे सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। बारिश की बजह से सब्जियों के दाम 15 दिनों में दोगुने हो गए जिससे चटनी वेस्वाद हो गई जबकि सब्जी थाली से गायब हो रही है। हरा धनिया दो सौ और अदरख तीन सौ रुपये किलो तक बाजार में बिक रहा है। अचानक बढ़े दामों के पीछे बाहरी क्षेत्रों से सब्जी की आमद कम होना बताया जा रहा है जबकि क्षेत्र के किसान बाजार में सब्जी की आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं।

हालांकि क्षेत्र में सब्जी की पैदावार होती है, लेकिन आसपास के क्षेत्र की आबादी को देखते हुए किसान यहां की सब्जी की पैदावार से पूर्ति नहीं डाल पा रहे हैं। जिसके चलते मंडी में आढ़ती बाहर से सब्जी मंगाते हैं। बाजार में हरी मिर्च जो 30 से 40 रुपए में बिकती थी आज उसका भाव 80 रुपये किलो है। मूली, खीरा, टमाटर के दाम भी आसमान छू रहे हैं। सब्जी विक्रेता घरेलू महिलाएं, ढाबा संचालक सभी का बजट बिगड़ गया है। सामान्य परिवारों को तो सब्जी मयस्सर नहीं हो पा रही है।

**रसोईं का बजट गड़बड़ाया**

रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। अब तो चटनी बनाने के लिए भी सोचना पड़ रहा है। सब्जी के भाव बढ़े हुए हैं। दालों के भी भाव आसमान छू रहे हैं। जैसे-तैसे इस महंगाई में गुजारा करने को मजबूर हैं।
**-गृहणी गीता देवी**

पहले तो भीषण गर्मी का माहौल बना और फिर अचानक मानसून आने पर बरसात होने लगी। मंडी में सब्जी की आमद कम हो गई है। थोक भाव बढ़ने के बाद फुटकर भाव में वृद्धि की गई है।
**-कय्यूम खां**, सब्जी बिक्रेता

ढाबा पर ग्राहकों के लिए सलाद भी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। मूली, खीरा, टमाटर और प्याज के भाव बढ़े हुए हैं। हरी सब्जी की भी ग्राहक मांग करते हैं। अब चुनिंदा सब्जी ही होटल, ढाबा पर तैयार की जा रही हैं।
**-प्रमोद कुमार**, ढाबा संचालक



बिकने के लिए बाजार में आईं सब्जियां, नहीं आ रहे खरीदार। ● अमृत विचार

| सब्जी भाव | अब | पहले |
|---|---|---|
| अदरक | 300 | 200 |
| धनिया | 200 | 140 |
| प्याज | 50 | 30 |
| लोकी | 40 | 20 |
| तोरई | 50 | 20 |
| कद्दू | 20 | 10 |
| आलू | 35 | 25 |
| भिंडी | 50 | 20 |
| टमाटर | 80 | 20 |
| शिमला मिर्च | 90 | 60 |
| गोभी | 80 | 40 |
| खीरा | 40 | 20 |

# ऑनलाइन हाजिरी का विरोध, काली पट्टी बांधकर किया काम

### शासन ने सोमवार से स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी का निर्देश जारी किया है

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में सोमवार से शुरू हुई ऑनलाइन हाजिरी का जिले भर में विरोध हो रहा है। शिक्षकों ने आम दिनों की तरह रजिस्टर पर हाजिरी लगाई। साथ ही बांह पर काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया और कलक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

ऑनलाइन हाजिरी का शिक्षक संगठनों की ओर से लगातार विरोध किया जा रहा है जबकि शासन स्तर से हाजिरी पर लगातार सख्ती बरती जा रही है। सोमवार से शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी के निर्देश थे जिसका शिक्षकों ने विरोध किया। उन्होंने स्कूल पहुंचकर ऑनलाइन हाजिरी न लगाकर आम दिनों की तरह रजिस्टर में हाजिरी लगाई तथा विरोध जताते हुए बांह पर काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया। शिक्षकों का कहना है कि विभाग ने बगैर तैयारी के ही नई व्यवस्था लागू कर दी। विभाग की ओर से उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सिम और टैबलेट दिए गए हैं। उन्होंने अपने मोबाइल पर मौजूद प्रेरणा एप हटाकर टैबलेट में डाउनलोड कर लिया। अभी तक प्रेरणा एप शिक्षकों के मोबाइल से चल रहा था। नंबर बदलने से एप नहीं चल पा रहा है। इसके अलावा इंटरनेट सहित कई अन्य समस्याएं भी हैं। जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक विरोध जारी रहेगा। इधर शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही कलक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम डीएम की उपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।



स्कूल गेट पर विरोध जताते शिक्षक। ● अमृत विचार



बांह पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**समस्याओं का हो निस्तारण**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। संगठन के जिला संयोजक दुष्यंत रघुवंशी ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग ने पहले 25 जून, फिर 15 जुलाई और अब अचानक आठ जुलाई से ऑनलाइन हाजिरी का आदेश जारी कर दिया। यह अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा कि मार्च के दौरान लखनऊ में हुए धरना-प्रदर्शन के समय महानिदेशक शिक्षा को समस्याओं का निस्तारण करने के बाद ही ऑनलाइन व्यवस्था को लागू करने का आग्रह किया गया था। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो विरोध किया जाएगा। इसके बाद भी ऑनलाइन व्यवस्था लागू कर दी गई। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा डिजिटलाइजेशन व्यवस्था को जबरन लागू करने का दबाव बनाया जा रहा है। विभागीय अधिकारी दमनपूर्वक डिजिटलाइजेशन ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था लागू करना चाहते हैं जिसका राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश घोर विरोध करता है। इस मौके पर प्रदीप कुमार, अंकुर कुमार, शिवओम शर्मा, रीता रानी, सुधीर साहू, आशीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।



बीएसए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

## अभाविप के स्थापना दिवस को लेकर गोष्ठी

**बदायूं,अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुई। जिसमें संगठन के स्थापना दिवस को लेकर विचार विमर्श किया गया।

मुख्य वक्ता प्रान्त मंत्री अंकित पटेल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित और राष्ट्र हित में कार्य करती आ रही है। विद्यार्थी परिषद छात्रों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने की भावना से जोड़ते हुए राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से साल के 365 दिन विभिन्न गतिविधियों को करते हुए छात्रों की समस्याओं को लेकर प्रवेश, परीक्षा, परिणाम में शुचिता लाने के लिए संघर्ष करती आर ही है। उन्होंने यह भी कहा कि आज का युवा कल का नहीं आज का नागरिक हैं। हमें भारत को विकसित भारत बनाना है। इस मौके पर धर्मेन्द्र प्रताप, अक्षित शाक्य, अमन सक्सेना, गोविन्द पाठक, हिमांशु मिश्रा, आशीष, हेमंत कुमार आदि उपस्थित रहे।



वैदिक विद्यापीठ में स्मार्ट फोन लेकर शिक्षकों के बीच खड़े विद्यार्थी। ● अमृत विचार

## छात्र-छात्राओं को बांटे टेबलेट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत सोमवार को वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ संस्कृत महाविद्यालय में टेबलेट, स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक आचार्य वेदव्रत आर्य ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का सपना हैं कि भारत देश का युवा तकनीकी रूप से सक्षम हो, जिससे युवा अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल हों तथा टेबलेट का सही दिशा में प्रयोग करें।

विशिष्ट अतिथि कालेज के प्राचार्य वेदमित्र आर्य ने छात्र-छात्राओं को टेबलेट, स्मार्टफोन एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारें में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षक शिव सिंह, चिम्मन लाल, वेदरत्न आर्य, वेदप्रिय आर्य और छात्र-छात्राएं रितिक पाठक, सोहित कुमार गुप्ता, ममता यादव आदि मौजूद रहे।

# थानाध्यक्ष को निलंबित करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह के खिलाफ ब्राह्मणों का गुस्सा शांत नहीं हो रहा है। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन दिए। बिसौली लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में धरना-प्रदर्शन कर संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को ज्ञापन दिया। फिर भी थानाध्यक्ष पर कार्रवाई न होने पर एसएसपी को ज्ञापन सौंपा।

परशुराम युवा मंच के जिलाध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय और ब्राह्मण क्रांति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पंडित अमन मयंक शर्मा के नेतृत्व में ब्राह्मणों ने सोमवार को एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह को ज्ञापन दिया। इसमें उन्होंने कहा कि वायरल ऑडिया में थानाध्यक्ष ने ब्राह्मणों पर फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही है। उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए। जब तक थानाध्यक्ष की जांच की जा रही है तब तक थानाध्यक्ष को पुलिस लाइन में भेजा जाए। 24 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर ब्राह्मण समाज आंदोलन करेगा। एडीजी से शिकायत करके उनके कार्यालय पर धरना देंगे। इस मौके पर सुधाकर शर्मा, दीपक पाठक, पवन मिश्रा, मनु शर्मा परशुराम भक्त, नितिन मिश्रा छोटा मोदी आदि रहे।



एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह को ज्ञापन देते परशुराम युवा मंच और ब्राह्मण क्रांति मोर्चा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **ऑडियो वायरल होने से ब्राह्मण समाज आक्रोशित**
- **24 घंटे में कार्रवाई न होने पर होगा आंदोलन**

## बच्चों की शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर हुई चर्चा

**बिल्सी,अमृत विचार:** फ्यूचर लीडर्स स्कूल में सोमवार को पैरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें माता-पिता के साथ शिक्षकों ने बच्चों की शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

डायरेक्ट वीपी सिंह ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों के मन की भावना को समझें और उसी प्रकार से निर्णय लें। एमडी राहुल कुमार सिंह ने कहा कि पैरेंट ओरिएंटेशन विधार्थी के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसमें शैक्षणिक, सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास शामिल है। इस मौके पर प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह, सीके शर्मा, ररमेंद्र सिंह, बृजेशपाल, राखी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## नालों की कराई सफाई, हटाया अतिक्रमण

**विजय नगला,अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सहायक खंड विकास अधिकारी ने विजयनगला कस्बा में नाले पर बनी दुकानों को हटवाया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को सहायक खंड विकास अधिकारी खालिद अली अपनी टीम के साथ गांव विजय नगला पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि बारिश में नालों में गंदा पानी जमा हो जाता है। जिससे मच्छर पैदा होते हैं और फिर संक्रामक बीमारियां पनपती हैं। इसलिए नालों को साफ करने के लिए उनके ऊपर अतिक्रमण को आप स्वयं हटा लें, जिससे नालों की पूरी तरह सफाई की जा सके। ग्रामीणों के साथ उनकी टीम ने अतिक्रमण हटाया, नालों को साफ कराया। इस कार्य में गांव के लोगों ने भी सहयोग किया। इस मौके पर सहायक खंड विकास अधिकारी खालिद अली, स्वच्छता मिशन के कोऑर्डिनेटर मुकुल चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान सुखपाल सिंह, पूर्व प्रधान पति रमेश सक्सेना, समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।




## रेलवे लाइन पर आया पानी, एक दिन के लिए दो ट्रेनें रद्द

**संवाददाता, बदायूं,अमृत विचार :** रेलवे ट्रैक पर पानी भर जाने से दो ट्रेने रद्द कर दी गईं। इज्जत नगर रेलवे की ओर से इन ट्रेनों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया है कि दोनों रद्द ट्रेनें जल्द ही शुरू कर दी जाएंगी जिससे यात्रियों को कोई परेशानी नहीं होगी। बरेली इज्जतनगर के पीआरओ राजेन्द्र कुमार ने सोमवार को बताया कि 05336 कासगंज से काशीपुर जाने वाली ट्रेन को सोमवार को रद्द कर दिया गया। यह ट्रेन कासगंज से चलकर 3 .1 बजे यहां पहुंचती थी। अब लालकुआं रेलवे ट्रैक पर बारिश का पानी आ गया है जिससे ट्रेन को आज रद्द करना पड़ा है। ट्रैक पर पानी आ जाने की सूचना बरेली इज्जत नगर को दी गई जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है। इसी तरह काशीपुर से चलकर कासगंज तक जाने वाली 05335 जो ट्रेन सुबह 10 :40 पर पहुंचती थी। इस ट्रेन के संचालन में भी दिक्कत आ रही है। गूलरभोज पर ट्रैक पर पानी आ गया है। रेलवे सूत्रों की मानें तो गूलरभोज के आसपास करीब बीस किमी लाइन पर पा पानी आ गया है जिसकेजल्द खत्म होने के आसार नहीं हैं। इसके कारण रेलवे प्रशासन ने ट्रेन रद्द करने का फैसला लिया। अचानक लिए गए फैसले की जानकारी बरेली मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों को दी गयी है। गूलरभोज पर रेलवे ट्रैक पर पानी आ जाने से ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। इज्जत नगर स्टेशन की ओर से बताया गया है कि ट्रैक से पानी उतरने पर दोनों ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर आज यात्री ट्रेनों का इंतजार करते रहे। उन्हें ट्रेन रद्द होने की जानकारी दी गयी जिसके बाद वह लोग वापस लौट गए। कुछ यात्री दूसरी ट्रेन का इंतजार करते रहे।



रेलवे स्टेशन बदायूं। ● अमृत विचार













शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

ASHOKA FOAM
WOW SALE
UP TO 50%

Men's Wear
Women's Wear
Kids Wear
Ashoka EMPORIO MENS | WOMENS | KIDS READYMADE GARMENTS
106/8 Civil Lines, Opp. Mission Hospital
Bareilly, Uttar Pradesh, India 243001
Tel: +91 9720031000 | www.shokafoam.com

# सोत नदी का पुल जर्जर, विभाग ने जारी की चेतावनी

## एसडीएम को पत्र भेजकर वाहनों के आने-जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को कहा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बिसौली क्षेत्र में सोत नदी पर बने पुल को पीडब्ल्यूडी विभाग जर्जर घोषित कर चुका है। साथ ही वाहनों के आवागमन को भी प्रतिबंधित कर दिया है। रोक के बाद भी हल्के और भारी वाहन फर्राटा भर रहे हैं। भारी बरसात के चलते पुल की स्थिति और खराब है। इसके चलते पीडब्ल्यूडी विभाग ने वाहनों के गुजरने को लेकर चेतावनी दी है। साथ ही एसडीएम को पत्र भेजकर वाहनों के आने-जाने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया है जिससे दुर्घटना से बचा जा सके।

बिसौली तहसील क्षेत्र के इस्लामनगर, सहसवान, बिल्सी मार्ग पर गांव निजरां और रानेट के बीच सोत नदी पर लगभग 50 वर्ष पूर्व पुल बना हुआ है। पिछले साल पीडब्लूडी विभाग ने निरीक्षण कर उसे जर्जर घोषित कर दिया था। इस पुल पर भारी वाहनों के आवागमन को बंद करते हुए बैरियर लगा दिया था। पुलिस और तहसील प्रशासन की सख्ती से कुछ माह तक पुल पर वाहनों का आवागमन बंद रहा लेकिन अब फिर से पुल के ऊपर भारी और हल्के वाहन दौड़ने लगे हैं। इस समय भारी बारिश हो रही है। लगातार बारिश होने पर पुल की स्थिति और खराब होती जा रही है। पुल पर वाहनों के गुजरने से कभी बड़ा हादसा होने का अंदेशा है। इस स्थिति को देखते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से तहसील और कोतवाली पुलिस को पत्र भेजा गया है, जिसमें विभाग ने पुल पर वाहनों का आवागमन बंद करने का अनुरोध किया है।


जर्जर सोत नदी पुल से गुजरते वाहन ● अमृत विचार

● **वाहनों के आने-जाने से बारिश में हो सकता है बड़ा हादसा**

### दौड़ रहे गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण में लगे वाहन

सोत नदी पर जर्जर घोषित पुल पर सबसे अधिक आवागमन गंगा एक्सप्रेस-वे के काम में लगे वाहनों का हो रहा है। कंपनी के वाहन दिन-रात धड़ल्ले से आ-जा रहे हैं। इन वाहनों का आवागमन देख अन्य वाहन भी जाने लगे हैं। इन वाहनों के आवागमन पर न तो तहसील प्रशासन और न ही कोतवाली पुलिस रोक लगा पा रही है।

### रूट डायवर्ट, फिर भी गुजर रहे वाहन

सोत नदी पुल पर वाहनों का आवागमन बंद होने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के अनुरोध पर तहसील प्रशासन ने रूट डायवर्ट किया है। वाहनों का आवागमन बिसौली से वजीरगंज बिल्सी होते हुए तथा ओरछी इस्लामनगर रोड रूट तय है। यह रूट लंबा होने से वाहन चालक जर्जर पुल से वाहनों को ले जा रहे हैं, जिसकी वजह से हादसे की संभावना बनी हुई है।

बिसौली क्षेत्र में सोत नदी पुल को जर्जर घोषित किया गया है। वाहनों का आना भी बंद कर रखा है। इसके बाद भी वाहन गुजर रहे हैं। भारी बारिश के दौरान कभी भी हादसा हो सकता है। बिसौली के एसडीएम और कोतवाली पुलिस को पत्र भेजकर वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के लिए कहा गया है।
**-देवपाल सिंह**, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग

# पत्नी की दवा लेने जा रहे किसान की डूबने से मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **पेट में दर्द होने पर दहेलिया नहर पार कर दूसरे गांव जाते समय डूब गये**

**अमृत विचार :** पत्नी की दवा लेने जा रहा किसान नहर में डूब गया। ग्रामीणों ने काफी तलाश की लेकिन नहीं मिला तो पास के गांव से गोताखोर बुलाकर तलाश कराई गई। तकरीबन डेढ़ घंटे के बाद उसका शव बरामद हुआ। इससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव टकसेना निवासी रमेश (50) पुत्र नत्थू खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। उनकी पत्नी राजकुमारी के पेट में अक्सर ही दर्द होता था तो रमेश पास के गांव दुर्गा नगर के चिकित्सक से दवा लाकर दे देते थे और आराम हो जाता था। रविवार दोपहर भी राजकुमारी के पेट में अचानक तेज दर्द उठा तो वह दवा लेने के लिए दोपहर दो बजे गांव के पास से गुजर रहे दहेलिया नहर पार करने लगे। इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गए। दुर्गानगर गांव के लोगों ने रमेश के परिजनों को फोन कर सूचना दी। नहर में रमेश की तलाश कराई गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। पास के गांव से गोताखोरों को बुलाए गए। उन्होंने दोपहर लगभग चार बजे नहर से शव बरामद कर लिया। लोग शव गांव लेकर आए। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा।


मृतक रमेश।

## एक नजर

### बच्चा छत से गिरकर घायल

**उसहैत:** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव खजुरा पुख्ता निवासी पंचम के ममेरे भाई की शादी में जिला शाहजहांपुर क्षेत्र के गांव गढ़िया हरदोपट्टी से आया उनके साले सिप्टर का आठ साल का बेटा सूरज छत से सड़क पर गिर गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उसहैत के निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन सूरज को जिला अस्पताल लाए। यहां भी भी सूरज को बरेली रेफर कर दिया गया।

### कोर्ट ने रिमांड खारिज की

**बदायूं:** न्यायालय ने अभियुक्त की रिमांड अस्वीकार कर पुलिस अभिरक्षा में लाए गये अभियुक्त को तुरंत रिहा करने आदेश दिया है। थाना उघैती में कस्बा निवासी अजय के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शनिवार को विवेचक उपनिरीक्षक नेपाल सिंह आरोपी अजय को लेकर कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने आरोपी की 14 दिन की रिमांड मांगी। आरोपी के अधिवक्ताओं ने रिमांड का विरोध किया। बोले, पीड़िता ने पुलिस और कोर्ट को दिए बयान में अजय का नाम नहीं लिया है। जिसके बाद न्यायाधीश ने रिमांड के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया। विवेचक के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा है।

### फर्जी आदेश पर वाहन रिलीज होने की जांच शुरू

**बदायूं:** सीजेएम के फर्जी आदेश पर वाहनों को रिलीज करने के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस मामले में दो रिपोर्ट दर्ज कराई गई थीं। एक मामले में कलेक्ट्रेट चौकी इंचार्ज बलवीर सिंह और दूसरे मामले की मैकू लाल पुलिस चौकी इंचार्ज रामेश्वर सिंह मामले की जांच करेंगे।

### पशुशाला से दो भैंस चोरी

**मुजरिया:** रविवार रात पशुशाला में बंधी दो भैंस चोर खोल कर ले गए। सोमवार को सुबह पीड़ित ने नहीं मिलने पर पुलिस को तहरीर दी। ग्राम जाहिदपुर घंसुलिया निवासी नेत्रपाल ने पुलिस को सोमवार को दी तहरीर में बताया कि उसके पास दो भैंसे थीं। जिन्हें वह अपनी पशुशाला में बांधता था। उसने रविवार रात भैंस को पशुशाला में बांधा और स्वयं खेत पर चला गया।

# आज कार्यभार ग्रहण करेंगे नवागत सीएमओ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रभारी सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम खान ने सोमवार को जरूरी काम निपटाए। उन्होंने कर्मचारियों के वेतन संबंधी फाइलों पर दस्तखत कर पिछले काम पूरे कर दिए। मंगलवार को नए सीमएओ रामेश्वर मिश्रा पहुंच कर कार्यभार ग्रहण करेंगे।

पिछले सात महीने से यहां पर डॉ. अब्दुल सलाम खान यहां पर प्रभारी सीएमओ के रूप में काम कर रहे थे। सात जुलाई को शासन स्तर से बस्ती के सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा को यहां का सीएमओ बनाया गया है। रामेश्वर मिश्रा मंगलवार को यहां पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लेंगे। सोमवार को प्रभारी सीएमओ ने यहां कुछ जरूरी फाइलों को निपटाया। पिछले महीने के वेतन की फाइलों पर दस्तखत किए। कुछ अन्य कार्यों पर भी साइन कर आगे बढ़ाया। डॉ. अब्दुल सलाम खान ने बताया कि अब वह इस जिम्मेदारी से मुक्त हो रहे हैं। शासन स्तर से यहां पर सीएमओ की तैनाती कर दी गई है। नए सीएमओ मंगलवार को यहां पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लेंगे।


जरूरी फाइलों को निपटाते प्रभारी सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम खान।

● **प्रभारी सीएमओ अब हो जाएंगे जिम्मेदारियों से मुक्त**

# छेड़छाड़ और गाली-गलौज में तीन साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** छेड़छाड़ और गाली-गलौच के मामले में आरोपी को दोषी माना गया है। दोषी को तीन साल का कारावास और 52 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार अलापुर क्षेत्र के कंचनपुर निवासी राजू ने परिवाद दायर किया था। इसमें उन्होंने बताया कि वह अनुसूचित जाति (कंजड़) हैं। उसने कर्जा लेकर एक ई रिक्शा खरीदा था। दस दिन बाद ही रिक्शा खराब हो गया। ई-रिक्शा गारंटी में था जिसकी सूचना एजेंसी के मालिक राम शरण को दी। वह ई-रिक्शा चले गए। कुछ दिन बाद ई-रिक्शा लेने पत्नी के साथ एजेंसी पर गए तो राम शरण ने गाली-गलौज की और पत्नी के साथ अशोभनीय व्यवहार किया। न्यायाधीश ने सोमवार को पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों का अवलोकन किया। राम शरण को तीन साल की सजा सुनाई है।

# तटबंध की मरम्मत में गोलमाल, होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** करोड़ों खर्च होने के बाद भी तटीय इलाके के लोगों को बाढ़ का दंश झेलना पड़ा। तटबंध की मरम्मत में बाढ़ खंड विभाग ने गुणवत्तापरक काम न कर लाखों रुपये बारे न्यारे कर लिए। जिसकी पोल पिछले दिनों मंडलायुक्त के निरीक्षण में खुल गई। उन्होंने निरीक्षण रिपोर्ट शासन को भेज दी है। जिसका संज्ञान लेते हुए शासन ने टीएसी (टेक्निकल ऑडिट कमेटी जांच कराने के आदेश किए हैं। शासन की टीम कभी भी पहुंचकर जांच कर सकती है।

मानसून आने से पूर्व बाढ़ खंड विभाग की ओर से उसहैत सहित सहसवान स्थित गंगा महावा तटबंध की मरम्मत किए जाने के साथ ही बाढ़ से सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। बाढ़ खंड विभाग द्वारा गंगा महावा तटबंध के समीप गांव नगलावरन के पास तटबंध पर 18.710 किमी तक स्पर बनाया गया है। इस काम में आगरा कट स्टोन लाल पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। इसी पत्थर तटबंध पर पिचिंग का भी काम किया गया है। इसके ऊपर लाल ईटों से ब्रिक सोलिग बनाई गई है। साथ ही पानी की दिशा बदलने के लिए परकोपाइन भी लगाई गई है। काम पूरा होने के बाद बाढ़ खंड विभाग द्वारा रिपोर्ट कमिश्नर को भेज दी। रिपोर्ट मिलने के बाद मंडलायुक्त बीते शनिवार को तटबंध का निरीक्षण करने पहुंच गईं। निरीक्षण के दौरान तटबंध का काम सही नहीं मिला। स्लोप पिचिंग और ब्रिक सोलिंग का काम गुणवत्ताहीन था। ब्रिक सोलिंग में ईटों को सामान्य से अधिक दूरी पर लगाया था। उनके द्वारा रिपोर्ट शासन को भेजते हुए टेक्निकल ऑडिट कमेटी (टीएसी) जांच कराने को संस्तुति कर दी। जिसको गंभीरता से लेते हुए शासन ने जांच के आदेश कर दिए। टीएसी की जांच की जानकारी होने पर बाढ़ खंड विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। इधर एक दो दिन में जांच के लिए आ जाएगी।


शनिवार को गंगा महावा तटबंध का मंडलायुक्त ने किया था निरीक्षण। ● अमृत विचार

● **निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने पकड़ा गोलमाल, शासन को भेजी थी रिपोर्ट**

● **गुणवत्ता के अनुसार नहीं हुआ काम, शासन से बैठाई गई टीएससी जांच**

भारी बारिश हो रही है। स्थिति अनुकूल नहीं हैं। तटबंधों पर सुरक्षा के काम हुए हैं। बाढ़ की स्थिति की संभावना के चलते हुए कमिश्नर द्वारा गंगा महावा तटबंध का निरीक्षण किया था। उन्हें कुछ कमियां मिली हैं। इसीलिए टीएसी की जांच के आदेश हुए हैं। टीम आकर जांच करेगी। **- डॉ वैभव शर्मा,** एडीएम वित्त एवं राजस्व

मानसून से पूर्व सभी तटबंधों की गुणवत्ता पूर्वक मरम्मत कराने के साथ कटान रोकने के इंतजाम किए गए हैं। अभी कमिश्नर के द्वारा गंगा महावा तटबंध का दौरा किया गया था। हो सकता है उन्हें कुछ कमियां मिली हों। इसलिए जांच के आदेश दिए हैं। **- उमेश चंद्र,** अधीशासी अभियंता बाढ़ खंड

# तटीय गांवों का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते डीएम मनोज कुमार। ● अमृत विचार


उसहैत तटबंध का निरीक्षण करते एडीएम मनोज कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** डीएम मनोज कुमार ने सोमवार को उप जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ सहसवान तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरान किया। गांव में हालात देखने के बाद ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए अपील की। साथ ही गंगा महावा तटबंध का भी निरीक्षण किया।

डीएम ने ग्राम पंचायत सिठौलिया पुख्ता व उसके मजरे भमरौलिया, वीरसहाय नगला, खागी नगला का निरीक्षण किया। इन ग्रामों के किनारे बाढ़ का पानी आ जाने से उन्होंने ग्रामवासियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश ग्राम प्रधान और अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान जनहानि व पशु हानि नहीं होनी चाहिए। ग्राम वासियों से वार्ता कर उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी हर संभव मदद करेगा। अधिकारियों व ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि जिस स्थान पर ग्रामवासी पुनर्स्थापित अस्थाई रूप से हो रहे हैं वहां प्रकाश, जल, दवा आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके बाद उनके द्वारा वीरसहाय नगला मजरे में सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए बाढ सुरक्षात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। लगभग चार करोड़ रुपए की लागत से कराए गए कार्यों में स्पर आदि का कार्य कराए गये है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

### एडीएम ने किया दातागंज क्षेत्र का दौरा

अपर जिलाधिकारी वित्त डॉ वैभव शर्मा दातागंज तहसील क्षेत्र के बाढ़ से प्रभावित रहे गांव जटा पहुंचकर वहां के हालात देखे। तथा उसहैत तटबंध का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा ग्रामीणों से वार्ता कर हर संभव मदद दिए जाने का आश्वासन दिया।

### 289 परिवार है बाढ़ से प्रभावित

उप जिलाधिकारी प्रेमपाल सिंह ने डीएम को बताया कि सहसवान तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिठौलिया पुख्ता के मजरे भमरौलिया में 113 परिवार, वीरसहाय नगला में 107 परिवार और खागी नगला मजरे में 69 परिवार प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि सभी 289 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने का कार्य किया जा रहा है।

# घायल कछुआ को भेजा गया बरेली

**बदायूं, अमृत विचार :** बरेली रोड स्थित मलगांव रेलवे फाटक पर किसी गाड़ी की चपेट में आ जाने से घायल हुए कछुए को वन विभाग ने बरेली आईवीआरआई उपचार को भेजा है। वन्यजीव प्रेमी वीकेन्द्र शर्मा ने भी घायल कछुआ को त्वरित उपचार कराने की बात कही है।

सोमवार सुबह बरेली रोड स्थित मलगांव फाटक के निकट एक तालाब से कछुआ निकल कर बाहर आ गया। जो रोड पर किसी वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया। मामले की सूचना किसी ने पशु प्रेमी वीकेन्द्र शर्मा को दी। उन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन दरोगा अशोक कुमार और मथुरा प्रसाद कछुआ को लेकर बरेली आईवीआरआई पहुंच गए। आईवीआरआई में घायल कछुआ का उपचार शुरू किया गया।

रेंजर आकांक्षा गुप्ता ने बताया कि बरेली में घायल कछुए का उपचार शुरू कर दिया गया है। ठीक होने पर उसे यहां लाकर तालाब में छोड़ दिया जाएगा।

# वाहन खाई में घुसा राजमार्ग पर लगा जाम


डीसीएम खाई में घुसने पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

संवाददाता, वजीरगंज

● **ड्राइवर, सहयोगी तथा उसमें सवार लोग चोटिल**

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर आम की पेटियां लादकर मंडी जा रहा वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा घुसा। उसमें बैठे लोगों ने आम की पेटियां उतारकर राजमार्ग पर लगा दी जिससे राजमार्ग पर जाम लग गया।

सोमवार को बिसौली की ओर से आ रहे वाहन पर आम की पेटियां लदी थीं। उसका चालक नियंत्रण खो बैठा। थाना वजीरगंज क्षेत्र में राजमार्ग के किनारे नदवारी गांव के पास गहरी खाई में जा घुसा। हालांकि समय रहते चालक ने वाहन पर नियंत्रण पा लिया। वाहन में सवार क्लीनर व अन्य ने आम की पेटियों को वाहन से निकाल कर राजमार्ग पर रख दिया। वही पुलिस ने क्रेन से डीसीएम बाहर निकलवाया। तब तक राजमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग रही। पुलिस ने खासी मशक्कत कर राजमार्ग पर वाहनों संचालन दुरुस्त कराया।

# मंडी तिराहे की निर्माणाधीन पुलिया बनी मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जलभराव की समस्या दूर करने के लिए मंडी समिति तिराहे पर बन रही पुलिया का काम धीमी गति से चल रहा है। इससे वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है। उन्हें घंटों जाम में जूझना पड़ रहा है। सोमवार की दोपहर करीब एक किमी लंबा जाम लग गया। जिसमें छोटे बड़े के साथ स्कूली वाहन फंस गए। वाहनों को निकालने के लिए यातायात पुलिस को एक तरफ से रुट डायवर्ट करना पड़ा। इसके एक घंटे बाद जाम खुल सका। जितनी देर वाहन जाम में फंसे रहे उतनी देर उन्हें उमस भरी गर्मी से परेशानी झेलनी पड़ी।

पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मंडी समिति से उसावां तक करीब तीस किमी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। रोड निर्माण के साथ ही ककराला रोड पर मंडी समिति गेट पर पानी की निकासी को लेकर पुलिया भी बनाई जा रही है। पुलिया निर्माण का काम करीब बीस दिन से जारी है।

अभी तक मात्र बीस प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। पुलिया निर्माण का धीमी गति से हो रहा है। जिसकी वजह से ककराला और उसावां की ओर का आवागमन प्रभावित हो गया है। दोनों रोड की ओर से वाहन के आने से जाम की स्थिति बन जाती है। जिसकी वजह से वाहन चालकों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

सोमवार की दोपहर को भी यही स्थिति रही। ककराला और उसावां की ओर से वाहनों के तिराहे पर पहुंचने से जाम की स्थिति बन गई। स्थिति ऐसी हो गई कि एक किमी तक जाम लग गया। जाम की स्थिति बनते ही मौके पर मौजूद यातायात पुलिस द्वारा मोर्चा संभालते हुए शहर की ओर से आने वाले वाहनों को मझिया रोड की ओर मोडते हुए रुट डायवर्ट किया। इसके एक घंटे बाद जाम खुल सका। जितनी देर जाम लगा रहा। उतनी देर वाहनों चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।


मंडी समिति तिराहे पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

● **अवागमन बाधित, हर समय बनी रहती है जाम की स्थिति**

● **सोमवार दोपहर में एक किमी जाम में फंसे रहे छोटे बड़े वाहन**

● **रूट डायवर्ट करके दुरुस्त कराया वाहनों का आवागमन**

बारिश की वजह से पुलिया निर्माण काम तेजी नहीं पकड़ पा रहा है। ठेकेदार को जल्द से जल्द काम पूरा करने के लिए कहा गया है। जिससे वाहनों का आवागमन सुलभ हो सके।
**-मनीष कुमार सिंह**, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग

# जिले में होगी 54 तालाबों की खुदाई

**बदायूं, अमृत विचार:** भूमि संरक्षण विभाग जिले में 54 तालाबों की खुदाई कराएगा। इस संबंध में कार्य योजना तैयार करने को डीएम ने निर्देश दिए हैं।

कलक्ट्रेट सभागार में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक हुई जिसमें विभागीय अधिकारी ने डीएम के समक्ष तालाब खुदाई के प्रस्ताव रखे। भूमि संरक्षण अधिकारी ने वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2 के अंतर्गत मनरेगा कन्वर्जेंस से कार्य के लिए 201.41 लाख रुपए का प्रस्ताव रखा। इसमें बिसौली के 101.51 लाख रुपए व आसफपुर ब्लाक के 99.90 लाख के प्रस्ताव थे। साथ ही खेत तालाब योजना के 22.95 लाख रुपए के 17 प्रस्ताव रखे गये। बताया कि योजना में 54 तालाबों का लक्ष्य निर्धारित है जिसके सापेक्ष वित्तीय धनराशि 35.85 लख रुपए है।

# हरदोई में बदायूं के युवक की करंट लगने से मौत

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** हरदोई की मंडी में सब्जी बेचकर जीवनयापन कर रहे युवक पर सोते समय टेबिल फैन गिर गया। करंट लगने से उसकी मौत हो गई।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मोहम्मद नगर निवासी केंद्रपाल (35) पुत्र नत्थू सिंह लगभग आठ साल से हरदोई के कस्बा सदई बेटा में किराए पर कमरा लेकर रहते थे। वहीं की मंडी में सब्जी बेचकर जीवनयापन कर रहे थे जबकि उनकी पत्नी और बच्चे गांव में ही रहते हैं। सोमवार सुबह लगभग छह बजे केंद्रपाल के परिजनों के पास हरदोई से फोन आया कि केंद्रपाल रविवार रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो रहे थे। पास में ही चल रहा टेबिल फैन उनके ऊपर गिर गया जिससे करंट लगने से केंद्रपाल की मौत हो गई है।


मृतक केंद्रपाल।

### बाइक फिसलने से युवक घायल

**कछला :** मथुरा बरेली मुख्य मार्ग पर कछला पुल के नजदीक एक बाइक फिसलने से बाइक सवार घायल हो गया। उसे स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया है। जिला कासगंज के कस्बा सोरों गेट निवासी रामअवतार पुत्र रामसिंह सोमवार को सुबह बाइक से अपनी ससुराल बदायूं को जा रहा था। तभी कछला पुल के पास उसकी बाइक अचानक फिसल गयी जिससे रामौतार घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया है।

# अधिवक्ता की मौत मामले में चार्जशीट दाखिल

**बदायूं, अमृत विचार :** कार की टक्कर से अधिवक्ता की मौत हो गई थी। जांच में चालक का नाम राजेंद्र प्रकाश पता चला तो पुलिस ने कार चालक का नाम जोड़ा। चुनाव के दौरान मई में सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव दहेमी निवासी अधिवक्ता राकेश कुमार बाइक से वापस आ रहे थे। थाना मुजरिया क्षेत्र में गांव कौल्हाई स्थित पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। जांच में पता चला कि कार थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव लभारी निवासी राजेंद्र चला रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। थाना मुजरिया की थानाध्यक्ष आरती कौशिक ने बताया कार चुनाव प्रचार में लगी थी। जांच के बाद चालक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

# खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा गंगा का पानी

## उसहैत, उसावाँ में स्थिति अतिसंवेदनशील



उसहैत के अहमदनगर विछोरा गांव के पास गंगा का विकराल रूप। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● नरौरा बांध से सवा लाख क्यूसेक पानी छोड़ने से बढ़ गया जलस्तर

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर झमाझम हो रही बारिश से अब स्थिति गंभीर होने लगी है। पहाड़ों का पानी सीधे नरौरा बैराज में आ रहा है जिससे बैराज में पानी का दबाव बढ़ रहा है। सोमवार सुबह बैराज से एक लाख 28 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जिससे अब गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है।

पिछले एक सप्ताह से कई प्रदेशों में बारिश हो रही है। पहाड़ों पर बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तेज बारिश होने के कारण पानी हरिद्वार बैराज में ज्यादा इकट्ठा हो रहा है। वहां से बिजनौर कुंड में पानी छोड़ा गया है। उसके बाद नरौरा बैराज में पानी छोड़ दिया गया जिससे नरौरा बैराज में पानी का दबाव बढ़ गया है। पानी का दबाव बढ़ते ही सोमवार को नरौरा से एक लाख 28 हजार क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया है। यह पानी 16 घंटे बाद सहसवान की महावा नदी से होता हुआ सीधे कछला गंगा में पहुंचेगा। उसके बाद उसहैत के अटेना घाट पर पानी की धार दिखाई देगी। रविवार को भी पचास हजार क्यूसेक पानी नरौरा से छोड़ा गया था जिससे कछला गंगा में जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है।

सोमवार को छोड़े गए एक लाख 28 हजार क्यूसेक पानी के बाद कछला गंगा में जलस्तर काफी बढ़ जाएगा। रविवार को गंगा में आये पानी के बाद गंगा में 162, 68 सेंटीमीटर पानी पहुंच गया है। जो खतरे के निशान से काफी ऊपर है। गंगा में छोड़े जा रहे पानी के बाद सहसवान के महावा बांध अति संवेदनशील श्रेणी में आ गया है। उसकी निगरानी तेज कर दी गयी है। कछला क्षेत्र के ग्राम चंदनपुर हसैनपुर बांध संवेदनशील घोषित किया गया है।

> बाढ़ खंड ने सोमवार को उसहैत क्षेत्र में तटीय इलाकों में बसे गांवों के लोगों को सतर्क किया है। गंगा में आ रहे पानी के बारे में जानकारी दी गयी है। बांध पर सुरक्षा चौकी बनाई गई है। जिस पर हर समय बाढ़ खंड के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। असमिया रफतपुर और बेहटी गांव के लोगों को सावधान किया गया है। इन गांवों में बाढ़ का पानी सबसे तेजी से पहुंचता है इसलिए दर्जन भर गांव बाढ़ की जद में हैं। इन गांवों में पिछली साल भी बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी।
>
> –नेशपाल, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

### रामगंगा का जलस्तर 159 सेमी पहुंचा

रामगंगा नदी का जलस्तर 159,300 सेंटीमीटर तक पहुंच गया है। इसलिए अभी खतरे की आशंका नहीं है। इस नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। दातागंज इलाके में नदी का कुछ हिस्सा आता है इसलिए इधर निगरानी तेज कर दी गई है। हजरतपुर के तटीय गांवों में सावधानी बरतने को कहा गया है। लोगों को गंगा के किनारे न जाने की हिदायत दी गई है।

# दबतोरी पपगांव सड़क पर जलभराव से ग्रामीण परेशान

**दबतोरी, अमृत विचार :** दबतोरी– पपगांव मार्ग पर रेलवे केबिन पीछे सड़क पर पानी भरा हुआ है। इससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। छात्र छात्राएं जलभराव पार कर कालेज पहुंच रहीं हैं। पैदल चलने वाले लोग कीचड़ से निकल कर गन्तव्य तक पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

दबतोरी– पपगांव मार्ग पर करीब दो किमी तक बारिश का पानी भरा हुआ है। सड़क पूरी तरह से जर्जर है। जगह जगह गहरे गड्ढे हैं। इस सड़क से आदपुर, अहरौला, पंप गांव सहित आदि करीब आधा दर्जन गांवों के लोग हर दिन आते जाते हैं। इसी रोड से दबतोरी रेलवे स्टेशन को भी लोग आते जाते हैं बिसौली आने जाने वालों को यह मुख्य रोड है। दबतोरी में इंटर कॉलेज जाने वाली छात्राएं भी इसी सड़क से जाती हैं। इससे छात्राओं को परेशानी हो रही है। बाइक सवार फिसल कर गिर रहे हैं। सड़क पर एक पुलिया है उसका पाइप टूट गया गया जिससे गहरा गड्ढा हो गया है। इस गड्ढे में अक्सर बाइक सवार गिरते रहते हैं। ग्रामीणों ने टूटी पुलिया की मरम्मत कराने की मांग जिला प्रशासन से कई बार की मगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया जिससे अब बारिश में पुलिया लोगों को मुसीबत बनी हुई है। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराने की गुहार जनप्रतिनिधियों से की है साथ ही जिला प्रशासन से भी मांग की है कि सड़क पर पत्थर डाल कर आवागमन सुगम बनाया जाए।

खबरें पेज 9 पर...

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स–रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रुप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
आँवला IFFCO HOSPITAL मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े–फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
● 24 घंटे के अन्दर
● 14 दिन के बाद भी
● हथेली व तलुवे का भी पीला होना
● Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रेक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
स्त्री एवं प्रसूति रोग
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग ) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4–1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17–35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई–फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग–अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन–243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL
डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

**आज का मौसम**

आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

| 31° | 27° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

**जिले में आज**

- जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ऑपरेशन जागृति अभियान फेस-2 के तहत जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड सिढ़पुरा परिसर में खरीफ मेला सुबह 10 बजे से।
- मानव सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षित रखने के लिए शहर के हजारा नहर पर पौधा रोपण सुबह नौ बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

**एक नजर**

### कोतवाल ने बच्ची को परिजनों के सुपुर्द किया



**कासगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी अड्डा के रहने वाले प्रवेंद्र सिंह की 8 वर्षीय पुत्री काव्या रविवार की सुबह घर से नाराज होकर चली गयी। परिजनों ने कोतवाली पुलिस को बच्ची के गुम होने की तहरीर दी। पुलिस नेबच्ची को चामुंडा मंदिर से बरामद कर लिया और थाने ले गई ।इंस्पेक्टर रामवकील ने बताया कि बालिका घर वालों की डांट से नाराज होकर घर से चली आई थी। उसके मां बाप को थाने बुलाकर बच्ची को सुपुर्द कर दिया गया है।

### धोखाधड़ी के वांछित को किया गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि वांछित अंशुल निवासी लहरा सलेमपुर थाना दादों जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी फर्जी तरीक से विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने के नाम से लोगों से धोखाधड़ी करता था।

### पुलिस ने वारंटी को न्यायालय में किया पेश

**कासगंज।** पटियाली इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि वारंटी राजीव गुप्ता उर्फ गोले निवासी ग्राम अशोकपुर थाना पटियाली जनपद कासगंज को गिरफ्तार किया गया। यह वारंटी काफी दिनों से फरार चल रहा था । नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### बाइकों की भिड़ंत में एक युवक घायल

**कासगंज।** बाइक सवार रामखिलाड़ी निवासी फरीदनगर कोतवाली सोरों अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। सामने से आ रहे बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गए। उन्हें सहावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया है। जबकि दूसरा बाइक सवार घटना को अंजाम देकर फरार हो गया है।

### वांछित गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना ढोलना के इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने वांछित राजा उर्फ रिजवान निवासी मुहल्ला चौधरी थाना ढोलना को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी धारा 109 /120वी के मामले में वांछित था। जिसे पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।



गंगा के उफान से हालात बाढ़ के हो गए हैं। जियो बांध में गैप भरते मजदूर। ● अमृत विचार



गांव बरौना की आबादी तक पहुंचे पानी को देखते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# गंगा फैलाने लगी दायरा, बरौना बांध के जियो ट्यूब बहने से बिगड़े हालात

## गांव बरौना से टकराने लगा पानी, दहशत में डूबे ग्रामीणों को किया गया अलर्ट, सिंचाई विभाग ने शुरू किया बांध की मरम्मत का कार्य

कार्यालय संवाददाता, कासगंज/गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** भले ही गंगा अभी सामान्य बह रही है, लेकिन बढ़ता जलस्तर प्रशासन और ग्रामीणों की चिंता बढ़ाए जा रहा है। गांव बरौना के समीप बनाए गए बांध के छह जियो स्टंड कटान के चलते गंगा में समा गए। जिससे हालात बिगड़ गए और गंगा का पानी गांव बरौना की फसली भूमि से होता हुआ आबादी से जा टकराया। बस्तोली ब्रह्मपुरी में भी सैकड़ों बीघा फसल डूब गई। डीएम ने सिंचाई विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने एवं बाढ़ से संभावित गांवों में अलर्ट बनाए रखने के साथ साथ अधिकारियों को कैंप करने के निर्देश दिए है।

पहाड़ों पर हो रही अत्यधिक हो रही बारिश एवं बैराजों से छोड़े जा रहे पानी से जिले में गंगा नदी रौद्र रूप दिखाने लगी है। गंगा का जलस्तर प्रतिदिन बढ़ रहा है। सोमवार को गंगा के जलस्तर में 1.35 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई। वैसे तो गंगा अभी सामान्य पर बह रही है, लेकिन जिस तेजी के साथ गंगा में पानी का दबाव बढ़ रहा है हालात चिंताजनक होंगे। बीते चार दिनों में गंगा के जलस्तर के में 3.44 मीटर की वृद्धि हुई है। इतनी तेज वृद्धि पिछले डेढ़ दशक में भी रिकॉर्ड नहीं की गई। गंगा बढ़ते पानी ने पटियाली तहसील क्षेत्र में गांव बरौना के निकट रौद्र रूप दिखा दिया। बरौना के निकट बनाए गए बांध के छह जियो ट्यूब पानी के दबाव के चलते बह गए। गांव बस्तोली ब्रह्मपुरी में लगभग 70 बीघा भूमि में गंगा का पानी जा घुसा है। फसल जलमग्न हो गई है।

**2010 में धंस गया था ट्रैक, पानी में डूब गया था इंजन :** वर्ष 2010 में गंगा नदी में रिकॉर्ड तोड़ बाढ़ आई थी। उस समय चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा था। गंगा नदी के किनारे का गांव भस्मावली पानी में डूब कर पूरी तरह भस्म हो चुका था। उस समय मीटर गेज ट्रैक पर कासगंज से बरेली जा रही ट्रेन कछला रेल पुल से पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ट्रैक पानी में धंस गया और देखते ही देखते पानी में डूब गया, जिससे सहायक की मौत हो गई। ट्रेन चालक को बचा लिया गया। अभी तक पता नहीं चला कि आखिर ट्रेन का इंजन कहां गया।



पटियाली विकास खंड के गांव बस्तोली ब्रह्मपुरी में खेतों में भरा गंगा का पानी। ● अमृत विचार



गांव नगला दल में गंगा के बढ़ते पानी पर नजर बनाए ग्रामीण। ● अमृत विचार



पटियाली के बरौना बांध पर मचलती गंगा।

**बैराजों से पानी का डिस्चार्ज**

| | |
|---|---|
| ● हरिद्वार बैराज से | 40488 क्यूसेक |
| ● बिजनौर बैराज से | 51500 क्यूसेक |
| ● नरौरा बैराज से | 128716 क्यूसेक |
| ● कछला गंगा नदी पर गेज | 163 .25 मीटर |

सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने और अपने तैनाती स्थल पर प्रवास करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बाढ़ संभावित गांवों में सतर्कता बरतने और निरीक्षण करने को कहा गया है। किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।
**– मेधा रूपम**, डीएम

कटरी क्षेत्र के गांवों में तैनात लेखपालों को निगरानी रखने व बाढ़ से बचाव की तैयारियां करने को कहा गया है। जलस्तर बढ़ने से हुए कटान के कारण बरौना में बने पुराने बांध के स्टड संख्या 19 की बोरिया गंगा में समा गईं। बांध की मरम्मत का कार्य जारी है।
**–खूब सिंह**, एसडीओ सिंचाई विभाग

### बांध की मरम्मत का शुरू किया कार्य

● **सिंचाई विभाग ने शुरू किया बांध बनाने का कार्य**

पटियाली क्षेत्र के गांव बरौना के निकट करोड़ों की लागत से बनाए गए बांध के छह जियो ट्यूब पानी में बह गए थे। इससे हालात बिगड़े तो सिंचाई विभाग के हाथ पैर फूल गए। डीएम मेधा रूपम के निर्देश पर आनन फानन में सिंचाई विभाग ने बांध पर मरम्मत का कार्य शुरू किया है। सुबह से ही सिंचाई विभाग के कर्मचारी बालू से भरी बोरियों को लगाकर स्टड बनाने में लगे हैं। देर शाम तक यह कार्य जारी रहा है।

### एसडीएम ने किया गांवों का निरीक्षण



ग्रामीणों से बात करतीं एसडीएम कोमल पवार ।

सहावर क्षेत्र में एसडीएम कोमल पवार ने राजस्व कर्मियों के साथ तहसील क्षेत्र के बाढ़ संभावित गांवों न्यौली, चंदवा, हसनपुर, मनकापुर, बिकारो, कैली बढ़ापुर, मुज्जफरनगर में पहुंचकर निरीक्षण किया। बाढ़ से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने तहसीलदार संदीप चौधरी को निर्देश दिए कि लेखपालों को स्थाई से रूप से अपने तैनाती स्थल पर रात्रि प्रवास करने के लिए कहा जाए। गंगा की स्थिति पर नजर रखी जाए और तहसील मुख्यालय को रिपोर्ट की जाए। लेखपाल दीपक भारद्वाज, पंकज यादव, कुलदीप शर्मा मौजूद रहे।

### दो एक्सप्रेस सहित तीन ट्रेनें निरस्त, तीन शॉर्ट टर्मिनेट

**कासगंज, अमृत विचार :** पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते गंगा नदी एवं यमुना नदी में पानी का बहाव बढ़ जाने के कारण इज्जतनगर मंडल रेल प्रशासन द्वारा कासगंज की दो एक्सप्रेस सहित तीन रेल गाड़ियां सोमवार को निरस्त कर दीं। पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 05062 टकनपुर-मथुरा छावनी एवं 05061 मथुरा छावनी-टनकपुर, पैसेंजर गाड़ी संख्या 05336 कासगंज-काशीपुर को निरस्त किया गया है। रेलवे ट्रैक एवं रेलवे यार्डों में पानी भर जाने के कारण इज्जतनगर मंडल रेल प्रशासन द्वारा सोमवार को गाड़ी संख्या 05369 कासगंज-लालकुआं को किच्छा में शॉट टर्मिनेट किया गया। वहीं गाड़ी संख्या 05335 कासगंज-काशीपुर को गूलर भोज में शॉट टर्मिनेट किया गया है। गाड़ी संख्या 15062 लालकुआं-कासगंज को किच्छा से शॉर्ट ऑर्जिनेट किया गया है। यात्रियों को रेल प्रशासन द्वारा सड़क परिवहन से गंतव्य तक भेजा गया है। दो एक्सप्रेस सहित तीन गाड़ियों के निरस्त किए जाने एवं तीन गाड़ियों के शॉर्ट टर्मिनेट किए जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बरेली की ओर जाने वाले यात्रियों को निगम की बसों का सहारा लेना पड़ा। जिससे निगम की बसों में भी यात्रियों का दबाव बढ़ा। यात्री बसों के अलावा अन्य वाहनों से भी अपने गंतव्य की ओर गए हैं।

### सोरों के गांव नगला दल में खेतों की ओर बढ़ा पानी

विकास खंड सोरों के गांव नगला दल में भी गंगा का पानी खेतों की ओर बढ़ने के लिए उताबला दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों की मानें तो कृषि भूमि से लगभग 10-15 मीटर दूर है। यदि पानी इसी गति से बढ़ा तो संभवत: देर रात तक नगला दल की कृषि भूमि में भी पानी बढ़ सकता है। बढ़ते गंगा के जलस्तर ने नगला दल ही नहीं अन्य गांवों के ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीण स्वयं गंगा के बढ़ते जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं। रात में जाग रहे हैं।

### बीते वर्ष बरौना में बिगड़े थे हालात, आए थे सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते वर्ष गंगा में बाढ़ आने के बाद गांव बरौना का निरीक्षण किया था। उन्होंने जहां एक ओर गंगा से क्षति होने वाले किसानों को मुआवजा दिलाया, वहीं कटान रोकने के लिए जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने गांव में कटान न हो इसके लिए बेहतर बांध और स्टड बनाने के निर्देश दिए थे, लेकिन बाढ़ पर नियंत्रण के लिए अभी बेहतर इंतजाम नहीं है। गांव बरौना की आबादी तक पानी टकराने लगा है।

# बाइक की डिग्गी से उड़ाए 80 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में सराफा की दुकान पर आए बाइक सवार की डिग्गी में रखा रुपयों से भरा बैग चोर ले गए। पुलिस सीसीटीवी कैमरा के फुटेज के आधार चोर का पता लगाने में जुटी हुई है।

गांव नमैनी निवासी देवेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने बैंक से 80 हजार रुपए निकाले थे। वह रुपए बैग में रखकर बाइक की डिग्गी में रख दिए। बाद में वह दीपक सराफ की दुकान पर पहुंच कर बाइक खड़ी कर दी और हिसाब छंटवाने लगे। हिसाब करवाने के बाद रुपए निकालने पहुंचे तो बाइक की डिग्गी से रुपयों से भरा बैग गायब था।

उन्होंने इस मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज को चेक किया। फुटेज के आधार पर चोर का पता लगाने में जुटी हुई है।



दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक करती पुलिस।

### गंजडुंडवारा पुलिस को सौंपे दो पशु चोर

**कासगंज, अमृत विचार :** मुहल्ला कादरगंज निवासी रामदुलारे की भैंस चोरों ने खोल ली। लोगों ने चोरों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोपियों ने अपना नाम अरमान, फईम निवासी मुहल्ला इमामबक्श गंजडुंडवारा बताया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# सड़क पर उतरे शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

- एडीएम को सौंपा ज्ञापन, ऑनलाइन हाजिरी का विरोध
- बोले, मोबाइल नेटवर्क और हैंग होने की समस्या बन रही बाधा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग ने सोमवार से शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति को ऑनलाइन कर दिया है जिससे शिक्षको में खासा आक्रोश है। उन्होंने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर कलेक्ट्रेट कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और डिजीटल उपस्थिति को वापस लिए जाने की मांग उठाई।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष अमित यादव के नेतृत्व में जिले भर के शिक्षक, शिक्षकाएं कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति का प्रदर्शन कर विरोध जताया। प्रदर्शनकारी अमित यादव ने बताया जिले में काफी विद्यालय ऐसे हैं, जहां बाइक तो दूर पैदल भी निकलना दूभर है। ऐसे गांव में किसी भी कंपनी के मोबाइल का नेटवर्क नहीं आता। मोबाइल हैंग की समस्या बनी रहती है। यहां ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकती।फोटो खींचकर अपलोड नहीं किया जा सकता। शिक्षको के आगे ये बड़ी समस्या है। उपस्थिति बिल्कुल अव्यावहारिक हैं। इस आदेश को तुरंत वापस करना चाहिए।शिक्षक, शिक्षकाओ ने अपनी इस समस्या का दर्द सोशल मीडिया पर बयां किया है।मांग करने वालों में सत्यनारायण, सचिन पुंढीर, आकांक्षा पुंढीर, अरुण प्रताप सिंह, अमित द्विवेदी, नरेंद्र राव आदित्य, राकेश कुमार, विकास राजपूत, नरेश पाली, रतन प्रकाश, सुलह सिंह सहित समस्त संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।




डिजिटाइजेशन को लेकर कलेक्ट्रेट में विरोध-प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**मुश्किल राह** — कीचड़ और जलभराव से बचकर निकलना हो गया मुश्किल, फिसल कर गिर रहे लोग

# अमांपुर-एटा रोड के गड्ढों ने बरसात में बढ़ा दी मुसीबत

अमांपुर, संवाददाता

**अमृत विचार:** कस्बा अमांपुर से एटा रोड सात किलोमीटर तक गड्ढे और दलदल में तब्दील हो गया है। दोपहिया छोड़िए पैदल निकलना दूभर हो गया है। जगह-जगह गहरे गड्ढों में बारिश के कारण जलभराव हो गया है। लोगों को मार्ग से गुजरने में खासी परेशानी हो रही है। लोक निर्माण विभाग का इस ओर ध्यान नहीं है, जबकि लोग दिक्कतों का सामना कर रहे हैं।

अमांपुर से एटा मार्ग कई गांव के संपर्क मार्गो को जुड़ता है। इस मार्ग से जाटऊ, इसेपुर, अल्लीपुर, अभयपुरा, मझौला, फाकौता, नादरमई, शेरपुर, कोल्ड स्टोर, एस एन पब्लिक स्कूल, वेदराम सिंह इंटर कॉलेज, पेट्रोल पंप तक लोगों का आना जाना होता है। दस वर्ष पूर्व बनी सड़क पर जगह-जगह गहरे गहरे गड्ढे हो गए है। मार्ग उखड़ा होने के कारण बरसात का पानी सड़क पर बह रहा है।

इस जर्जर मार्ग पर गड्ढों में जलभराव और कीचड होने से लोग फिसल कर गिर रहे है। राहगीरों और स्कूल जाने वाले बच्चों को यहां से गुजरने में खासी परेशानी होती है। गड्ढों में बरसात का पानी भरे होने के कारण उन्हें इसकी गहराई का पता नहीं लग पाता और दो पहिया वाहन चालक इनमें फंसकर गिर जाते है और चोटिल होते हैं।



इस मार्ग को 10 वर्ष पूर्व बनवाया गया है। मरम्मत न होने के कारण मार्ग बदहाल हो रहा है। मरम्मत कराए जाने की जरूरत है। लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है।
**– वीरपाल यादव**, अमांपुर



इस मार्ग के जर्जर होने से गुजरना मुश्किल होता है। बारिश में परेशानी और बढ़ जाती है। रिक्शा एवं टेंपो गड्ढों के कारण पलट जाते हैं।
**–पुष्पेंद्र वर्मा** अल्लीपुर



अमांपुर-एटा मार्ग पर गड्ढों में भरा बरसात का पानी। ● अमृत विचार

### संचारी रोगों से बचाव के लिए रहें सतर्क, करें जरूरी उपाय

**अमांपुर, अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अमांपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। लोगों को संचारी रोग से बचाव के उपाय बताए गए। रोगों की रोकथाम के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक से उपचार कराने एवं दवा लेने की सलाह दी गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप राजपूत ने कहा कि प्रदूषित जल, भोजन वायु के माध्यम से रोगग्रस्त व्यक्ति से स्वस्थ व्यक्ति तक संचारी रोगों का संचरण होता है। संचारी रोग हैजा, खसरा, चिकन पॉक्स, हेपटाइटिस ए, बी, सी है। प्रत्येक साल बारिश के महीनों में संचारी रोगों का प्रकोप होता है। उससे बचाव के लिए सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। संचारी रोगों से बचाव के लिए दिन में फुल आस्तीन के कपड़े पहनें और घरों के आसपास जलभराव न होने दें। छतों के ऊपर टूटे-फूटे बर्तन, टायर, कबाड़ा आदि चेक करते रहें, कहीं पानी जमा न होने पाए। कूलर और फ्रिज का पानी भी बदलते रहे। बड़े बुजुर्गों व बच्चों को मच्छरदानी में लिटाएं और बुखार आने पर किसी झोलाछाप को न दिखाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज लें। फिजिशियन डा. गौरव तोमर ने कहा कि लोग पानी उबाल कर पिएं, कटी हुई सब्जी व फल का सेवन न करें। नाखून नियमित तौर पर काटें तथा रोगग्रस्त व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें। डा. शेर सिंह, डा. संजय यादव, बृजेश यादव, संतोष कुमार, जुगेन्द्र पाल सिंह, दिलीप गुप्ता, ग्रीश चन्द्र मौजूद रहे।

# आपदा प्रभावितों को समय से मिले सहायता

## विधान परिषद के सभापति ने की आपदा प्रबंधन की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



अलीगढ़ में समीक्षा बैठक में सीओ सहावर शाहिदा नसरीन से जानकारी लेते सभापति उमेश द्विवेदी ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विधान परिषद के सभापति ने सोमवार को अलीगढ़ में अधिकारियों के साथ बैठक कर आपदा प्रबंधन की समीक्षा की। दैवीय आपदाओं से पीड़ित लोगों को समय से मुआवजा राशि देने और हर संभव मदद के निर्देश दिए। उन्होंने सर्पदंश से होने वाली मृत्यु पर दिए जाने वाले मुआवजे को लेकर प्रचार प्रसार पर जोर दिया।

समीक्षा बैठक में डीएम मेधा रूपम ने कासगंज में किए जा रहे बाढ़ बचाव कार्यों के बारे में जानकारी दी। बताया कि विभिन्न आपदाओं से प्रभावित लोगों को संबंधित तहसील के अधिकारियों द्वारा जांच कर मानक के अनुसार मृतकों के आश्रितों, प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल राहत सहायता प्रदान की जाती है। सभापति ने कहा कि सर्पदंश से हुई मृत्यु की सूचना तत्काल पुलिस को

● **सर्पदंश से होने वाली मृत्यु पर मुआवजे को लेकर प्रचार-प्रसार करने को कहा**

उपलब्ध कराएं तथा पुलिस द्वारा पंचनामा जरूर कराया जाए। ऐसे प्रभावित परिवारों को सरकार द्वारा चार लाख रुपये की सहायता राशि दी जा सके। उन्होंने कहा कि इसके प्रचार प्रसार के लिए चिकित्सालयों पर बोर्ड लगवाए जांए। उन्होंने संचारी रोगों से बचाव तथा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। कहा कि कृषि विभाग जागरूकता अभियान चलाकर अच्छा फसल उत्पादन प्राप्त करने तथा कीटों आदि से बचाव के लिए किसानों को जागरूक करे। बिजली गिरने अथवा कर्मचारी के साथ विद्युत दुर्घटना होने पर तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि गड्ढों को अभियान चलाकर दुरुस्त कराया जाए।

सीएमओ डा. राजीव कुमार अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक पीके मौर्य, जिला कृषि अधिकारी डा. अवधेश मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पीएम मातृ शक्ति योजना की जिम्मेदारी संभालेंगी आंगनबाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● **पहली और दूसरी बार गर्भवती होने पर मिलते हैं पांच हजार रुपए**

● **आज आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया जाएगा ऑनलाइन प्रशिक्षण**



पीएम मातृ शक्ति योजना की जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जतातीं आंगनबाड़ी।

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री मातृ शक्ति योजना की कमान स्वास्थ्य विभाग के हाथों में थी।अब आंगनबाड़ी कार्यकत्री कमान संभालेंगी। मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा।पीएम मातृ शक्ति योजना से पहली और दूसरी बार गर्भवती होने वाली महिलाओं को खान पान के लिए पांच हजार रुपये दिए जाते हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रधानमंत्री मातृ शक्ति योजना की कमान संभालेंगी। मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को इसका ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद आंगनबाड़ी अपने अपने क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को चिंहित कर रिपोर्ट बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय को सौपेंगी। यहां से डीपीओ रिपोर्ट तैयार कर लखनऊ भेजेंगी। वहां से गर्भवती महिलाओं के लिए पैसा स्वीकृत होकर आ जाएगा।

> हम लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मंगलवार को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा।यह नई जिम्मेदारी विभाग को मिली है।इसे बखूबी निभाया जाएगा।
> **-सुशीला यादव**, डीपीओ कासगंज।

# उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के लाइसेंस को करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● **कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई एफपीओ की समीक्षा बैठक**

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में एफपीओ की समीक्षा बैठक में सीडीओ सचिन कुमार ने कहा कि उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी रसयानों के लाइसेंस तथा मंडी के लाइसेंस बनवाने के लिए नियमानुसार आवेदन करें। किसान दुग्ध उत्पादन, सब्जी, फूल व फल उत्पाद को बढावा दें, ताकि अधिक पैदावारी हो सके।

जिला उद्योग केंद्र प्रबंधक ने बताया कि समस्त एफपीओ कार्यालय में आकर विभिन्न उद्योग संबंधी जानकारी व प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि एफपीओ के माध्यम से विभिन्न उत्पादों का गुणवत्तायुक्त उत्पादन, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकिंग, मार्केटिंग आदि कर आय दोगुनी कर सकते हैं। मछली उत्पादन पर भी फोकस करना चाहिए। कार्यकारी अधिकारी मत्स्य ने विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# शिक्षा के साथ साथ बच्चों को दें अच्छे संस्कार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● **डीएम मेधा रूपम ने परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण**



विकास खंड भामो के प्राथमिक विद्यालय में छात्रा से सवाल पूछतीं डीएम मेधा रूपम।

**अमृत विचार :** डीएम ने सोमवार को परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही विकास खंड बार अधिकारियों की टीमें गठित कर निरीक्षण को भेजी। टीमों से आख्या प्राप्त की है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालयों की व्यवस्था को बेहतर बनाने, नौनिहालों को शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार देकर संस्कारवान बनाने को कहा।

डीएम मेधा रूपम ने सुबह लगभग 8:30 बजे तहसील कासगंज क्षेत्र की प्राथमिक पाठशाला ग्राम भामो, व उच्चतर प्राथमिक पाठशाला वाहिदपुरमाफी में निरीक्षण किया। छात्र-छात्राओं से बातचीत की और उनसे पाठ्य पुस्तक पढ़वा कर सवाल भी पूछे। डीएम ने विद्यालयों के रसोई घर व शौचालयों व साफ सफाई का गहन निरीक्षण किया। मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निर्देश देते हुए प्रयुक्त सामग्री और मसालों के संबंध में पूछताछ की। डीएम ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। इनकी शिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। विद्यालय परिसर में बच्चों के पठन पाठन के लिए अच्छा माहौल बनाकर साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। बच्चों को अच्छे संस्कार भी दिये जायें। विद्यालयों में बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति बनाए रखी जाए। डीएम ने मध्यान्ह भोजन रजिस्टर, शिक्षकों व बच्चों के उपस्थिति रजिस्टरों को भी चेक किया और निर्देश दिए कि बिना अनुमति के गैर हाजिर शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

इससे पूर्व डीएम द्वारा आदेश जारी कर परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता परखने एवं बच्चों व शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति व विद्यालयों की स्थिति चेक करने के लिये अधिकारियों के माध्यम से सोमवार को सुबह 8 बजे जनपद कासगंज के सभी विकास खंडों के विद्यालयों का औचक निरीक्षण कराकर आख्या प्राप्त की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि बच्चों की शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाना अनिवार्य है। इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए।

# गैंगस्टर के आरोपी ने थाने में किया आत्मसमर्पण

**कासगंज, अमृत विचार:** एनकाउंटर के डर से गैंगस्टर के आरोपी ने सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी ने पुलिस के समक्ष भविष्य में अपराधिक क्रिया कलापो से बचने के लिए वचन लिया।



आरोपी अरविंद।

पटियाली के गांव परतापुर का गैंगस्टर अरविंद यादव ने खुद को बीमार बताकर एम्बुलेंस में थाने पहुंचा। एम्बुलेंस देख पुलिस कर्मी चकित रह गए। उसने पुलिस के सामने वचन लिया कि कभी भी अपराधिक कार्य नहीं करेगा। सिढपुरा के इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि वांछित आरोपी अरविंद ने आत्मसमर्पण किया है।

# कंपोजिट विद्यालय में एसडीएम को अनुपस्थित मिले शिक्षक, शिक्षामित्र

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



पटियाली के गांव नगढुरू के कंपोजिट विद्यालय में छात्रा से जानकारी लेते एसडीएम कुलदीप सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पटियाली के एसडीएम ने गांव नगढुरू के कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। छह शिक्षकों के सापेक्ष मात्र दो शिक्षक उपस्थित मिले। विद्यालय में मिली अव्यवस्था पर एसडीएम ने नाराजगी जताई है। अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति की है।

सोमवार सुबह एसडीएम कुलदीप सिंह पटियाली विकास खंड के गांव नकढुरु के कंपोजिट विद्यालय पहुंचे। छह शिक्षकों के सापेक्ष मात्र दो ही शिक्षक उपस्थित थे। प्रधानध्यापक को छुट्टी पर जाना बताया गया। सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार यादव, गौरव कुमार, शिक्षामित्र विनोद कुमार अनुपस्थित थे। शिक्षक सचिन शर्मा और विवेक

● **एसडीएम ने नकढुरू के कंपोजिट विद्यालय का किया औचक निरीक्षण**

कुमार अध्ययन कार्य करा रहे थे। बताया गया कि अनुपस्थित शिक्षक अधिकांशतः आते ही नहीं है। आते हैं तो उपस्थितिपंजिका में हस्ताक्षर कर चले जाते हैं। विद्यालय में 124 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें मात्र 60 विद्यार्थी कक्षाओं में उपस्थित पाए गए। एसडीएम ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि छात्रों की उपस्थिति बढ़ाई जाए। अभिभावकों से संपर्क करें। एसडीएम ने अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति डीएम से की है।

## साली की शादी में जा रहे युवक को जहरखुरानों ने लूटा

**एटा, अमृत विचार :** दिल्ली का निवासी संजू पुत्र दर्शन सिंह साली की शादी में शामिल होने रविवार की रात 9 :30 बजे दिल्ली से रोडवेज बस में सवार होकर आ रहा था। उसकी सीट पर बैठे जहरखुरानों ने उसको नशीले पदार्थ का सेवन करा कर बेहोश कर दिया। उसके पास से 25 हजार रुपए, नए कपड़ों से भरा एक बैग और 20 हजार रुपए का मोबाइल लूट लिया। उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। रिश्तेदारों को चिंता हुई, तलाश करते हुए वह मेडिकल कालेज पहुंचे तो वहां पर संजू बेहोशी हालत में मिला।

# डांसर के साथ डांस करने पर बरातियों व ग्रामीणों में चले लाठी-डंडे

● **दूल्हे के पिता समेत दोनों पक्षों के सात लोग घायल, बदायूं से आई थी बरात**

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बदायूं जिले के दातागंज थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर छेमराम निवासी सुखपाल के पुत्र मुलायम सिंह की बरात रविवार रात कटरा थाना क्षेत्र के गांव खंडसार आई थी। बरात में बैड बाजा के साथ महिला डांसर को भी बुलाया गया था। रात साढ़े दस बजे महिला डांसर का प्रोग्राम चल रहा था। तभी खंडसार गांव का युवक सुनील महिला डांसर के साथ नाचने लगा। इस पर दूल्हे के भाई राजीव कुमार ने उससे नाचने को मना किया। इसको लेकर बरातियों व गांव वालों में कहासुनी हो गयी। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इससे बरात में अफरा-तफरी मच गई। इसमें एक पक्ष से दूल्हा का भाई राजीव कुमार व रामचरन, पिता सुखपाल, बराती चेतराम व हाकिम घायल हो गए। दूसरे पक्ष से वहीं का सुनील कुमार व राजू घायल हुए। सूचना पर कटरा पुलिस देर रात गांव पहुंची और घायलों को सीएचसी ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया। दूल्हा के पिता सुखपाल का आरोप है कि किसी ने ढाई लाख रुपये से भरा बैग छीन लिया है। इसके बाद किसी तरह विवाह की रस्में पूरी की गईं। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि जांच में अभी तक बैग छीनने की बात गलत है। उन्होंने बताया कि किसी पक्ष की तरफ से तहरीर नहीं आई है।

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475

9411221895

7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.Sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी

गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली

भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली

Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी

क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायं 7:00 से 8:00 बजे तक

रविवार

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायंकाल अवकाश

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## एक नजर

### करंट से युवक की मौत

**एटा।** कोतवाली देहात के एक युवक की करंट से मौत हो गई। क्षेत्र के गांव असरौली निवासी हीरालाल (45) पुत्र सियाराम सिंह दो जुलाई को करंट से झुलस गया था। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर करा दिया। रविवार की देर रात उसकी मौत हो गई।

### सड़ी-गली लाश मिली

**जलेसर।** कोतवाली जलेसर एवं कोतवाली सकरौली के बॉर्डर के गांव पुन्हैरा बंबा पर देर शाम एक महिला की सड़ी, गली लाश बरामद हुई। महिला के शव की जानकारी मिलते ही जलेसर एवं सकरौली पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल की और इसका अभियोग दर्ज करने संबंधी चर्चा 3 घंटे तक चलती रही। रात्रि 11 बजे के उपरांत कोतवाली जलेसर द्वारा मामले को दर्ज कर शव को मोर्चरी एटा भिजवाया गया।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती से फंसी युवती

**आगरा।** इंस्टाग्राम पर दोस्ती और उसके बाद शादी भी हो गई। परिवार परामर्श केंद्र में नाई की मंडी की युवती ने बताया कि उसकी बीते वर्ष इंस्टाग्राम पर मुंबई के युवक से दोस्ती हो गई थी। उसने खुद को बड़ी कंपनी में अच्छे पैकेज पर होने की जानकारी दी तो परिजन शादी को राजी हो गए। वह ससुराल के बाद मायके आई तो युवक उसे लेने ही नहीं आया। पता चला कि वह लोग किराए पर रहते थे। अब वह कहां चले गए जानकारी नहीं हो पाई है।

# ऑनलाइन उपस्थित का विरोध, शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

## कैशलेस चिकित्सा ,आकस्मिक अवकाश समेत अन्य मांगों का ज्ञापन दिया, जल्द समाधान की अपील

संवाददाता, एटा

- आपदा की स्थिति में न आ सकने पर अवकाश सीएल से समायोजित किया जाए
- शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति 30 ईएल प्रदान किया जाये

**अमृत विचार:** शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक संघ के सभी संगठन एक मंच पर आ गए हैं। जोरदार प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।आदेश को वापस कराने की मांग की।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर एटा के सैकड़ों शिक्षक सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हुए और शिक्षकों पर जबरदस्ती थोपी जा रही ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

इससे पहले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लोकपाल सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालय सुदूर क्षेत्रों में हैं और वहां आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में अध्यापकों की जायज मांगों को पूरा किए बिना ऑनलाइन व्यवस्था का बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को भी अन्य कर्मचारियों की भांति 30 ईएल कैशलेस चिकित्सा, आकस्मिक अवकाश में हाफ-डे लीव का विकल्प अन्य विभागों की भांति प्रदान किया जाये। किसी आकस्मिक घटना अथवा आपदा की स्थिति में शिक्षकों के निर्धारित समय के 30 मिनट बाद तक पांच कार्य दिवस में पहुंचने अथवा माह में अधिकतम 2.30 घन्टे तक विलम्ब होने पर उसे अनुपस्थित न माना जाए। अपितु एक आकस्मिक अवकाश सम्बन्धित शिक्षक के सीएल से समायोजित कर लिया जाये।

कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति 30 ईएल प्रदान किया जायें। प्राकृतिक आपदा स्थानीय स्तर पर मौसम की प्रतिकूलता तथा जनपद स्तरीय विभागीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता की स्थिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ऑनलाइन उपस्थिति में शिथिलता प्रदान करने विकल्प प्रदान किया जाये। उन्होंने कहा कि पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन सर्वर की उपलब्धता के अधीन है। एक ही समय में अधिक लोड से सर्वर क्रैश होने पर वैकल्पिक व्यवस्था का स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किया जाए। इसके बाद कलेक्ट्रेट में उपस्थिति प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।



ऑनलाइन उपस्थित के विरोध में कलेक्ट्रेट पर बड़ी संख्या में जुटे शिक्षक। ● अमृत विचार

वीरपाल सिंह, प्रवीन कुमार, ओमवीर सिंह राजपूत, शशि कांत शर्मा, ओमेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञानेन्द्र पाल सिंह यादव, ललित कुमार, रवि सिंह, विकास यादव, राजीव कुमार, कमल किशोर शर्मा, शैल कुमार, मुकेश राजपूत, मनोज यादव, ज्ञानेन्द्र पाल सिंह, मदन कुमार, आरजू पाण्डेय, ओमशरण यादव, विवेक कुमार यादव, अजय कुमार, अरविन्द्र कुमार, राजेश, रणधीर सिंह, सरोज, प्रदीप गौतम, अतीत राना, अरविन्द्र कुमार, हिरदेश, मासूम, अखिलेश कुमार, श्रीकांत यादव, विक्रम सिंह, उपेन्द्र आदि काफी संख्या मे शिक्षक उपस्थित रहे।



मांगों को लेकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार

# बिना फायर एनओसी के चल रहे विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** स्कूलों में आग की घटनाओं से बचने के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं है। सबसे ज्यादा सरकारी स्कूल शामिल हैं। कुछ स्कूलों में दमकल यंत्र लगे हुए हैं। जिले में सरकारी से लेकर निजी विद्यालयों में आग से सुरक्षा को लेकर बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। जिले में कक्षा एक से लेकर 12वीं तक 273 सरकारी और निजी विद्यालय संचालित हो रहे है, जबकि 1263 प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें बिना फायर एनओसी लिए ही पढ़ाई हो रही है। काफी स्कूलों ने शपथ पत्र में उल्लिखित उपकरण भी विद्यालयों में नहीं लगे हैं। जिन विद्यालयों में लगे हैं उनकी स्थिति भी ठीक नहीं है।



फायर ब्रिगेड कार्यालय में खडे वाहन।

जिले में सीबीएसई बोर्ड के दो-चार कॉलेज हैं, उनमें जरूर अग्निशमन के उपकरण हैं।अन्य किसी भी स्कूल के पास फायर एनओसी नहीं है। बिना सुरक्षा इंतजामों के स्कूलों का संचालन हो रहा है। शिक्षा विभाग को इसकी जानकारी दे दी गई है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।
**-आरके तिवारी**, अग्निशमन अधिकारी।

बिना अग्निशमन विभाग की एनओसी के मान्यता नहीं दी जा सकती है। विद्यालयों में अग्निशमन यंत्र हैं, या नहीं है। उनका रिन्यूअल हुआ है या नहीं इस मामले की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। जिन संचालकों ने रिन्यूअल नहीं कराया और न ही उपकरण लगे हैं, उनके लिए लगाने के आदेश दिए जा रहे हैं।
**-पीके मौर्य**, डीआईओएस।

### मॉक ड्रिल की हो रही औपचारिकताएं

जिले में समय-समय पर फायर विभाग की ओर से स्कूल में आपदा से निपटने के गुर विद्यार्थियों को प्रदान किए जा रहे हैं। जिसमें विद्यार्थियों को आगजनी जैसी घटनाओं के दौरान अपनी और दूसरों की सुरक्षा को लेकर भी जानकारी प्रदान की जाती है। कई स्कूलों में आग से निपटने के उपकरण न होने के कारण दमकल विभाग की ओर से अपने उपकरण लाकर सिखाया जाता है।

# डीएम कार्यालय पर आत्मदाह करने पहुंचा पीड़ित परिवार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- तीन युवकों पर किशोर को बंधक बनाकर अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप
- सदर कोतवाली पुलिस पर तहरीर के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप

**अमृत विचार:** आम तोड़ने के बहाने बंधक बनाकर अप्राकृतिक मैथुन करने की तहरीर के बावजूद पुलिस के कार्रवाई न करने पर पीड़ित परिवार आत्मदाह करने डीएम दफ्तर पहुंच गया। पुलिस ने आश्वासन देकर शांत किया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने बताया है कि चार जुलाई को दोपहर दो बजे गांव के तीन युवक उसके 11 वर्षीय पुत्र को आम तोड़ने के बहाने बुलाकर ले गए। आरोप है कि उन्होंने हाथ पैर बांधकर अप्राकृतिक संबंध बनाए। परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी, लेकिन तीन दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित परिवार सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचा और मिट्टी का तेल छिड़क लिया। वहां मौजूद पुलिस ने समझाकर शांत किया और डीएम को अवगत कराया। डीएम के आदेश पर कासगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर रामवकील ने बताया कि मामले में तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# स्कूलों के ताले तोड़कर चुराया हजारों का सामान

**एटा, अमृत विचार :** राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पहरा स्थित दो स्कूलों के ताले तोड़कर रविवार रात चोर हजारों का सामान चुरा ले गए। दोनों स्कूल के प्रधानाध्यापकों ने थाने में तहरीर दी हैं।

प्राथमिक विद्यालय पहरा के प्रधानाध्यापक रजनीश कुमार ने तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार सुबह वह पहुंचे तो विद्यालय के एक कमरे का ताला टूटा मिला। इसमें रखा गैस सिलेंडर चोरी कर लिया गया। वही उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार दुबे ने तहरीर देते हुए बताया कि विद्यालय के 4 कमरों के ताले तोड़ कर एक सिलेंडर 6 गेहूं की बोरी चोर चुरा ले गए।



बारूद के गोदाम में विस्फोट के बाद निकलता धुआं। ● अमृत विचार

# बारूद से भरे गोदाम में विस्फोट

संवाददाता,अलीगंज

**अमृत विचार:** बारूद से भरे गोदाम में विस्फोट हो गया। करीब एक किमी तक फैली आवाज से क्षेत्र में दहशत फैल गई। दीवार और छत उड़ गई।

अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के अलीगंज-अमरौली रोड स्थित बारूद से भरे गोदाम में सोमवार को विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद कमरे की दीवार और छत के टुकड़े हो गए। धमाके की आवाज करीब एक किमी दूर तक गई। आवाज सुन लोग घरों से बाहर निकल आए। गांव व आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। बताते चलें कि दो दिन पहले भी बारूद की एक गोदाम में विस्फोट हो चुका है। इसके बाद भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया। आज फिर दूसरे गोदाम में धमाका हो गया।

# प्रेमिका से मिलने आगरा गए सकीट के युवक की हत्या कर शव नाले में फेंका

संवाददाता,एटा

- एक महीने बाद आगरा में नाले में मिला कंकाल
- सकीट की युवती की शादी आगरा में हुई थी

**अमृत विचार:** सकीट से आगरा के ताजगंज क्षेत्र के गांव अकबरपुर में प्रेमिका से मिलने गए युवक की हत्या कर दी गई। प्रेमिका के पति ने मित्रों के साथ मिलकर हत्या कर शव गांव के बाहर नाले में फेंक दिया था। करीब एक महीने बाद उसका शव मिला। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना व कस्बा सकीट के मोहल्ला खरा निवासी दिलीप कुमार (30) पुत्र कामता प्रसाद 5 जून को लापता हो गया था। मां नीरज देवी ने 8 जून को सकीट थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। स्वजन और पुलिस दिलीप की तलाश में जुटे थे। पुलिस को दिलीप के मोबाइल की आखिरी लोकेशन आगरा के ताजगंज में मिली। पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि दिलीप के सकीट की रहने वाली युवती से प्रेम संबंध थे। वह उससे मिलने उसकी ससुराल ताजगंज गया था। इसके बाद रविवार की रात सकीट पुलिस आगरा के ताजगंज क्षेत्र के गांव अकबरपुर पहुंची। उसने प्रेमिका के पति गोविंदा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। गोविंदा ने बताया कि दिलीप उसकी पत्नी से फोन पर बातचीत करता था। पांच जून को वह पत्नी से मिलने ताजगंज आया था। पांच जून को दिलीप की हत्या कर शव अकबरपुर में बिजलीघर के पास नाले में फेंक दिया था। गोविंदा की निशानदेही पर पुलिस ने युवक का कंकाल बरामद किया।

मृतक के परिजनों ने बताया गया कि मोहल्ला की युवती से दिलीप प्यार करता था। युवती की शादी आगरा के अकबरपुर गांव में हो गई। शादी के बाद भी दोनों की बातचीत जारी रही। परिजनों का आरोप है कियुवती के पति गोविंदा ने दबाब बनाकर दिलीप को आगरा बुला लिया, इन लोगों द्वारा एकराय होकर दिलीप की सिर काटकर हत्या कर दी। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत रोपे दो पौधे

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार:** केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अशोक एवं पाखर के पौधे लगाए। केंद्रीय मंत्री ने वानिकी विभाग गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं से भी वार्ता की। आगरा -जलेसर-बरेली मार्ग के निर्माण में तेजी लाने का आग्रह किया तो उनका कहना था कि राजमार्ग हर हाल में बनेगा लेकिन पर्यावरण को लेकर कुछ बधाएं आ रही हैं जिनका निवारण कराया जा रहा है।

गांव मानमई में दो एवं गांव मोहनपुर में एक मृतक के घरों पर शोक संवेदना व्यक्त करने गए वही गांव सिमराऊ में एक निजी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। तहसीलदार राकेश कुमार, वन विभाग के रेंजर अपूर्व श्रीवास्तव, भाजपा नेता रमेश पाल सिंह, रानू, जितेंद्र पाल सिंह दिवाकर, अशोक शर्मा, शैलेश गौतम, गजेंद्र धनगर, बनवारी लाल, राहुल प्रताप, सुधांशु भारद्वाज सहित दर्जनो भाजपा नेता मौजूद थे।



वन विभाग के अतिथि गृह में वृक्षारोपण करते केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल।

# रोजगार मेले का आयोजन 15 को

**एटा,अमृत विचार:** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया है कि 15 जुलाई को जेडएचपीजी कालेज में पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें प्रतिष्ठित कम्पनियां 18 से 35 वर्ष तक की आयु के हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर रोजगार हेतु चयन करेंगी। अभ्यर्थी अपना पंजीयन सेवायोजन पोर्टल रोजगार संगम पोर्टल एवं एनसीएस पोर्टल पर कराकर अपनी शैक्षिक योग्यता, आयुवर्ग के अनुसार पोर्टल पर प्रदर्शित कम्पनियों में ऑनलाइन आवेदन अवश्य कर दें।

# सड़क हादसों में युवक की मौत, पांच घायल

**एटा, अमृत विचार :** सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दंपती समेत पांच लोग घायल हुए हैं।

कोतवाली देहात के ग्राम गिरौरा निवासी गोपाल सिंह (36) पुत्र रामपाल सिंह रविवार रात 9 बजे गांव में चाचा के घर से अपने घर जा रहा था। घर के पास एटा-कासगंज मार्ग पर तेज रफ्तार से जा रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल गोपाल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

कोतवाली देहात के गांव नगला मदिया निवासी जितेन्द्र पुत्र करन सिंह 7 जुलाई को रात 7:30 बजे पत्नी नीलम को अलीगढ़ में सीटेट की परीक्षा दिलाकर बाइक से घर लौट रहा था। बाइक पिलुआ क्षेत्र के पुठिया गांव के समीप पहुंची कि तभी नीलगाय से बाइक टकरा गई। हादसे में जितेन्द्र व नीलम घायल हो गई। दोनों को मेडिकल कालेज से हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

रिजोर के गांव कन्होली निवासी बंटी पुत्र रघुवीर सिंह, चन्द्रपाल पुत्र रामेश्वर सिंह को बाइक से जाते समय रिजोर के पास ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए।

ऑटो की टक्कर से मलावन के गांव पुरांव निवासी रोहित पुत्र होडिल सिंह घायल हुआ है। उसको उपचार मेडिकल कालेज में चल रहा है।

### सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** इटावा के ऊसराहार निवासी 25 वर्षीय मंजेश अपने भाई अनुराग के साथ आगरा से जीजा के चचेरे भाई विवेक की शादी से पहले वाली रस्म में शामिल होकर नोएडा से इटावा आ रहे थे। विवेक की 11 जुलाई की शादी है। कार को 22 वर्षीय विकास निवासी रोपनपूर कुर्रा मैनपुरी जो मंजेश का जीजा है, चला रहा था। जब कार नगला खंगर थाना क्षेत्र के माइल स्टोन-61 के समीप पहुंची, तभी कार आगे जा रहे वाहन से टकरा गई। टक्कर के बाद कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। कार सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने तीनों लोगों को उपचार के लिए पीजीआई अस्पताल सैफई भेज दिया। इंस्पेक्टर नगला खंगर विनय मिश्रा ने बताया कि उपचार के दौरानमंजेश और उसके बहनोई विकास की मृत्यु हो गई है। जबकि अनुराग अपनी जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

# बच्चों को दिलाई शपथ बांटे गये प्रमाण पत्र



अलंकरण समारोह में शिरकत करते छात्र, छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर के छर्रा रोड स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में सोमवार को अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

छात्र, छात्राओ ने ईश वंदना, नृत्य के अलावा स्वागत गीत प्रस्तुत किए। विद्यालय द्वारा गठित मंत्री परिषद द्वारा चुनकर आए विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य फादर सिरिल प्रकाश मोरस द्वारा शपथ दिलाई गई एवं सम्मानित किया गया।

इस अलंकरण समारोह के अवसर पर पिछले सत्र 2023-24 में गठित मंत्री परिषद के सदस्यों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रधानाचार्य ने कहा कि कार्य पथ पर अग्रसर रहने एवं मेहनत ही जीवन में सफलता का मूल मंत्र है।

# पिकअप-ऑटोरिक्शा की टक्कर में दो की मौत

**आगरा।** आगरा-फतेहाबाद मार्ग पर एक पिकअप वैन और ऑटोरिक्शा के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना रविवार शाम टंकी चौराहे के निकट हुई। पुलिस के मुताबिक, फतेहाबाद की ओर से आ रहे ऑटोरिक्शा की दूसरी ओर से आ रही पिकअप वैन से आमने-सामने की टक्कर हो गयी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान पीपल मंडी के रहने वाले शुभम गुप्ता और ऑटोरिक्शा चालक राजू कुशवाहा के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक जयनारायण सिंह ने बताया कि हादसे में श्रीभगवान (बाबरपुर), छोटू (तासोड़) और अनीता (कछपुरा) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को फतेहाबाद व आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।



ग्वालियर में खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

# अखिल भारतीय ग्वालियर कप आर्म में कासगंज ने जीते पदक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** रविवार को ग्वालियर के डा. भगवत राय सभागार में अखिल भारतीय ग्वालियर कप आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता कासगंज के खिलाड़ियों ने उत्कर्ष प्रदर्शन कर दो पदक जीते। इसमें देश भर के 22 राज्यों के 225 खिलाड़ियों ने सहभागिता की।उत्तर प्रदेश आर्म रैसलिंग संघ के सचिव डा. प्रवीन सिंह जादौन ने बताया कि सहावर के प्रशांत यादव ने 70 किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उन्हें 8000 का नकद पुरस्कार मिला। वहीं ओपीएस जिम कासगंज के जंग बहादुर ने 90 किलोग्राम वजन वर्ग में कांस्य पदक जीतका 3000 का नकद पुरस्कार प्राप्त किया।

खेल प्रेमियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में मनीष मौर्या, मोहम्मद तारिक, सरिता सिंह, प्रक्ष सिंह जादौन, डा. मिथलेश वर्मा प्रमुख हैं।

# भोले बाबा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर युवक

**आगरा, अमृत विचार:** सिकंदरराऊ में विश्व साकार हरि भोले बाबा की गिरफ्तारी को लेकर शाहगंज के केदार नगर में आश्रम में एक युवक धरने पर बैठ गया। उसने मांग की है कि आयोजकों के साथ बाबा को भी एफआईआर में नामजद किया जाए।

शाहगंज के केदार नगर में भोले बाबा का आश्रम दो जुलाई को हुए हादसे के बाद ये आश्रम चर्चा में आया। सोमवार को आश्रम के बाहर आगरा के रहने वाले कृष्ण गोपाल उपाध्याय धरने पर बैठ गए। वो सुंदर कांड का पाठ भी कर रहे है। उन्होंने बताया कि घटना हुए 6 दिन बीत गए, लेकिन शासन-प्रशासन ने अभी तक किसी को जिम्मेदार नहीं माना। किसी भी अधिकारी को सस्पेंड नहीं किया गया तो इन मौतों का जिम्मेदार कौन है। भोले बाबा को इस हादसे की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**आवश्यकता है**
आकांक्षा एन्क्लेव,
निकट मुंशी नगर बरेली में
200, 300 या 500 वर्ग मीटर
भूमि की आवश्यकता है।
सेंट जेवियर स्कूल के पीछे, बरेली
संपर्क करें
मो. 7310623798

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सलभ पथिक ने 8 जुलाई 2024 से हिमालयन निर्माण से सेवानिवृत्ति ले ली है, आपके समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद। **संपर्क के लिए- हिमालयन निर्माण 31 कर्मचारी नगर, मिनी बायपास रोड, बरेली-243001**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र कुलदीप को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रामनरेश पुत्र श्री रामानन्द मिश्रा निवासी फतेहपुर मजरा कुचरानी थाना सिढ़पुरा जिला कासगंज।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र अमित गुप्ता को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र नन्हें लाल गुप्ता व सुनीता गुप्ता पत्नी निवासी ऊपर बाजार, मेन मार्केट, वार्ड नं. 5, कस्बा व पोस्ट उसहैत तहसील दातागंज जिला बदायूँ।**

**सूचना**
मैंने अपने बड़े भाई राजेश कुमार सक्सेना पुत्र श्री स्व. जगत नारायण सक्सेना उनकी पत्नी श्रीमती पूनम सक्सेना एवं उनकी पुत्री श्रीमती स्वेता सक्सेना, खुशी सक्सेना, आयुषी सक्सेना उनका पुत्र शोभित सक्सेना दूसरे बड़े भाई राकेश कुमार सक्सेना पुत्र स्व. श्री जगत नारायण सक्सेना उनकी पत्नी रेखा सक्सेना उनकी पुत्री श्रुति सक्सेना, शुभि सक्सेना, सोनल सक्सेना इनके गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। मेरा एवं मेरे परिवार का इनके साथ कोई सम्बन्ध नहीं है। ये अपने कृत्यों एवं लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। इनके व्यवहार के कारण मेरे व मेरे परिवार में कोई समस्या होती है तो इसके जिम्मेदार ये सभी होंगे। **रजनीश कुमार सक्सेना पुत्र श्री स्व. जगत नारायण सक्सेना निवासी गली नं 6 सैनिक कॉलोनी, संजय नगर रोड, बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा अपनी पत्नी रिहाना के नाम से बिजली विभाग में अपनी दुकान स्थित एजाज नगर गौटिया चांद मस्जिद के पास बरेली में कनेक्शन लगाने हेतु मुख्तारे आम द्वारा सहमति दी गई थी जिसको अब मैं कैन्सिल करता हूँ। अब मेरी पत्नी रिहाना या कोई अन्य व्यक्ति मुख्तारे आम का उपयोग नहीं कर सकेगा। **रियासत पुत्र श्री शहादत निवासी एजाज नगर गौटिया पुरानी मस्जिद बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आक्रोशपरिवादाभ्यां विहिंसन्त्यबुधा बुधान्।
वक्ता पापमुपादत्ते क्षममाणो विमुच्यते॥

मूर्ख लोग ज्ञानियों को बुरा-भला कहकर उन्हें दु:ख पहुंचाते हैं। इस पर भी ज्ञानीजन उन्हें माफ कर देते हैं। माफ करने वाला तो पाप से मुक्त हो जाता है और निंदक को पाप लगता है।


## संपादकीय

# कश्मीर में आतंक

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ लगातार विशेष ऑपरेशन चलाया जा रहा है लेकिन आतंकवाद अब भी कायम है। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सुदूर माचेड़ी इलाके में आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर गोलीबारी की। गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए। आतंकवादियों की यह हरकत पुलवामा हमले जैसी थी। यह इलाका भारतीय सेना की 9वीं कोर के अंतर्गत आता है। एक दिन पहले रविवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके के गुलाठी गांव में प्रादेशिक सेना के शिविर पर सुबह करीब चार बजे गोलीबारी की। गोलीबारी में एक सैनिक घायल हो गया। जम्मू-कश्मीर में हाल के आतंकवादी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। एक ओर सरकार का दावा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से लड़ाई अंतिम चरण में है, बीते 10 वर्षों में आतंकी घटनाओं में बड़े स्तर पर कमी आई है। लेकिन हर आतंकी हमले के बाद सरकार के दावे खोखले नजर आते हैं। जम्मू-कश्मीर में अब अशांति पैदा करने के लिए पाकिस्तान नई साजिश रच रहा है। आतंकवादी अब ज्यादा घातक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि राज्य में भय के माहौल का स्तर पांच साल पहले की तुलना में कम है। पिछले दिनों मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया था। दो जवान भी शहीद हुए थे। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए आतंकी हिजबुल मुजाहिद्दीन से जुड़े थे। इनमें एक पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी संगठन का स्थानीय कमांडर भी था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराना बड़ी उपलब्धि है। सुरक्षा माहौल को मजबूत करने की दिशा में यह मील का पत्थर है। स्वैन ने कहा कि ऑपरेशन की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अंजाम तक पहुंचेगी।

एक महीने में सुरक्षाबलों ने नौ आतंकियों को मारा है। फिर भी जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर और सतर्क रहने की जरूरत है। राजौरी-पुंछ में सक्रिय आतंकवादी खास प्रशिक्षण प्राप्त हैं। आतंकियों का समर्थन करने वाले बड़ी चुनौती बनकर उभरे रहे हैं। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच बिना किसी रुकावट के निरंतर समन्वय, कमजोर क्षेत्रों की पहचान और ऐसे क्षेत्रों की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने पर जोर दिया। यह भी सही है कि जब तक वहां के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के समुचित प्रबंध नहीं किए जाते आतंकी संगठन उन्हें मोहरा बनाते रहेंगे।

# भ्रष्टाचार के अर्थशास्त्र को मूक सामाजिक स्वीकृति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हमें स्टीफन हॉकिन्ग की किताब ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम के बाद कॉसमॉस को पढ़ना होगा जिसे कार्ल सागां ने सन 1980 में प्रकाशित किया था। भारत में करप्शन की सच्ची कहानियां फिक्शन से भी अधिक रोमांचक हैं और इनका पाठक वर्ग बड़ा है।

मैंने नहीं सुना कि संसद ने भारत में करप्शन की एनॉटमी पर कभी अध्ययन करवाया और इसकी रिपोर्ट प्रकाशित की, सिवाय इन दस बिल के जो देश की सर्वोच्च संस्था में विचारार्थ लंबित हैं। मनुष्य की सोच और गतिविधि में सबसे प्रमुख है शॉर्टकट क्योंकि यह ऊर्जा की संरक्षण के सिद्धांत के अनुसार काम करता है। दूसरा कारण है छिप कर या बे-ईमानी करके धनसंग्रह की प्रवृत्ति, जो कि मनुष्यों ही नहीं पशुओं में भी नैसर्गिक है। इसलिए रिश्वत, पेपर लीक आदि को इस नज़रिए से देखेंगे तो यह पूरी तरह से विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित है और मनुष्य का स्वभाव इसका समर्थन करता है।

करप्शन की टॉलरेंस किस वजह से है इसे जानने के लिए चंद उन पेपर्स को भी पढ़ना चाहिए जिन्हें चीन के उन स्कॉलर्स ने प्रकाशित किया है जो यूरोपियन यूनिवर्सिटीज़ में पढ़ते हैं जैसा कि कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा सन 2020 में प्रकाशित यूएन यूएन अंग की इस किताब -चाइनाज गिल्डिड एज-द पैराडॉक्स ऑफ़ इकॉनोमिक बूम एंड वास्ट करप्शन, से साबित होता है। रूस में भी जबरदस्त करप्शन है। भारत में करप्शन का स्केल और इंटेंसिटी, व्यापकता अर्थात इन्सिडेन्स एंड प्रिवेलेंस व्यापक है और इसकी ऐतिहासिकता वेलफेयर और डेमोक्रेटिक स्टेट के लिए चित्लीय और अवनतिकारक है।

हमें स्टीफन हॉकिन्ग की किताब ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम के बाद कॉसमॉस को पढ़ना होगा जिसे कार्ल सागां ने सन 1980 में प्रकाशित किया था। भारत में करप्शन की सच्ची कहानियां फिक्शन से भी अधिक रोमांचक हैं और इनका पाठक वर्ग बड़ा है। एक बात यह कि नीट के रद और नए पर्चे के कंटेंट डिजाईन अर्थात प्रश्नों में शत प्रतिशत भिन्नता होने की संभावना के कारण परीक्षार्थियों के रेस्पोंस का आकलन भी भिन्न हो जाएगा। पहली बारे के पर्चे में जो परीक्षार्थी बेहतर परफॉर्म करने के बाद जितना स्कोर हासिल कर पाते वह दूसरी बार के पर्चे में दिए गए प्रश्नों में कुछ को सोल्व नहीं कर पाते तो इनकी स्कोरिंग नीची होने की प्रबल संभावना है। इस विशाल अंतर की क्षतिपूर्ति कैसे होगी और कौन, कब, किस फॉर्म में करेगा? इसलिए न तो वस्तुस्थिति के बारीक परिक्षण से काम चलता है और न ही अलग-अलग साइज़ के कंकड़ों को एक

भारत में करप्शन आज से थोड़े ही है। कौटिल्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना के लॉजिस्टिक्स और ऑर्डनेन्स विभाग में करप्शन होने के और इसे रोकने की व्यवस्था के प्रमाण 'अर्थशास्त्र' में दिए हैं। इस्लामिक स्टेट, मुग़ल राज और अंग्रेजों के समय में करप्शन का आधार पर बहुत काम होते थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के अनेक अंग्रेज़ अधिकारी भी भ्रष्ट रहे।

पात्र में डालकर हिलाने से बड़े साइज़ वाले ऊपर आएंगे और बारीक एवं छोटे साइज़ के नीचे चले जाएंगे। साधनहीन, विपन्न, एवरेज मनुष्य कुछ न कर पाएगा क्योंकि उसने खुद को कानून के दायरे में जकड़ लिया है, ऐसा सोशल साइकोलॉजिस्ट्स का कहना है।

रिश्वतखोरी या बे-ईमानी अगर स्वभावगत तो इस पर अंकुश इसलिए होता है कि न्याय की हानि न हो। लेकिन न्याय तो अब व्यक्ति-सापेक्ष हो गया है, प्रकृति सापेक्ष नहीं रहा। इसलिए भाई लोगों जितना भ्रष्ट आचरण कर सकते हैं, करें। डरें नहीं, क्योंकि न्याय सुनिश्चित करने वाले संपन्न और ताकतवर व्यक्ति ही इसे मोल्ड करके खुद के लिए अनंत सुख की कामना ही नहीं बल्कि छीनने का जुगाड़ को सही मानते हैं। इसलिए आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं को एक समाजशास्त्री ने इकॉनमी ऑफ़ कम्फर्ट, एनरूट वाया करप्शन कहा है। मुझ जैसे अल्प समझ वाले व्यक्ति को यह ख्याल सही लगता है। लेकिन, करप्शन के लिए भीरूपन नहीं बल्कि साहस की जरूरत होती है। करप्शन को फिजिक्स के बाद अगर बायोलॉजी और केमिस्ट्री के नजरिए से देखा जाए तो हमें जेनेटिक्स और परिवेशिकी एवं न्यूरो-फिजियोलॉजी के गहराई में जाकर मॉलिक्यूलर लेवल तक भी उतरना होगा। करप्शन, बहुत लोगों का जेनेटिक ट्रेंड बन चुका है और प्रसन्नता, सुख और भय की केमिस्ट्री तो व्यक्ति के लिए जानलेवा होती है। भारत के मनीषियों का यह कथन सही है कि अन्याय को कुदरत बर्दाश्त नहीं करती और कथित विप्लव, बेशक व्यक्ति के मन के भीतर है, परिवार में है, समाज में है, पॉलिटिक्स में है, बिजनेस में या फिर अंतर्देशीय संबंधों में है, कुदरती तौर पर सुधार के एक कदम के रूप में प्रकट होकर सब-कुछ बराबर कर देता है।

भारत में करप्शन को रोकने के प्रयासों के बावजूद यह बढ़ी है। इस बारे में रिसर्च भी बहुत हुई है, लेकिन जब तक इसकी स्ट्रक्चर और सोशल एक्सेप्टेन्स की वजहों पर दीप रिसर्च नहीं की जाएगी तब तक मोदी जैसे व्यक्ति होने के बावजूद इसका ढांचा ढहेगा नहीं। मेरे हिसाब से छिपे तौर से मोदी राज में भी भाजपा शासन वाले प्रान्तों में बहुत करप्शन हुई है, क्योंकि इसके बिना काम होते ही नहीं। आधे से अधिक कर्मचारी काम करने के पैसे लेते हैं और दफ्तर अटेंड करने के लिए तनख्वाह। जो रिश्वत लेने की हिम्मत नहीं रखते और इनके पास रिश्वत लेने वाली सीट नहीं है, वे लोग लेथार्जिक हैं या ढर्रे पर काम करते हैं। चाइनीज पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन रिव्यु जैसे जर्नल हमारे यहां नहीं है। कम्पेरेटिव पॉलिटिक्स जर्नल में प्रकाशित पर्चा 'रिफार्म, स्टेट एंड करप्शन -इज करप्शन लेस डेस्ट्रक्टिव इन चाइना दैन रूस?' और चाइनीज पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन रिव्यु के दिसम्बर 2018 के अंक में प्रकाशित स्टडी 'करप्शन एंड एंटी-करप्शन रिसर्च इन चाइना -ए क्रिटिकल रिव्यु ऑफ़ चाइनीज टॉप जर्नल पब्लिकेशन्ज़ (1989-2017) को पढ़ने बहुत कुछ मालूम होता है।

भारत में करप्शन आज से थोड़े ही है। कौटिल्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना के लॉजिस्टिक्स और ऑर्डनेन्स विभाग में करप्शन होने के और इसे रोकने की व्यवस्था के प्रमाण 'अर्थशास्त्र' में दिए हैं। इस्लामिक स्टेट, मुग़ल राज और अंग्रेजों के समय में करप्शन का आधार पर बहुत काम होते थे। ईस्ट इंडिया कंपनी के अनेक अंग्रेज़ अधिकारी भी भ्रष्ट रहे। इनमें से कोलब्रुक केस तो मशहूर है जो मालखाने से अपने लिए शानदार वस्तुओं को मामूली दाम देकर लेता था।

सन 2002 में 102 देशों में व्याप्त भ्रष्टाचार की मात्रा और फ्रीक्वेंसी के अनुसार तैयार की गयी सूची में हमारा रैंक नंबर 71वां था। मुझे रेश्यो और प्रोपोर्शनेट कैलकुलेट नहीं करना आता, परन्तु मुझे यह शक है कि नई गणना के समय 61 नए देशों को शामिल न करके 41 उन्हीं देशों के बीच में तुलना करनी चाहिए थी जिनसे पहली पार की गई थे। अन्य स्रोतों से यह जाहिर है कि सांख्यकी अध्ययनों के अनुसार भारत में उक्त अवधि के समापन के बाद इसका इन्सिडेन्स और प्रिवेलेंस बढ़ने से भ्रष्टाचार की वॉल्यूम दुगनी हो गई। देश में प्रशासकीय स्तर पर कर्मचारियों के लिए जो भी कण्ट्रोल, क्लासिफिकेशन एंड अपील रूल्स और कंडक्ट रूल्स हैं वे सिर्फ आंशिक रूप से सक्रिय किये जाते हैं। नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो के अनुसार हरियाणा में भाजपा के शासन काल 2021-2022 के दौरान ही करप्शन के केस तीन गुणा हुए हैं।

सन 2021 में इनकी संख्या 79 थी जो अगले साल बढ़कर 246 हो गई (इंडियन एक्सप्रेस, 5दिसंबर, 2023)। प्रशासन की चुस्ती या निगहबानी और एंटी-करप्शन मैकेनिज्म की सक्रियता के नाते से नहीं बल्कि भ्रष्टाचार बढ़ने की वजहों के नाते से इस संख्या को समझने की जरूरत अधिक है। यह अधिक चिंताजनक है कि रिश्वत के आरोपों में अकसर ही छोटे स्तर के कर्चारियों को पकड़ा जाता है और बड़ी मछलियां जाल में फंसने से बच जाती है। इंडिया पालिसी फोरम की सन 2014-15 संकलित की गई एक रिपोर्ट करप्शन इन इंडिया -ब्रिजिंग रिसर्च एविडेंस एंड पालिसी आप्शन्स में कहा गया है कि आमजन का भ्रष्टाचार के प्रति जैसा नज़रिया है उसकी पुष्टिकरण के लिए अकादमीय दृष्टि से पर्याप्त और मजबूत सबूत हैं।

कोर्ट केस, डाक्यूमेंट्री प्रूफ, ब्यान और मौके की गवाही के अलावा मटेरियल वेल्थ की रिकवरी इस बारे में पर्याप्त आधार देती है कि देश में करप्शन की स्ट्रक्चर और व्याप्तता की सीमाओं का विस्तार हुआ है। खेद की बात है कि कार्रवाई करने वाली एजेंसीज से संबद्ध कुछेक जांच अधिकारी साक्ष्य मिटाने और नष्ट करने या कार्रवाई न करने के एवज में भारी रिश्वत लेते हैं। रिश्वत के आरोप को हल्का करके भरपाई करने का प्रयास पूरी शक्ति से किया जाता। अफसर लोग अपने साथियों को बचाते हैं। 85 पन्नों की यह रिपोर्ट देश में करप्शन की स्ट्रक्चर को न केवल उघाडती है बल्कि इसमें बढ़ोतरी के संकेत भी देती है। इस रिपोर्ट के समर्थन में 100 से अधिक रिसर्च पेपर्स, रिपोर्ट्स और दस्तावेजों का सन्दर्भ देकर इसे अकाट्य और विश्वसनीय बनाया गया है।

## प्रसंगवश

# हिंसक होते वन्य जीव

पिछले दिनों उत्तराखंड में बाघ ने एक आठ वर्ष के बच्चे को अपना निवाला बना लिया। उत्तराखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में हिंसक वन्य जीवों के मानव पर हमले लगातार बने हुए हैं। कुमाऊं व गढ़वाल मंडल के पहाड़ी इलाकों से लगे गांवों में बाघ और गुलदार का आतंक बना हुआ है। बीते कुछ माह मे हिंसक हुए इन वन्य जीवों ने कई महिलाओं और पालतू जानवरों पर हमला कर उन्हें घायल या अपना शिकार बनाया है। पिछले तीन माह में ही बाघ नैनीताल जनपद के भीमताल ब्लाक में दो महिलाओं और एक युवती को अपना शिकार बना चुका है। जब यह घटनाएं हुई तो लोग सड़कों पर उतर आए। जंगली जीव अपना प्राकृतिक आवास जंगल को छोड़कर हमारे क्षेत्र में क्यों आ रहे है, यह भी हमें सोचना और समझना होगा। बाघ और गुलदार का मानव के साथ संघर्ष पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ा है। कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक फैले विश्व प्रसिद्ध जिम कार्बेट नेशनल पार्क से लगे गांवों में बाघ और गुलदार अक्सर देखे जाते हैं तथा वहां पर जंगल जाने वाली या खेतों में काम करने वाली महिलाओं पर जानलेवा हमला होना अब एक आम बात है। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बीते सालों में यह हमले क्यों बढ़े है और क्यों बाघ, गुलदार जंगल छोड़कर गांवों की ओर रुख कर रहे हैं? दरअसल कथित विकास की सोची समझी साजिश के तहत हमने पहाड़ खोद डाले हैं। बिना सोचे समझे जहां-तहां जंगल काटकर सड़कें बना दी गई हैं। सड़कें बनी तो जंगल के बीच में मकान, भवन और रिसोर्ट भी बनने लगे। जमीनें बिकने लगीं, बाहरी लोगों का प्रवेश हुआ तो जंगल में पेड़ कटने लगे और पेड़ों की जगह कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए। इन रिसोर्ट और बंगलों में मनोरंजन के नाम पर कभी आतिशबाजी पार्टियां, तो कभी देर रात तक डीजे बजने लगा। शांत जंगल मे शोर होने लगा। नतीजतन वन्य जीवों के प्राकृतिक आवासों पर हमारा हस्तक्षेप बढ़ता गया। जाहिर है इसका नकारात्मक असर हुआ। जंगल का मूल जीवन ,उसकी इकोलॉजी डिस्टर्ब हुई तो जानवर जंगल छोड़ गांव की ओर आने लगे। जानवर अब डरे-डरे से है और हमारी नासमझी के कारण ही जंगल से पलायन को विवश हैं।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

# श्रेष्ठ प्रबंधन पर निर्भर है आपदा नियंत्रण



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इसी तरह बरसात की बात करें तो चाहे नहर-नाले साफ करने की बात हो या पहाड़ों से भूस्खलन रोकने का प्रबंध और सड़कों की मरम्मत, सब बरसात आने पर ही याद आता है।

ग्लोबल वार्मिंग का असर आज आम आदमी को भी दिखने लगा है। इस साल जो भीषण गर्मी पड़ी, उसने हर किसी को प्रभावित किया। जंगलों में आग लगने की घटना ने विकराल रूप धारण कर लिया था। तमाम इंतजामात कुछ काम नहीं आए। कई वनकर्मियों और नागरिकों की जान भी गई। मैंने इस वर्ष उत्तराखंड की लंबी यात्राएं कीं। इस दौरान पिथौरागढ़, चंपावत, अल्मोड़ा, भीमताल, नैनीताल, मुनस्यारी और टिहरी सभी जगह जंगलों को जलते देखा। वन विभाग कर्मचारी प्रशिक्षण और सुविधाओं के अभाव में भी ड्यूटी निभाने के तहत आग बुझाते रहे पर जंगल नहीं बचा पाए। बिनसर क्षेत्र में 5-6 वन कर्मचारियों का झुलसकर जान गंवाना हृदय विदारक घटना थी।

इसी तरह बरसात की बात करें तो चाहे नहर-नाले साफ करने की बात हो या पहाड़ों से भूस्खलन रोकने का प्रबंध और सड़कों की मरम्मत, सब बरसात आने पर ही याद आता है। इधर कुछ दिनों की बारिश में ही आंतरिक सड़कें टूटकर ध्वस्त हो गई हैं। कुमाऊं क्षेत्र में लगभग 80 छोटी-बड़ी सड़कें बंद हैं, जिनमें गांवों को जोड़ने वाली ब्रांच सड़कें भी शामिल हैं। रानीखेत और रामनगर को जोड़ने वाला अंग्रेजों के जमाने का बना हुआ पुल भी बीते दिनों ढह गया। हल्द्वानी से मात्र 28 किलोमीटर दूर रेलवे का मुख्य स्टॉपेज लाल कुआं में पानी भर जाने से रेल यातायात बाधित रहा। व्यस्ततम भवाली-अल्मोड़ा हाईवे भी साल भर काम चलने के बावजूद भी बाधित होता रहता है। इसी तरह चारधाम और आदि कैलाश यात्रा भी स्थगित करनी पड़ी है। आपदाओं से बचने के लिए हमें पहाड़ों की प्रकृति को समझना पड़ेगा। उत्तराखंड के लगभग सभी पहाड़ अपनी युवावस्था में हैं। उन्हें परिपक्व होने में अभी वर्षों लगने हैं, पर लगातार सड़क विस्तारीकरण के कारण उन पर चोट की जा रही है, पेड़ काटे जा रहे हैं, जो गंभीर परिणामों को न्यौता देने वाली बात है। सड़क में मलवा आने से अक्सर यात्री मार्ग में फंस जाते हैं। कुमाऊं में काली, गोरी और सरयू नदी उफान पर है तो गढ़वाल क्षेत्र में अलकनंदा, मंदाकिनी और पिंडर का भी यही हाल है।

इस बार भी मानसून की शुरुआत से ही लगभग सभी जिलों से तबाही की खबरें आने लगी हैं। अपने आसपास अगर नैनीताल की बात करूं तो जलवायु परिवर्तन का असर इस शहर में पिछले कई वर्षों से दिखाई देने लगा है। मानसून की बारिश की प्रवृत्ति में भी अब काफी बदलाव आया है। पुराने समय में कई-कई दिनों तक लगातार बारिश होती थी जिसे स्थानीय भाषा में सतझड़ कहते थे, लेकिन आज के दौर में कुछ देर के लिए मूसलाधार बारिश हो जाती है, जो सब कुछ तहस-नहस कर देती है और फिर कई-कई दिनों तक सूखा पड़ जाता है। अगर पिछले 10 वर्षों की बात करें तो नैनीताल और इसके आसपास के क्षेत्र में बारिश का आंकड़ा घटकर मात्र 10 प्रतिशत रह गया है। यह सब जलवायु परिवर्तन का असर है और अंधाधुंध पर्यटन भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है। जब नए-नए भवनों और रिसॉर्ट्स का निर्माण होगा तो परिणति यही होनी है। यहां की प्रसिद्ध लोअर मॉल रोड पिछले कई वर्षों से धंसती जा रही है। पाषाण देवी मंदिर के पास ठंडी सड़क में दो साल पहले जो भूस्खलन की शुरुआत हुई थी, उसकी पुनरावृत्ति हर साल हो रही है। इसने कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्रावास को भी अपनी जद में ले लिया है। तराई भाबर के क्षेत्र में जैसे-जैसे कृषि भूमि का रकबा कम हुआ, जल आपूर्ति करने वाली नहरों को अवैध तरीके से पाट दिया गया है, जिससे जल भराव की समस्या बढ़ रही है।

बरसात का मौसम अपने साथ कई बार जलजला लेकर आता है। कई मकानों और पुलों की बलि बरसात के मौसम में चढ़ जाती है। इसीलिए निर्माण कार्य में भी प्रबंधन की जरूरत है। बारिश इस तबाही का बहाना बन जाती है, लेकिन सच्चाई यह है कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई घटिया सामग्री और लापरवाही इसका मुख्य कारण होता है। बरसात का मौसम पोल खोलने का काम जरूर करता है। अंधाधुंध निर्माण के चलते पहाड़ियां यूं ही जर्जर अवस्था में हैं उस पर गर्मियों में लगने वाली आग इन्हें और कमजोर बना देती है। बोल्डर गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं जबकि ये बॉल्डर ही पहाड़ों को थामे रहते हैं। इनका गिरना मतलब पहाड़ों का कमजोर होना। आज पहाड़ की सहन क्षमता से अधिक पर्यटक यहां आ रहे हैं, जो एक गंभीर मुद्दा है। इन तमाम तथ्यों को ध्यान में रखकर एक ठोस प्रबंधन नीति जरूरी है, जो आपदा के मौसम की मार को कम कर सके।

## सोशल फोरम

# शिक्षा में सुधार के लिए

सरकार की नीति कहती है कि स्कूल सरकारी हो या प्राइवेट, उनमें पढ़ाने वाले शिक्षक ट्रेंड होने चाहिए। ट्रेंड मतलब बीएड, डीएलएड आदि। सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्पष्ट कर दिया है कि जो ट्रेंड नहीं है वह किसी भी स्कूल में पढ़ा नहीं सकता।

इन हाकिमों को देखना चाहिए कि सरकार के इस दिशा निर्देश का पालन प्राइवेट स्कूलों में हो रहा है या नहीं। अगर नहीं हो रहा है तो यह समाज और बच्चों के साथ धोखा है, साथ ही सरकार के प्रति अपराध है। हाकिमों को इन पर कार्रवाई करनी चाहिए, अखबार वालों को, टीवी और यू-ट्यूब वालों को ऐसी कार्रवाइयों के बारे में खबरें और वीडियो चलानी चाहिए।

आज के दौर में शहरों में रिक्शा वाले, खोमचे वाले, घरेलू नौकर का काम करने वाले तक अपने बच्चों को किसी प्राइवेट स्कूल में ही पढ़ाने की चाहत रखते हैं। ऐसे न जाने कितने पढ़ाते भी हैं। तमाम आर्थिक जद्दोजहद को झेलता लोअर मिडिल तो बड़ी संख्या में अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में ही भेजता है। यह वर्ग महंगी ही होती जाती फीस और अन्य तमाम शुल्कों से बुरी तरह हलकान है। उनकी मासिक आमदनी का बड़ा हिस्सा बच्चों की शिक्षा पर ही खर्च हो जा रहा है।

हाकिमों को देखना चाहिए कि सरकार के दिशा निर्देश, बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षकों के वेतन स्तर आदि का मेल कैसा है इन प्राइवेट स्कूलों में। प्रिंसिपल से लेकर चपरासी तक, किसी को अंग्रेजी नहीं आती और तब भी अंग्रेजी स्कूल खोलकर अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने का दम भरने वाले स्कूल भी हजारों में हैं। ऐसे भी बहुतेरे प्राइवेट स्कूल हैं, जिनके शिक्षकों और शिक्षण का स्तर निम्न है। वे बड़ी मात्रा में अधकचरी जमात पैदा कर रहे हैं छात्रों की और इनका सबसे बड़ा शिकार लोअर मिडिल क्लास है। हाकिमों को यह सब देखना चाहिए। सिर्फ सरकारी मास्टरों को खूब-खूब टेंशन दे देने से शिक्षा नहीं सुधरने वाली। इन शिक्षकों के मानस और उनके हितों से भी सामंजस्य बिठाना होगा।

-फेसबुक वॉल से



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

# शिव, तुम्हारी गंगा कहां खो गई



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हमारे सामने एक जिम्मेदारी यह है कि उत्तर भारत से बाहर के लोगों को इस भय से कैसे मुक्त करें और बताएं कि आर्यावर्त के प्रतिरूप -'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज कभी नहीं रही है।

हरिद्वार में एक प्रश्न यह जन्मा कि यदि हिमालय शिव का वास है तो इसका नाम 'हरद्वार' क्यों नहीं है? इसे हरिद्वार के रूप में क्यों लोकप्रिय बनाया गया? सिर्फ बद्रीनाथ (विष्णु) की वजह से इसे हरिद्वार नहीं कहा जा सकता, क्योंकि आगे केदारनाथ, कैलास- मानसरोवर और 'शिव की जटा' पर उतरी गंगा है। हिंदू धर्म में कम से कम दो प्रवृत्तियां स्पष्ट हैं, आक्रामक आत्मसातीकरण और प्रेमभरा अंतरमिश्रण। एक-एक समय कट्टर वैष्णवों ने दूसरे धार्मिक बिंबों का आक्रामक आत्मसातीकरण किया है। इसका एक उदाहरण 'हरद्वार' को 'हरिद्वार' बनाना है। इसी तरह प्रेमसक्त अंतरमिश्रण के उदाहरण हैं, हरि-हर और अर्धनारीश्वर के बिंब, शैव-वैष्णव विवाद का राम और शिव द्वारा एक-दूसरे की प्रशंसा के रूप में समाधान।

आक्रामक आत्मसातीकरण की प्रवृत्ति धर्म को मूल्यों की खोज की जगह कर्मकांड प्रधान तो बनाती ही है, उसे हिंसात्मक भी बना देती है और आज के दौर में व्यापार का उपजाऊ क्षेत्र भी। धर्म के दो पक्ष हैं-मूल्य चेतना और कर्मकांड। धर्म का महज कर्मकांड में सीमित होना धर्म का अंत है। जब भी धर्म-धर्म का बहुत शोर हो तो समझ लेना चाहिए, वहां सब है सिवाय धर्म के। मेरे लिए चिंता का विषय आक्रामक आत्मसातीकरण का नया रूप है, जो एकरूपतावादी स्वरूप है। यह 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' के आक्रमण का भ्रम पैदा कर रहा है। स्पष्ट है कि उत्तर भारत में सांस्कृतिक विविधता के साथ हिंदुओं की आस्थाओं और रीतियों में भी विविधता है। वस्तुतः 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज नहीं है। अपनी विविधताओं और अंतरमिश्रण के साथ हिंदू धर्म जरूर एक बड़ी वास्तविकता है। मेरा इससे सरोकार गर्व और शर्म से भिन्न है।

हमारे सामने एक जिम्मेदारी यह है कि उत्तर भारत से बाहर के लोगों को इस भय से कैसे मुक्त करें और बताएं कि आर्यावर्त के प्रतिरूप -'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' जैसी कोई चीज कभी नहीं रही है। इससे जुड़े प्रचार हिंदुओं को ही संकुचित कर रहे हैं। मुझे हिंदू देवताओं में शिव सबसे ज्यादा प्रिय हैं। शिव एक गैर वैदिक उत्पत्ति के देवता हैं, पशुपति से विकसित, वैदिक रुद्र और दक्षिण भारतीय नटराज आदि के बिंबों से अंतरमिश्रित। दक्षिण में शिव भक्ति का प्रचार ज्यादा रहा है। कश्मीर में शैव दर्शन बना है, भले हिंदी क्षेत्र में कई बड़े शिव मंदिर हों। शिव से संबंधित जो कथाएं बाद में बनीं, उनसे स्पष्ट बोध हो सकता है कि दक्षिण-उत्तर संवाद कितना अर्थपूर्ण है। शिव का संबंध गंगा और कैलास से होना। दक्षिण-उत्तर के बीच धार्मिक सांस्कृतिक अंतरमिश्रण का एक बड़ा उदाहरण है। मुझे शिव इसलिए भी प्रिय हैं कि उनकी छवि भले संहारक की बनाई गई है, वे जरा भी मार-काट मचाने वाले देवता नहीं हैं, बल्कि काली की हिंसात्मकता को रोकने के लिए वे उनकी राह में सत्याग्रह करते दिखते हैं। वे स्वर्णाभूषण और राजमुकुट वाले देवता नहीं हैं, लोक देवता हैं और कई स्थानीय लोक परंपराओं के साथ उनका व्यापक अंतरमिश्रण होता है। वे सर्वसुलभ देवता हैं और सबसे कम हथियाए जा सके हैं। एक और खूबी है, वे भोले हैं, सहज हैं, घर-परिवार वाले हैं। कोई अन्य देवता इस तरह घर-परिवार वाला नहीं है।

समुद्र मंथन में कोई ऐरावत ले गया, कोई लक्ष्मी ले गया, कोई अमृत ले गया, शिव के हिस्से में जहर आया। उन्हें नीलकंठ कह कर महिमामंडित कर दिया गया, पर क्या किसी ने उनके विषपान के दर्द को पहचाना? यह मुक्त बाजार एक तरह का समुद्र मंथन ही तो है। कोई ऐरावत ले जाएगा, कोई लक्ष्मी ले जाएगा, करोड़ों लोगों के हिस्से में जीवन का हलाहल आएगा। हरिद्वार में एक जगह साधारण सा बना एक स्कूल देखा जिसका नाम 'संस्कृति स्कूल' है, पर यहां शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। धर्म की तरह संस्कृति की धारणा किस तरह सिकुड़ी है, इसका यह एक उदाहरण है। देहरादून में दून स्कूल है, जो इस देश के 'रुलर्स', शासक तैयार करता है, बड़े लोगों के बच्चे यहां पढ़ते हैं। दूसरी तरफ, हिंदी माध्यम के हजारों विद्यालय हैं, जो देश को चपरासी, क्लर्क, नर्स और झंडा ढोने वाला देते हैं। पूरे देश में राम का हल्ला है, पर यह देश तो हलाहल पी रहा शिव बना हुआ है। एक बार फिर गंगा की तरफ लौटें। गंगा को एक महान नदी कहने का अर्थ यह कभी नहीं होना चाहिए कि देश की नर्मदा, कृष्णा, कावेरी, गोदावरी आदि नदियां गौण हैं। सिर्फ गंगा के गुण गाना भारतवासी को सीमित करेगा, यह आक्रामक 'उत्तर भारतीय हिंदुत्व' का चिह्न होगा। फिर गंगा के सैकड़ों स्थानीय नाम हैं और बांग्लादेश में तो इस नदी का नाम पद्मा है। यह नहीं है कि भारत में वह हिंदू नदी है और बांग्लादेश में वह मुसलमान हो गई। नदियां, पहाड़, खेत, जंगल कभी हिंदू-मुसलमान नहीं होते।

मैं गंगा के किनारे कुछ नहीं, गंगा को ही ढूंढ रहा हूं। मुझे लगा कि मैं जैसे अपने ही घर में खो गया हूं। मेरे सांस्कृतिक असबाब मेरे घर से बाहर फेंक दिए गए हैं और हर तरफ अपरिचित चीजें भर गई हैं। इतना ताम-झाम, इतना ग्लैमर, इतने जयकारे, इतने नाट्य, इतने शक्तिशाली प्रचार हैं कि मेरी आवाज कौन सुनेगा! फिर भी हमें तूती की तरह बोलना तो होगा। तसल्ली यह हुई कि गंगा निर्विकार बह रही हैं। वह अपने संसार को पहले की ही तरह बचा रही हैं। इसी तरह कहीं नर्मदा बह रही होगी, कहीं गोदावरी बह रही होगी, कहीं कोसी बह रही होगी और सैकड़ों नदियां बह रही होंगी। वे बह-बह कर यही कहती हैं, धर्म को तालाब न बनाओ और न उसे बाढ़ बनाओ। गंगा की बाढ़ का पानी पवित्र नहीं होता।

# शारीरिक दृष्टि से अयोग्य होते व्यस्क

लगभग आधी व्यस्क आबादी शारीरिक दृष्टि से अयोग्य हो रही है। लांसेट ग्लोबल हेल्थ अध्ययन के अनुसार भारत में लगभग आधी व्यस्क आबादी 2030 तक शारीरिक रूप से अयोग्य हो जाएगी। शारीरिक रूप से निष्क्रिय हो रहे लोगों की संख्या 2000 में 22.3 प्रतिशत के मुकाबले 2022 में 49.4 प्रतिशत हो गई। भारत में इस मामले में महिलाओं की संख्या और भी ज्यादा है, जो लगभग 57 प्रतिशत है जबकि पुरुष 42 प्रतिशत शारीरिक रूप से अयोग्य पाए गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वस्थ रहने को एक व्यस्क को सप्ताह में 150 से 300 मिनट हल्की एक्सरसाइज की जरूरत है। ऐसा न करने से डायबिटीज और हार्ट की समस्या बढ़ने की आशंका रहती है। वर्ल्ड स्टेटिक्स के आंकड़ों के अनुसार भारत में जिम में जाकर एक्सरसाइज करने वालो की संख्या मात्र 50 लाख ही है, जो की पूरे विश्व के मुकाबले काफी कम है। जानकारों का मानना है कि स्वस्थ रहने के लिए सुबह-सुबह का टहलना और छोटे-छोटे व्यायाम करना व्यस्कों के लिए बहुत जरूरी है। साथ ही साथ अपने को फिट रखने के लिए जंक फूड के स्थान पर पौष्टिक आहार भी जरूरी है जैसे ताजा भोजन, दूध और दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ, अंडे और अन्य प्रोटीन युक्त आहार आदि।

अभी तक सबसे स्वस्थ देश नहीं होने के बावजूद, भारत 195 देशों में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि के मामले में 12 वें स्थान पर है। भारतीय जनता में पहले से ही हृदय रोग और मधुमेह जैसी बीमारियों की प्रवृत्ति है। भारतीयों को दूसरों की तुलना में बहुत पहले पुरानी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यायाम बहुत जरूरी है, व्यायाम करेगा तभी तो स्वस्थ बनाएगा इंडिया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### आईसीएआर ने कैरी के चार प्रोजेक्ट को सराहा

**बरेली।** आईसीएआर ने केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (कैरी) के चार प्रोजेक्ट को सराहा है। प्रबंधन के अनुसार आईसीएआर के फाउंडेशन डे 16 जुलाई को कैरी को सम्मानित किया जाएगा। कैरी की वैज्ञानिक टीम ने कुल नौ प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए थे, जिनमें से चार को आईसीएआर ने प्रोत्साहित किया है, जबकि आईवीआरआई से प्रस्तुत किसी भी प्रोजेक्ट का चयन नहीं हुआ है। कैरी के निदेशक डॉ. एके तिवारी ने बताया कि कैरी के मल्टी ग्रेन बिस्किट समेत अंडे के चार चयनित उत्पादों को आईसीएआर के फाउंडेशन डे पर प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### कार से टकराकर खंदक में घुसी बस, पांच लोग घायल

**हसनपुर।** क्षेत्र में सोमवार दोपहर दीपपुर गेट के पास कार से टकराकर बस खंदक में घुस गई। हादसे में पांच यात्री घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पतालों में भेज दिया गया।

सोमवार दोपहर जनपद बदायूं से डग्गामार बस सवारियां लेकर कबीर नगर दिल्ली जा रही थी। गजरौला-हसनपुर मार्ग पर दीपपुर गेट के पास सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। इससे बस खंद में जा घुसी। इससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। चालक-परिचालक बस को घटना स्थल पर छोड़कर फरार हो गए। बस में सवार नईम, सना परवीन, गायत्री व मोंटू चोटिल हो गए। कार चालक गौरव पुत्र विजेंद्र निवासी ग्राम लुहारी भूड़ भी जख्मी हो गया। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने अन्य बसों में यात्रियों को बैठाकर दिल्ली के लिए रवाना किया। बाद में पुलिस क्रेन से बस को कोतवाली ले आई।

### ग्राम पंचायत से इन्वर्टर आदि सामान चोरी

**शाहजहांपुर।** कांट थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया हास निवासी हंसराम ने बताया कि वह वर्तमान में प्रधान पति है। उन्होंने बताया कि गांव में ग्राम पंचायत बनी है। पांच जून को ग्राम पंचायत से दो बैट्रा, एक इनवर्टर, एक लैपटॉप, एक फोटो स्टेट मशीन, एक सीपीयू आदि सामान चोरी करके ले गए है। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मंडल की 36 ट्रेनों का संचालन प्रभावित

## खटीमा-बनबसा स्टेशनों के बीच ट्रैक जलमग्न, अचानक ट्रेन निरस्त होने से यात्री परेशान

**बरेली, अमृत विचार:** पीलीभीत-टनकपुर रेल खंड स्थित खटीमा-बनबसा स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर बारिश का पानी भरने और लालकुआं यार्ड में जलभराव से इज्जतनगर मंडल की 36 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया है। रेलवे ने त्रिवेणी एक्सप्रेस, पूर्णागिरी जनशताब्दी समेत 18 ट्रेनों को निरस्त, 14 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और छह ट्रेनों को शॉर्ट ओरजिनेट किया है। वहीं त्रिवेणी एक्सप्रेस को अचानक निरस्त करने से जंक्शन पर यात्री परेशान हुए।



रेलवे ने 05062 टनकपुर-मथुरा छावनी, 05061 मथुरा छावनी-टनकपुर, 15074 टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस, 12035 टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी, 05097 टनकपुर-दौराई स्पेशल ट्रेन को निरस्त कर दिया है। वहीं 13019 बाघ एक्सप्रेस को रुद्रपुर सिटी, 5075 शक्तिनगर-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस को इज्जतनगर, 12036 दिल्ली-टनकपुर पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस को इज्जतनगर में, 15043 लखनऊ-काठगोदाम एक्सप्रेस को पंतनगर में, 05321 बरेली सिटी-टनकपुर डेमू को मझोला पकड़िया में, 05322 टनकपुर-बरेली सिटी डेमू को मझोला पकड़िया में, 05369 कासगंज-लालकुआं को किच्छा, 05351 बरेली सिटी-काशीपुर डेमू को पंतनगर, 05335 काशीपुर-कासगंज गाड़ी को गूलरभोज और 05401 बरेली सिटी-लालकुआं को बहेड़ी में शॉर्ट टर्मिनेट किया गया। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि यात्रियों को रेल प्रशासन ने सड़क मार्ग से उनके गंतव्यों को भेजा। पीलीभीत और शाहगढ़ के बीच भी ट्रैक बह जाने ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है।

### त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें निरस्त

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल के खटीमा यार्ड और खटीमा-बनबसा स्टेशनों के बीच जलभराव और पुल संख्या-64 पर जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर जाने के कारण मंगलवार को भी ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे ने 15076 शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस, 05061 मथुरा जंक्शन-टनकपुर स्पेशल, 05062 टनकपुर-मथुरा स्पेशल, 05321 बरेली सिटी-टनकपुर स्पेशल, मंगलवार और बुधवार को चलने वाली 15075/15073 टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस, 05322 टनकपुर-बरेली सिटी स्पेशल को निरस्त किया है। इसके अलावा 12035 टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस टनकपुर के स्थान पर इज्जतनगर से चलाई जाएगीगी। वहीं इज्जतनगर मंडल के बाजपुर स्टेशन यार्ड में जलजमाव के कारण 12036 दिल्ली-टनकपुर पूर्णागिरी जनशताब्दी, 15055 आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 05335 काशीपुर-कासगंज स्पेशल ट्रेन काशीपुर के स्थान पर लालकुआं से चलेगी।

### नदियों के जलस्तर की निगरानी कर रहा रेलवे

**बरेली, अमृत विचार :** बारिश में ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए इज्जतनगर रेल मंडल के अधिकारी वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम से नदियों के जलस्तर की निगरानी कर रहे हैं। जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से इज्जतनगर मंडल के पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश हो रही है। इज्जतनगर मंडल में बदायूं-कासगंज रेल खंड के बीच गंगा नदी पर बने कछला पुल पर, लालकुआं-काशीपुर रेल खंड के बीच कोसी नदी पर बने पुल, पीलीभीत-भोजीपुरा रेलखंड के बीच बने देवहा नदी पर बने पुल, कासगंज-मथुरा रेल बीच यमुना नदी पर बने पुल पर आधुनिक वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम से लगातार जलस्तर की निगरानी की जा रही है।

## दूसरे धार्मिक प्रतीकों के बैनर लगाकर व्यापार करना गलत : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने दूसरे धर्म के प्रतीकों के बैनर और तस्वीरें लगाकर खानपान का कारोबार करने को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि यह शरीयत के खिलाफ है। मौलाना ने कहा कि खास तौर से कांवड़ यात्रा के दौरान देखा गया है कि लोग दूसरे धर्म के प्रतीकों की तस्वीर लगाकर कारोबार करते हैं। इनमें ज्यादातर वो तबका है, जो बेहद गरीब है और रोजी रोटी कमाने के बहाने जहां जैसा माहौल होता है, उसी में रच बस जाता है। कई ऐसी शिकायतें आई हैं, जिसमें पता चला है कि मुसलमान लोग भी इसमें शामिल हैं। लिहाजा, मुसलमान अपनी पहचान के साथ जहां रहते हैं, वहीं कारोबार करें। किसी गैर धर्म के प्रतीक की तस्वीर लगाकर कारोबार करना इस्लाम में पूरी तरह नाजायज है। इसके अलावा हम दूसरे विवाद से भी बच जाएंगे।

# एलएलबी, एमएड प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्रों में संशोधन

- फिर से डाउनलोड करने होंगे छात्रों को प्रवेश पत्र
- 11 जुलाई को दो पालियों में होगी परीक्षा, तैयारियां पूरी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलएम, एलएलबी और एमएड प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्रों में संशोधन किया है। कई छात्रों के परीक्षा केंद्रों में बदलाव किया गया है। ऐसे में छात्रों को फिर से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने होंगे नहीं तो उन्हें परीक्षा के दौरान परेशानी हो सकती है।

प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई को दो पालियों में होगी। तीनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए करीब 31 सौ छात्रों ने पंजीकरण कराया है। 5 जुलाई को विश्वविद्यालय ने प्रवेश पत्र जारी किए थे लेकिन सोमवार को संशोधित प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा के आवेदन 18 मई से 17 जून तक किए गए थे। इसके बाद 26 जून को 27 और 28 जून दो दिन आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया था। इस दौरान करीब सात सौ से आठ सौ आवेदन बढ़ गए। इसी वजह से परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में कुछ दिक्कत हुई है। कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक अपरिहार्य कारणों से पहले से जारी प्रवेश पत्रों के परीक्षा केंद्रों में संशोधन किया गया है।

ऐसे में अभ्यर्थी वेबसाइट से संशोधित प्रवेश पत्र जरूर डाउनलोड कर लें ताकि उन्हें परीक्षा के दिन कोई परेशानी न हो। एलएलबी और एलएलएम की प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई को सुबह 9 से 10:30 बजे और एमएड की प्रवेश परीक्षा दोपहर 1 से 2:30 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय परिसर, बरेली कॉलेज, केजीके कॉलेज और हिंदू कॉलेज मुरादाबाद में अलग-अलग केंद्र बनाए गए हैं।

## जोधपुर में सम्मानित किए गए आचार्य संजीव रूप



आचार्य संजीव रूप को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बिल्सी**

**अमृत विचार :** वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप का जोधपुर में एक भव्य समारोह में अभिनंदन किया गया। जोधपुर के स्मृति भवन में आयोजित भारतीय आर्य भजनोपदेशक परिषद ने देशभर के चुने हुए विद्वानों का सम्मान किया है जिसमें आर्य समाज गुधनी के अंतरराष्ट्रीय वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप को सम्मानित किया।

### एक टीके से खत्म होगा हेपेटाइटिस पार्वो और डिस्टम्पर

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) का कैड्रेड विभाग पशुओं में हेपेटाइटिस, पार्वो और डिस्टम्पर जैसी गंभीर बीमारियों का एक ही टीके से निवारण के लिए अध्ययन कर रहा है। कैड्रेड के संयुक्त निदेशक डॉ. केपी सिंह के अनुसार हेपेटाइटिस गंभीर बीमारी है, जो पशुओं के लिवर को प्रभावित करती है। अध्ययन का एक हिस्सा हेपेटाइटिस वायरस के प्रभाव को कम करने के तरीकों पर केंद्रित है। पार्वो वायरस कुत्तों के लिए घातक है। यह बीमारी तेजी से फैलती है और इसके कारण मृत्यु दर भी बहुत अधिक होती है। डिस्टम्पर एक वायरस जनित बीमारी है, जो पशुओं के श्वसन, पाचन और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है। इस बीमारी का कोई पूर्ण उपचार नहीं है, इसकी रोकथाम के लिए टीका विकसित करना आवश्यक है।

## आईजीआरएस : शिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन प्रथम

**बरेली, अमृत विचार :** आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में जून में बरेली जोन को प्रथम स्थान मिला है। इसके लिए अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने आईजीआरएस प्रकोष्ठ के तीन पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया। जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण को लेकर प्रदेश स्तर पर जून महीने की मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की गई है। जून में बरेली जोन की छह शिकायतें पहुंची, जिनका गुणवत्तापरक और समय से निस्तारण किया गया। आईजीआरएस प्रकोष्ठ के प्रभारी उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी नरेन्द्र प्रताप सिंह और महिला आरक्षी कली पाण्डेय को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा जोन के मुरादाबाद परिक्षेत्र को प्रथम और बरेली परिक्षेत्र को 16वीं रैंक मिली है। जोन के पांच जिलों बदायूं, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर और संभल को भी पहला स्थान मिला है। वहीं बरेली और रामपुर को 33वीं और शाहजहांपुर और अमरोहा जिले को 55वीं रैंक मिली है।

# नवजातों में निमोनिया की शिकायत बढ़ी

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** बदलते मौसम का असर अब नवजातों पर भी पड़ने लगा है। बारिश के चलते आई ठंडक से नवजातों को निमोनिया हो रहा है। अस्पताल में ऐसे शिशुओं की संख्या हर दिन बढ़ रही है।

जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में नवजात शिशुओं की संख्या बढ़ने लगी है। भर्ती बच्चों में आधा दर्जन निमोनिया पीड़ित हैं। जिला महिला अस्पताल में प्रसव होने के बाद सोमवार को दो नवजातों में निमोनिया का असर दिखा जबकि रविवार को तीन नवजात में निमोनिया था। शनिवार को एक नवजात को निमोनिया हुआ। इन सभी को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। इस वार्ड में दो दर्जन के करीब नवजात भर्ती हैं जिनमें आधा दर्जन निमोनिया से प्रभावित हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डा. कुमार वासु ने बताया कि इन दिनों रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण नमी है। धूप नहीं निकल रही है जिससे मौसम में ठंडक का असर है। बारिश से तापमान नीचे आ गया है। ऐसे मौसम में नवजात को साफ-सुथरे कपड़ों में रखा जाना चाहिए लेकिन नमी होने के कारण कपड़े भी नम होते हैं इसलिए नवजात शिशुओं को अक्सर संक्रमण का डर बना रहता है। नम कपड़ों में रखने से एवं मौसम में बदलाव आने पर जब नमी आती है तो कम वजन के शिशु निमोनिया की चपेट में आ जाते हैं।



निमोनिया पीड़ित नवजात को देखते डा. कुमार वासु ● अमृत विचार

> इस समय कुछ नवजात को निमोनिया का असर है जिन्हें एसएनसीयू में रखा गया है। निमोनिया से पीड़ित नवजात को डा. कुमार वासु गहनता के साथ देख रहे हैं। अभी तक सभी ठीक हैं। लेकिन कुछ का वजन अधिक कम होने से उन्हे गंभीर स्थिति की श्रेणी में रखा गया है। मौसम यदि गर्म होगा तो शिशुओं को कोई दिक्कत नहीं होगी।
> **डा. इंदुकांत वर्मा** – सीएमएस

### निमोनिया से बचाव के उपाय

बदलते मौसम में नवजात को साफ कपड़ों में रखें। उन्हे गर्म कपड़े पहनाएं। गीले कपड़ों से दूर रखें। मां को भी गर्म कपड़े पहनाएं। ठंडी चीजों से परहेज करें। सफाई का विशेष ध्यान रखें। शिशु के आस पास भी गंदगी न होने दें। गर्म पानी से शिशु के शरीर को साफ करें जिससे नवजात को संक्रमण से बचाया जा सके।

## बारिश के कारण काठगोदाम समेत सात ट्रेनें रहीं रद

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मैदानी और पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश के चलते रेल संचालन प्रभावित हो रहा है। जिसके चलते सोमवार को मुरादाबाद रूट से गुजरने वाली काठगोदाम संपर्क क्रांति, पूर्णागिरी एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन समेत सात ट्रेनें रद रहीं। कोसी नदी पर बने पुल तक बरसात का पानी पहुंचने से रेल मुख्यालय ने ट्रेनों का संचालन रद कर दिया। काशीपुर रेल सेक्शन पर बने पुल तक पहुंचने से लालकुआं और काशीपुर से मुरादाबाद के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों को रद किया है। काठगोदाम-दिल्ली के बीच चलने वाली काठगोदाम संपर्क क्रांति 15036-35 को रद कर दिया। टनकपुर-दिल्ली 12035, टनकपुर-सिंगरौली- 15074 व टनकपुर-दौरई एक्सप्रेस 05097 व रामनगर-मुरादाबाद व लालकुंआ-मुरादाबाद पैसेंजर ट्रेन को दिया गया है। बाघ एक्सप्रेस, नई दिल्ली-काठगोदाम शताब्दी को रुद्रपुर सिटी, दिल्ली-टनकपुर पूर्णागिरी को इज्ज्तनगर बरेली और लखनऊ काठगोदाम को पंत नगर तक की संचालित किया गया।

## बिल्सी में आरएसएस ने कराया सहभोज कार्यक्रम



सरस्वती गोशाला स्कूल में सहभोज करते लोग ● अमृत विचार

**संवाददाता, बिल्सी।** नगर स्थित सरस्वती गोशाला स्कूल में बीते रविवार की शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से सामाजिक समरसता के लिए सहभोज कार्यक्रम का आयोजित किया गया जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम मे शामि विभाग आर्यवाह सत्यप्रकाश ने कहा कि सामाजिक समरसता लिखने-पढ़ने व भाषण का विषय नहीं हो सकती, उसे जीवन में उतारना होता है। कार्यक्रम में राजीव कुमार सिंह, डा.उमेंद्र कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार सिंह, अखिल मालपाणी, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में त्वचा के मरीजों की संख्या बढ़ी

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- तीन सौ मरीजों तक पहुंच रही जिला अस्पताल की ओपीडी
- जिला अस्पताल में सुबह से मरीजों की लग रही लाइन

**अमृत विचार :** बारिश के बाद उमस और गर्मी के कारण बुखार और खांसी लोगों को परेशान कर रही है। वहीं त्वचा संबंधी बीमारियां भी जकड़ रही हैं जिसमें दाद, खाज, खुजली के बड़ी संख्या में मरीज जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। त्वचा रोग से परेशान मरीजों की संख्या तीन सौ तक पहुंच रही है।

इन दिनों बारिश के बाद उमस से लोग परेशान हैं। कई दिनों तक रुक-रुक कर हुई बारिश में गीले कपड़े पहनने से खुजली, दाद जैसे त्वचा रोग होने लगे हैं। वहीं उमस से गर्मी बढ़ने लगी है। शरीर पर पसीना आता है और सूख जाता है जिससे त्वचा पर दाने पड़ रहे हैं। उन दानों को खुजलाने से दाद और खुजली हो रही है। सुबह से दोपहर एक बजे तक ऐसे मरीजों की लाइन लगी रहती है। त्वचा रोग से पीड़ित मरीजों का कहना है कि करीब 15 दिन से दवाएं ले रहे हैं फिर भी खुजली कम नहीं हो रही है। घर में किसी एक को यदि त्वचा रोग है तो कुछ ही दिनों में दूसरे लोगों को भी खुजली हो रही है। एक घर में दो से तीन लोग दाद खाज के मरीज हैं। इस बीमारी में दवाएं भी जल्द काम नहीं करती हैं। हैं।



मरीजों को देखते त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. श्रीपाल सिंह ● अमृत विचार

> कई दिनों से मौसम ठंडा गर्म हो रहा है जिससे त्वचा संबंधी बीमारियां होने लगी हैं। ऐसे मौसम में दाद, खाज, खुजली अधिक होती है। इसलिए जिला अस्पताल में करीब तीन सौ मरीज हर दिन त्वचा रोग के आ रहे हैं। मरीज को पांच दिन की दवा दी जा रही है। उसके बाद भी मरीजों को आराम नहीं मिल रहा है। हर साल बारिश में इस तरह दाद खाज की बीमारी फैलती है जो एक महीने से अधिक समय तक मरीज को परेशान करती है।
> **– डा. श्रीपाल सिंह** – त्वचा रोग विशेषज्ञ

### कैसे करें बचाव

इन दिनों उमस और गर्मी हो रही है। इसलिए साफ कपड़े पहने। अपने आसपास गंदगी न होने दें। साबुन से नहाएं। यदि किसी को खुजली है तो वह परिवार के अन्य लोगों से दूर रहे। नियमित दवाएं लें। हरी सब्जियों का सेवन करें। सोते समय गीले कपड़े अलग रखें। अपने कपड़े स्वयं साफ करें जिससे अन्य लोग संक्रमित न हों।

## सांसद ने दिया समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन



दातागंज में लोगों से मिलते सांसद आदित्य यादव। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार :** बदायूं सांसद आदित्य यादव दातागंज में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव के आवास पर पहुंचे। सपा कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य लोगों से बात की। उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया।

सांसद ने कहा कि सपा कार्यकर्ताओं की मेहनत व उत्तर प्रदेश की सम्मानित जनता के रिकॉर्ड तोड़ समर्थन के बल पर पार्टी ने एतिहासिक सीट जीतकर देश की तीसरे नंबर की पार्टी बनी है। पार्टी के नेता धर्मेंद्र यादव के बदायूं से पिछले 15 के रिश्तों की बदौलत जनता ने उन्हें आशीर्वाद देकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचाया है। अवनीश यादव, सुरेंद्र सिंह, दलवीर सिंह, जितेंद्र यादव, बलवीर सिंह, भानु प्रकाश, जितेंद्र यादव, नरोत्तम कश्यप, डॉ. राशिद, रउफ अंसारी, सली रज़ा मौजूद रहे।

**अनदेखी** | जिला महिला अस्पताल की कैंटीन में सफाई की व्यवस्था नहीं, खाना बनाने वाली महिलाएं भी परेशान

# कूड़े के ढेर के पास बनाया जा रहा मरीजों का खाना

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में गंदगी का ढेर है। मरीजों को दिया जाने वाला खाना उसके पास ही बनाया जाता है। खाना बनाने वाली रसोइया भी गंदगी से परेशान हैं। रसोई में कीड़े घूमते रहते हैं जिससे खाना बनाने में भी परेशानी होती है। अस्पताल प्रशासन सफाई कराने को तैयार नही है।

जिला महिला अस्पताल में हर जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। बारिश का गंदा पानी नालियों से बाहर नहीं निकल पाने से सड़ रहा है। उसमें मच्छर पैदा हो रहे हैं। मुख्य गेट से लेकर सीएमओ कार्यालय परिसर तक जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। जिला महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं के लिए जिस जगह पर खाना बनाया जाता है, उसके मुख्य गेट पर पूरे अस्पताल की गंदगी डाल दी जाती है। यह गंदगी कई कई दिनों तक साफ नहीं की जाती है। इसी कूड़े के ढेर के पास प्रेरणा कैंटीन हैं, जिसमें मरीजों के लिए खाना बनाया जाता है। खाना बनाने वाली रसोइयों का कहना है कि गंदगी से कीड़े निकल कर रसोई में आ जाते हैं। कुत्ता और गौवंश अक्सर गंदगी में घूमते हैं। बारिश में यहां पर पड़ा कूड़ा सड़ रहा है जिससे दुर्गंध आती है। दुर्गन्ध के कारण उन्हें खाना बनाने में दिक्कत होती है।

प्रेरणा कैंटीन के मुख्य गेट पर बारिश का पानी भर गया है जो सड़ रहा है। इस गंदे पानी में मच्छर भी पैदा हो रहे हैं। रसोई घर के बाहर कभी सफाई नहीं की जाती है जबकि अंदर खाना बनाने वाली महिलाएं ही सफाई करती हैं। यहां पर कभी सफाई कर्मचारी नहीं आता है। इसलिए गंदगी के ढेर लगे रहने से परेशानी होती है।



कैंटीन के पास लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

> जिला महिला अस्पताल में ठेका पर सफाई करने वाले हैं। वह लोग पूरे अस्पताल की सुबह सफाई करते हैं और कूड़ा एक ओर डाल देते हैं। वहां से गाड़ी में भर कर बाहर ले जाते हैं। कभी-कभी कूड़ा उठ नहीं पाता है, इसलिए गंदगी रहती है। सफाई कर्मियों से यदि दबाव में काम कराया जाता है तो वह काम बंद कर देने की धमकी देते हैं। इसलिए उन लोगों से कुछ कहा नहीं जाता है। उनसे फिर भी कहा जाएगा और सफाई कराई जाएगी।
> **-डॉ. इंदु कांत वर्मा** – सीएमएस

### कई बार कहा गया नहीं दिया ध्यान

प्रेरणा कैंटीन के ठीक सामने चाइल्ड हेल्प लाइन कार्यालय है। इसमें आधा दर्जन कर्मचारी बैठते हैं। उसके बराबर में महिला पुलिस चौकी है। उसमें भी दर्जनभर महिला पुलिस कर्मचारी हैं। इन लोगों का कहना है कि सामने ही गंदगी का ढेर लगा होने से यहां बैठना मुश्किल है। कई बार सफाई कराने को कहा गया मगर किसी ने ध्यान नही दिया।

## हत्यारोपी को आजीवन कारावास, 30 हजार जुर्माना

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- वादी को दी जाएगी जुर्माना की आधी धनराशि
- एक आरोपी की हो चुकी है मौत, एक अन्य बरी

**अमृत विचार :** त्वरित न्यायालय की अपर सत्र न्यायाधीश मिर्जा जीनत ने हत्या के 14 साल पुराने मामले में दोषी को आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की आधी धनराशि वादी को देने का आदेश दिया है। मुकदमा के विचारण के दौरान एक आरोपी की मौत हो चुकी है जबकि एक अन्य आरोपी को बरी किया गया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव बरखेड़ा जयवीर सिंह ने 5 जून 2010 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि रात लगभग साढ़े 11 बजे उनके पिता अंगद सिंह घर के आंगन में सो रहे थे। गांव परसेना निवासी मुकेश सिंह, वीर सिंह पुत्र नन्हें, सत्यवीर सिंह पुत्र कस्तूरी और राम रहीस पुत्र गुलफाम सिंह तमंचे लेकर उनके घर में घुस आए। गोली अंगद सिंह की कोख में लगी और मौके पर ही मौत हो गई। मुकदमा के दौरान एक आरोपी मुकेश की मौत हो गई। सोमवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। एडीजीसी ओमपाल कश्यप और बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद आरोपी वीर सिंह को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है जबकि श्याम सिंह को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया।

## आयकर छापे की सूचना पर सराफा व्यापारी दुकानें बंद कर भागे

**खुटार, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर खुटार के एक सराफा व्यापारी की खबर चलने के बाद सोमवार को आयकर विभाग और वाणिज्य कर के अधिकारियों ने छापेमारी करने के लिए खुटार पहुंचे। लेकिन इससे पूर्व में ही सराफा व्यापारियों ने दुकानों के शटर डाल दिए।

कुछ दिन पहले एक सराफा व्यापारी की दुकान पर दो महिलाएं जेवर गिरवी रखने गई थी। लेकिन कम टंच का जेवर बताकर पुलिस को सूचना देकर पकड़वा दिया था। सोमवार दोपहर बाद तीन बजे सराफा व्यापारियों को सूचना मिली कि लखनऊ से वाणिज्य और आयकर विभाग की संयुक्त टीम में नगर में है। इससे पहले ही सर्राफा व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दी।

## एक नजर

### डिवाइडर से बाइक टकराई, महिला की मौत

जलालाबाद, अमृत विचार : मीरानपुर कटरा रोड–फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर सोमवार दोपहर गुनारा के सामने तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इसमें बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका देवर और पुत्र घायल हो गये। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक ने चलती बाइक पर जेब से मोबाइल निकालकर बात करने के लिए कान पर लगाया। तभी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हरदोई के थाना पचदेवरा के गांव पतिहरा निवासी शीला (35) पत्नी रिंकू का मायका मीरानपुर कटरा के गांव इंदुपुर में है। जहां सोमवार को उसके चचेरे भाई सतीश का तिलक समारोह था। मंगलवार को बारात जानी है। इससे शीला अपने देवर रोहित के साथ बाइक पर मायके जा रही थी।

### पेड़ से लटका मिला शव, शिनाख्त नहीं

सहारनपुर। जिले में सोमवार को एक व्यक्ति का शव एक खेत में आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। पुलिस अधीक्षक (देहात) सागर जैन ने बताया कि गंगोह थाना क्षेत्र के शकरपुर गांव में मोनू नाम के एक युवक की खेत में खाद डालते समय आम के पेड़ पर लटके हुए शव पर नजर पड़ी, जिसके बाद उसने पुलिस को घटना की सूचना दी। जैन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। उन्होंने बताया कि क्षत-विक्षत शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। अधिकारी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि शव कई दिनों से पेड़ पर लटका हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

### माता-पिता और बेटे की गला रेतकर हत्या

गाजीपुर। जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात में अज्ञात लोगों ने एक दंपति और उनके बेटे की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि 7–8 जुलाई की मध्य रात्रि को करीब 2 बजे नंदगंज थाना क्षेत्र के कुसुम्हीकला गांव के खिलवां मौजा निवासी मुंशी बिंद (45), उसकी पत्नी देवंती बिंद (40) और बेटे रामाशीष बिंद (20) की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। सिंह के मुताबिक, फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की और अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### लग्न में मारपीट, दुल्हन का शादी से इन्कार

संभल। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी पुत्री की शादी बदायूं जनपद के फैजगंज बेहटा क्षेत्र के पहाड़पुर निवासी युवक के साथ तय की थी। शादी तय होने के उपरांत लड़की पक्ष 6 जुलाई को लग्न चढ़ाने पहाड़पुर गया तो खाना खाने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद होने पर लड़के पक्ष के लोगों ने दुल्हन के पिता व अन्य परिजनों को लाठियों से पीटा। सोमवार को दूल्हे पक्ष के लोग बरात लेकर जुनावई के गांव में पहुंचे तो लड़की पक्ष के लोगों ने उन्हें आड़े हाथ ले लिया। ग्रामीणों के तेवर देख बरात में शामिल तमाम लोग भाग गये। दूल्हा व कुछ महिलाएं रह गईं तो दुल्हन ने शादी से साफ इन्कार कर दिया। इसके बाद लग्न में दिया गया सामान वापस करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दूल्हे व महिलाओं को रोक लिया। मामला गांव में न निपटने पर सोमवार शाम को जुनावई थाने में पहुंच गया। जहां लड़की के पिता ने थाना प्रभारी अनिल कुमार से साफ कह दिया कि मेरी बेटी किसी भी कीमत पर शादी नहीं करना चाहती है। थाना प्रभारी ने कहा कि दोनों पक्ष आपस में बात कर विवाद निपटाने का प्रयास कर रहे हैं।

# झील में डूबने से पांचवीं की छात्रा ने दम तोड़ा

## एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने झील से निकाला 10 साल की शशि का शव

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : झील पार कर रही 10 वर्षीया छात्रा की पानी में डूबकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद छात्रा के शव को झील से बाहर निकाला। 10 वर्षीया शशि गांव के ही प्राथमिक स्कूल में कक्षा पांच की छात्रा थी। स्कूल खुलने के कारण वह मामा के घर से अपने गांव आ रही थी। रास्ते में झील के पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मचा है।

तहसील क्षेत्र के गांव विराम का मझरा निवासी शिशुपाल की 10 वर्षीया बेटी शशि कुछ दिन पूर्व थाना गंज के गांव अजयपुर निवासी अपने मामा के घर गई थी। कई दिन से पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के चलते तालाब और झील लबालब हो गए हैं। शशि परिजनों के साथ मामा के घर से वापस आ रही थी। गांव पहुंचने के लिए रास्ते में पड़ने वाली झील को पार करना पड़ता है। बालिका परिजनों के साथ झील को पार कर रही थी। इस दौरान वह पानी में डूब गई। मौजूद परिजनों ने शोर मचा दिया। बालिका पानी के बहाव में हाथ-पांव मारने लगी और डूबती चली गई। मौके पर अन्य परिजन व ग्रामीण भी पहुंच गए। उन्होंने शशि को तलाशना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडेय, तहसीलदार अशोक संत व कोतवाल संदीप त्यागी भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने घटना के बारे में जानकारी दी। घंटे भर की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने शशि के शव को झील से निकाल लिया।



सीएचसी में मौजूद क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडेय व पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार



जिला अस्पताल में खड़े मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

### एक घंटे बाद झील में मिला शव

झील पार करते समय बालिका बहाव तेज होने के कारण बहती चली गई। यह देख परिजनों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बालिका को तलाशना शुरू कर दिया। करीब एक घंटे बाद लोगों ने उसके बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### तीन भाइयों की इकलौती बहन थी शशि

बेटी की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि शशि तीन भाइयों की इकलौती बहन थी। इकलौती बेटी होने के कारण सभी उसे बहुत प्यार करते थे।

# दावत को लेकर भाइयों में लाठियां चलीं, एक की मौत

संभल/रजपुरा संवाददाता

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव भीकमपुर जागीर निवासी रामवीर (45 वर्ष) पुत्र रामेश्वर के नाती बॉबी का मुंडन संस्कार सोमवार को गंगातट राजघाट पर होना था। रविवार को देर शाम रामवीर कुनबे के चचेरे तहेरे भाइयों हरवंश व बाबाजी के यहां मुंडन संस्कार की दावत का निमंत्रण देने पहुंचा। रामवीर की इस परिवार से रंजिश थी लेकिन वह उन्हें दावत में बुलाकर रंजिश खत्म करना चाहता था। रामवीर ने निमंत्रण दिया तो हरवंश व बाबाजी ने कुछ कह दिया। इसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। बात बढ़ी तो बाबाजी, हरवंश, कालीचरन ने रामवीर पर लाठी डंडों से वार कर दिया। शोर सुनकर रामवीर पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद दोनों पक्षों में लाठी डंडों से जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से रामवीर, दिनेश, बिल्लू, रामेश्वर तथा दूसरे पक्ष से हरवंश, बाबाजी, कालीचरन घायल हो गए। ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों पक्षों को अलग करके शांत किया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जहां से गंभीर हालत में रामवीर को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में सोमवार को सुबह करीब पांच बजे रामवीर की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### पर्यटन स्थलों की होगी ब्रांडिंग और मार्केटिंग

लखनऊ, अमृत विचार : पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग होगी। इसके लिए आईआईएम द्वारा संचालित सेंटर फॉर मार्केटिंग इन इमर्जिंग इकोनॉमीज (सीएमईई) में 'डेस्टिनेशन इमेज पर्सेप्शन' विषय शोध हुआ है। पर्यटन स्थलों को भविष्य की जरूरत के अनुसार विकसित किया जाएगा। पर्यटनमंत्री ने सोमवार को जारी बयान में जानकारी दी।

# ढाबा पर खाना खाने जा रहे मामा भांजे की वाहन की टक्कर से मौत

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

अमृत विचार : कटरा-फर्रुखाबाद पर रविवार रात सलेमपुर गांव के सामने किसी तेज रफ्तार वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार मामा की मौके पर मौत हो गयी। जबकि भांजे ने मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों मामा-भांजे ढाबे पर खाना खाने के लिए जा रहे थे।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव छिकड़ापुर निवासी करन (26) पुत्र राजकुमार तथा उसका भांजा अनूप कुमार (22) मजदूरी करते है। रविवार रात आठ बजे दोनों काम करने के बाद घर लौटे। इसके बाद दोनों ने ढाबे पर खाना खाने का प्लान बनाया। करीब रात सवा दस बजे करन ने बाइक निकाली और अपने भांजे अनूप को साथ बैठाकर कटरा-मदनापुर रोड स्थित एक ढाबे पर खाना खाने के लिए चल दिए। रास्ते में सलेमपुर गांव के सामने किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग बाइक से नीचे सड़क पर जा गिरे।

इसमें गंभीर चोटें आने से करन की मौके पर मौत हो गयी। जबकि अनूप गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना पर पहुंची मदनापुर पुलिस ने उनके परिवार वालों को सूचना दी। पुलिस ने घायल अनूप को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### काश! मां की बात मान लेता करन

काम से लौटने पर करन ने अपनी मां से पूछा कि खाना क्या बनाया है। उन्होंने कहा कि दाल–रोटी और घुइया की सब्जी बनाई है। घर में बना खाना करन को पसंद नहीं आया और ढाबे पर खाने का मन बना लिया। उन्हें जाते देख करन की मां ने रोका। कहा कि इतनी रात हो गयी है, ढाबे पर खाना खाने मत जाओ। मगर करन ने मां की बात नहीं मानी। केवल इतना जवाब दिया कि अभी लौटकर आ रहे हैं। मां देर रात उनका इंतजार करती रही। करन और उसका भांजा अनूप तो नहीं लौटे, उनके मरने की खबर पुलिस ने दी। करन चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। अनूप चार भाइयों में तीसरे नंबर का था।

## एक्सप्रेस-वे की उम्र बढ़ाने की तकनीक खोजेगा आईआईटी

कानपुर, अमृत विचारः भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर को भारत सरकार के सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने एक्सप्रेस-वे और कॉरिडोर की उम्र बढ़ाने के लिए तकनीक और पदार्थ खोजने का प्रोजेक्ट सौंपा है। आईआईटी के उपनिदेशक का कहना है कि शोध और अनुसंधान के जरिए ऐसी तकनीक और निर्माण सामग्री का पता लगाया जाएगा, जिससे देश में एक बार बनने के बाद किसी भी एक्सप्रेस-वे की उम्र 50 साल तक रहे।

देश में तेजी से एक्सप्रेस-वे और कॉरिडोर का जाल बिछाया जा रहा है। लेकिन अक्सर एक्सप्रेस-वे की सड़क धंसने या दरकने की सूचनाएं भी आती रहती हैं।

# मुरादाबाद से चंदौसी होते हुए बरेली तक संचालित होगी ईएमयू ट्रेन

मुरादाबाद कार्यालय

- नई ट्रेन के संचालन के लिए रेलवे प्रशासन ने मुख्यालय भेजा प्रस्ताव

अमृत विचारः रेलवे प्रशासन जल्द ही मुरादाबाद से बरेली के लिए नई ईएमयू ट्रेन संचालित करने जा रहा है। यह ट्रेन मुरादाबाद से चंदौसी होते हुए बरेली के लिए प्रतिदिन संचालित की जाएगी। जिसके लिए रेलवे प्रशासन ने मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा है। इस ट्रेन से दैनिक यात्री, विद्यार्थी व काम के सिलसिले में बरेली जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।

रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए लगातार बेहतर फैसले ले रहा है। इसी बीच रेलवे ने यात्रियों के सफर को आसान बनाने के लिए रेल प्रशासन ने मुरादाबाद से बरेली के बीच नई ट्रेन को चलाने का प्रस्ताव बनाया है। यह ट्रेन इलेक्ट्रिक होगी और वायां चंदौसी होकर संचालित होगी। इलेक्ट्रिक ट्रेन के संचालन का फायदा रेल यात्रियों को होगा। मुरादाबाद से चंदौसी और चंदौसी से बरेली के बीच रोजाना बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही होती है। चंदौसी रूट पर मछरिया, फरेदी, राजा का सहसपुर के अलावा बरेली से चंदौसी की ओर तमाम लोगों की आवाजाही है। बड़ी संख्या में मजदूर, दैनिक यात्री और छात्र-छात्राएं जॉब तथा उच्च व माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में आते-जाते हैं। अभी रेलवे में चंदौसी से मुरादाबाद तक कई ट्रेनें संचालित हो रही हैं। जिसमें चंदौसी से मुरादाबाद तक सुबह चार बजे से पैसेंजर ट्रेनें हैं। जिनमें तीन सुबह और एक रात में पैसेंजर ट्रेन चलती है। बरेली से रामपुर होकर तमाम ट्रेनें संचालित हैं। लेकिन, कुछ साल पहले ऊना हिमाचल, डुप्लीकेट पंजाब मेल, आगरा कैंट-बांदीकुई ट्रेनों के संचालन के दौरान अकेले चंदौसी यूटीएस पर रोजाना पांच हजार टिकटों की बिक्री होती थी।

> मुरादाबाद से बरेली के लिए नई ट्रेन चलाने का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया है। यह ट्रेन मुरादाबाद से चंदौसी होकर बरेली तक संचालित होगी। इस रूट पर नई ईएमयू ट्रेन का संचालन किया जाएगा। जिसके लिए जोन मुख्यालय को प्रस्ताव बनाकर भेजा है। ईएमयू की टाइमिंग को लेकर अभी निर्णय नहीं हुआ है। –**आदित्य गुप्ता**, सीनियर डीसीएम

# बहन से झगड़ा होने पर खुद को किशोरी ने लगाई आग

संवाददाता, पूरनपुर

- चीखने की आवास सुन पहुंचे परिजनों ने किशोरी को बचाया
- उपचार के लिए आनन-फानन में सीएचसी में कराया गया भर्ती

अमृत विचारः छोटी बहन से विवाद होने के बाद नाराज किशोरी ने खुद को आग लगा ली। चिल्लाने पर उसे परिजनों ने बचाया। उपचार के लिए किशोरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवंतापुर की रुकमणी और कामिनी पुत्री रामकृष्ण सोमवार को अपने घर पर थी। दोनों बहनों में खाना बनाने को लेकर झगड़ा हो गया। इस दौरान घर में अन्य परिजन नहीं थे। छोटी बहन से नाराज हुई रुक्मणी ने घर में रखी डीजल से भरी पिपिया अपने ऊपर उड़ेल ली और माचिस से खुद को आग लगा ली। झुलसने पर किशोरी चीखने चिल्लाने लगी। इस पर उसकी मां घर पहुंच गई। किशोरी को लपटों में जलता देख घबराई मां भी शोर मचाने लगी। आस पड़ोस के लोग उनके घर पहुंच गए। उन्होंने आग की लपटों में घिरी किशोरी को बमुश्किल बचाया।

आग लगने से रुकमणी गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद किशोरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीएचसी के डॉक्टर राशिद ने बताया कि किशोरी के हाथ और शरीर का आधा हिस्सा ज्यादा झुलसा है। उसे बर्न यूनिट रेफर कर दिया गया है।

### सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की बढ़ेगी क्षमता

लखनऊ, अमृत विचार : राजधानी के बारीकला में एक एमएलडी एसटीपी की क्षमता को बढ़ाकर 3.5 एमएलडी क्षमता के निर्माण के लिए 27.02 करोड़ रुपये की मंज़ूरी दी गई है। इससे सीवेज के बढ़ते प्रवाह को 'ट्रीट' कर मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट कार्यों को मज़बूत बनाया जा सकेगा। इसके साथ ही, देवबंद में इंटरसेप्शन एंड डायवर्जन और एसटीपी कार्यों के लिए 134.71 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी गई है। इससे स्थानीय जल निकायों के प्रदूषण व सीवेज को रोकने व मोड़ने में मदद मिल सकेगी। शासन के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ–2025 को भव्य बनाने में जुटी है। नमामि गंगे मिशन ने प्रयागराज महाकुंभ के मद्देनज़र स्वच्छता संबंधित बुनियादी ढांचों के निर्माण के लिए कुल तीन परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है, इसकी लागत 211.08 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ 2025 के लिए स्वच्छता संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए 152.37 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

**चिंता** चार्टन लॉज में हो रहे भूस्खलन ने ताजा की 144 साल पुराने हादसे की याद

# भूस्खलन के चलते नैनीताल के लोगों में दहशत

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : बीते लंबे समय से चार्टन लॉज की पहाड़ियों में हो रहे भूस्खलन से अब स्थानीय लोगों में दहशत है तो वहीं क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन ने 144 साल पुरानी यादें ताजा करवा दी हैं।

ब्रिटिश काल में 18 सितंबर 1880 को को विनाशकारी भूस्खलन की चपेट में आने से 43 ब्रिटिश शासकों समेत 150 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी, 144 साल के बाद एक बार फिर से क्षेत्र की पहाड़ियों में इस तरह की हलचल देखने से स्थानीय लोगों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। जो वैज्ञानिकों को 144 साल पहले हुई घटना को याद करवाते हुए नैनीताल वाशियो को एक बड़ी चेतावनी दे रहा है। नैनीताल के प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर अजय रावत बताते हैं सन 1880 में नैनीताल के इतिहास का सबसे बड़ा भूस्खलन हुआ था। उस समय 40 घंटे में करीब 838 एमएम बारिश दर्ज हुई थी, जिसकी चपेट में नैनीताल का ऐतिहासिक मां नैना देवी मंदिर समेत कई भवन आ गए।

भूस्खलन की चपेट में आने से नैना देवी मंदिर करीब 500 मीटर आगे खिसक गया। इस विनाशकारी भूकंप को देखने के बाद ब्रिटिश शासकों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे। जिनका पालन करते हुए नैनीताल का अस्तित्व आज तक सुरक्षित है, लेकिन बीते कुछ समय के अंतराल में ब्रिटिश शासको द्वारा बनाए गए नियमों की जमकर धज्जियां उड़ी जिसके चलते अब एक बार फिर से शहर में भूस्खलन के खतरे मंडरा आ रहे हैं। हिल सेफ्टी की कमेटी के नियमों के आधार पर शहर में ब्रिटिश शासको ने 62 नालों का निर्माण किया, ताकि बरसात के दौरान पहाड़ियों से निकलने वाला पानी सीधे नैनी झील में जा सके और शहर के ऊपर स्थित पहाड़ियों की ड्रेनेज व्यवस्था बेहतर हो सके, लेकिन समय के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने इन नालों पर भी अतिक्रमण कर लिया जिसके चलते पहाड़ियों से अब पानी की निकासी नहीं हो पा रही है।



भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र चार्टन लॉज। ● अमृत विचार

### नैनीताल शहर अपनी भार ढोने की क्षमता पूर्ण कर चुका है

प्रोफेसर अजय रावत ने बताया कि एक अध्यन के आधर पर नैनीताल शहर अपनी भार ढोने की क्षमता पूर्ण कर चुका है। जिसको देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1992 में अजय रावत वर्सेस केंद्र सरकार जनहित याचिका में सुनवाई करते हुए नैनीताल शहर में किसी भी प्रकार के व्यवसायिक और बड़े निर्माण के कार्य पर रोक लगा दी थी। ताकि शहर के अस्तित्व को बचाया जा सके लेकिन कोर्ट के आदेश के बावजूद भी नियमों को तक पर रखते हुए शहर में अवैध निर्माण हो रहे हैं जिसके चलते इस तरह की घटना देखने को मिल रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रूकुमपुर, विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रूकुमपुर में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत रूकुमपुर की वित्तीय वर्ष 2024–25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 12 जुलाई 2024 प्रातः 10:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें 15 जुलाई 2024 को अपरान्ह 02:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान–श्री कमरूद्दीन — सचिव–पुष्पेन्द्र कुमार गंगवार

**कार्यालय ग्राम पंचायत सेवाज्वालापुर, विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सेवाज्वालापुर में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत सेवाज्वालापुर की वित्तीय वर्ष 2024–25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 12 जुलाई 2024 प्रातः 10:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें 15 जुलाई 2024 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान–श्रीमती पूनम देवी — सचिव–पुष्पेन्द्र कुमार गंगवार

**कार्यालय ग्राम पंचायत भमौरा, विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भमौरा में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत भमौरा की वित्तीय वर्ष 2024–25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 15 जुलाई 2024 प्रातः 10:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें 16 जुलाई 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान–श्रीमती रेखा शर्मा — सचिव–पुष्पेन्द्र कुमार गंगवार

**कार्यालय ग्राम पंचायत बफरी अब्दुल नवीपुर, विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बफरी अब्दुल नवीपुर में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत बफरी अब्दुल नवीपुर की वित्तीय वर्ष 2024–25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 15 जुलाई 2024 प्रातः 10:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें 16 जुलाई 2024 को प्रातः 11:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान–श्रीमती सीनू राठौर — सचिव–पुष्पेन्द्र कुमार गंगवार

**कार्यालय ग्राम पंचायत डूंगरपुर, विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डूंगरपुर में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत डूंगरपुर की वित्तीय वर्ष 2024–25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 15 जुलाई 2024 प्रातः 10:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें 16 जुलाई 2024 को अपरान्ह 01:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान–श्री चन्द्रपाल — सचिव–पुष्पेन्द्र कुमार गंगवार

**कार्यालय ग्राम पंचायत अगरास, विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अगरास में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत अगरास की वित्तीय वर्ष 2024–25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय / मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 12 जुलाई 2024 प्रातः 10:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें 15 जुलाई 2024 को प्रातः 12:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान–श्रीमती खातून बेगम — सचिव–पुष्पेन्द्र कुमार गंगवार

# छह लाख में से 16,500 शिक्षकों ने ही लगाई ऑनलाइन हाजिरी

## जिलों में प्रदर्शन: शिक्षकों ने किया विरोध, जिलाधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विरोध के बीच सोमवार से शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी लगाई जाने लगी है। प्रदेश में लगभग 6 लाख शिक्षक हैं। पहले दिन 16,500 शिक्षकों ने डिजिटल उपस्थिति दर्ज कराई। दूसरी ओर जिलों में स्कूल छोड़कर शिक्षकों ने जमकर प्रदर्शन किया। काफी संख्या में शिक्षकों ने काला फीता बांधकर भी विरोध जताया।

शिक्षकों कहना है कि वे ऑनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराएंगे। पहले उनकी मांगों को पूरा किया जाना चाहिए। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम और शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी जिलों के बीएसए को शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराने के आदेश जारी किया है।

**उन्नाव में बीएसए को धमकी :** उन्नाव में बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह को शिक्षक नेताओं ने धमकी दी। उन्होंने कहा कि आनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज कराएंगे। वेतन काटने की हिम्मत अगर बीएसए ने दिखाई तो आमरण अनशन पर बैठेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकरियों ने सरकार विरोधी नारे भी लगाए।

### ऑनलाइन उपस्थिति इसलिए है जरूरी



राज्य परियोजना कार्यालय के मुताबिक आनलाइन कई बार निरीक्षण में पाया गया कि शिक्षक समय से विद्यालय नहीं पहुंचते हैं। वहीं, शिक्षकों को ऑफलाइन रजिस्ट्रर वर्क भी बहुत करना पड़ता है। ऐसे में 12 रजिस्ट्रर को आनलाइन करते हुए शिक्षकों की उपस्थिति भी सुनिश्चत की गई है।

> इस व्यवस्था से शिक्षकों का समय बचेगा, मैनुअल रिकार्ड नहीं रखना पड़ेगा। रिपोर्ट स्वत: तैयार होगी। पंजिकाओं के खोने का डर भी नहीं होगा। डेटा भी सुरक्षित और वास्तविक समय में उपलब्ध रहेगा।
>
> –**कंचन वर्मा**, शिक्षा महानिदेशक

# फोरेंसिक जांच के लिए भेजी राइफल एफआईआर दर्ज

- मामा की राइफल से भांजे की मौत का मामला

**लखनऊ, अमृत विचार:** कृष्णानगर के प्रेमनगर में रविवार शाम को खेल-खेल में राइफल से चली गोली से किशोर की मौत के मामले में लापरवाही से शस्त्र रखने को लेकर मामा संजय के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। वहीं जब्त राइफल को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद किशोर के माता-पिता उसका शव कालपी ले गए, जहां देर शाम उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पिता ने पुलिस से कहा कि गलती से घटना हुई है। गौरतलब है कि मृतक किशोर का मामा रविवार को शाम करीब 6 बजे के आसपास संजय राइफल कमरे में रखकर सब्जी लेने चला गया। उसका बेटा दिव्य और भांजा शिवा राइफल से खेल रहे थे। इसी दौरान गोली चली जो शिवा के पेट में लगी और उसकी मौत हो गई।

# नए मेडिकल कॉलेजों में नहीं शुरू होगा पहला सत्र

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- एनएमसी ने पुराने मेडिकल कॉलेजों में चेतावनी के साथ एमबीबीएस सत्र करने की दी मान्यता

**अमृत विचार :** तमाम प्रयासों के बाद भी प्रदेश में 13 नए मेडिकल कॉलेजों को सत्र शुरू करने की अनुमति नहीं मिली है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने शिक्षकों की कमी समेत अन्य मानकों का हवाला देते हुए मान्यता नहीं दी है। वहीं पुराने मेडिकल कॉलेजों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी के बावजूद सत्र शुरू करने की अनुमति प्रदान कर दी है। इस संदर्भ में राज्य सरकार का कहना है कि एनएमसी के साल 2020 के मानक पूरे हैं, इसलिए सत्र शुरू करने की दोबारा अपील की जाएगी।

प्रत्येक साल की भांति एमबीबीएस का सत्र शुरू करने के पहले एनएमसी द्वारा मेडिकल कॉलेजों का निरीक्षण किया गया और मानक के अनुरूप शिक्षकों की कमी के चलते मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। मान्यता न पाने वाले नए मेडिकल कॉलेजों में सोनभद्र, बुलन्दशहर, गोंडा, बिजनौर, चंदौली, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, कौशांबी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, पीलीभीत व ओरैया जिले शामिल हैं।

### पीपीपी माडल पर खुले तीन मेडिकल कॉलेज

शामली, महाराजगंज और संभल में पीपीपी( पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप) माडल पर मेडिकल कॉलेज इस साल शुरू हो जाएंगे। एनएमसी ने इन तीनों को कुल 350 सीटों पर प्रवेश लेने की अनुमति दे दी है। शामली और महाराजगंज मेडिकल कॉलेजों को 150–150 एमबीबीएस की सीटें मिली हैं, जबकि संभल के मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की मात्र 50 सीटों पर प्रवेश लेने की अनुमति दी गई है।

## सार-संक्षेप

### पीसीएस-जे मेंस रिजल्ट में धांधली केस की सुनवाई 12 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीसीएस–जे मुख्य परीक्षा 2022 के परिणाम में गड़बड़ी के मामले में सोमवार को 3 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान मामले में हुई कार्यवाही और आगे की जांच के विषय में जानकारी लेने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को पूरे मामले पर विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले को आगामी 12 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने श्रवण पांडेय की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

### छापा मारकर दो करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी

**लखनऊ, अमृत विचार :** विशेष अनुसंधान शाखा ने एक लोहा कारोबारी की फर्म पर छापा मार कर दो करोड़ की कर चोरी पकड़ी। मौके पर 15 लाख रुपये जमा कराए गए, लेकिन कर चोरी कम से कम दो करोड़ की होने की आशंका है। मामले की जांच जारी है। फर्म संचालकों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी है। सीजीएसटी से पंजीयन निरस्त करने के लिए पत्र लिखा गया है। अपर आयुक्त विशेष अनुसंधान शाखा जोन प्रथम डीपी सिंह के निर्देश पर ज्वाइंट कमिश्नर अरुण शंकर रॉय के नेतृत्व में उपायुक्त विजयपाल सिंह समेत कई अफसरों ने तालकटोरा ऐशबाग स्थित एक लोहा कारोबारी के यहां छापा मारा। जांच–पड़ताल में पता चला कि लखनऊ की इस फर्म ने पश्चिम बंगाल और पंजाब से 9 करोड़ 26 लाख का लोहा खरीद कर बेचा।

### भूमि अधिग्रहण: यथाशीघ्र मुआवजा राशि देने के निर्देश

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 3–डी( 1) के तहत भूमि अधिग्रहण और उसके एवज में देय मुआवजे के नियमों को स्पष्ट करते हुए कहा कि उक्त धारा के तहत घोषणा हो जाने पर भूमि का स्वामित्व केंद्र सरकार में निहित हो जाता है। सरकार में भूमि के निहित हो जाने के परिणामस्वरूप वास्तविक स्वामी भूमि पर अपना अधिकार खो देता है। कोर्ट ने आगे स्पष्ट किया कि उक्त अधिनियम की धारा 3–एच ( 1) में यह आवश्यक प्रावधान है कि राज्य सरकार कब्जा लेने से पहले मुआवजा राशि जमा करेगी, न कि मुआवजा का भुगतान तब किया जाएगा, जब कब्जा लिया जाएगा। इसी पृष्ठभूमि पर कोर्ट ने वर्तमान मामले में एनएचएआई को आदेश दिया कि वह सक्षम प्राधिकारी को मुआवजा राशि उपलब्ध कराए, जिससे याची और अन्य प्रभावित व्यक्तियों को इस आदेश से 4 सप्ताह के अंदर मुआवजा भुगतान किया जा सके।

### पति की आत्महत्या की खबर सुन पत्नी छत से कूदी, मौत

**गोरखपुर, एजेंसी :** गोरखपुर में एक युवती ने पति की आत्महत्या की खबर सुनने के बाद इमारत की दूसरी मंजिल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि संचिता ( 28) ने और हरीश बागेश ( 28) की दो वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। हरीश ने गोरखपुर आने से पहले अज्ञात कारणों से अपनी नौकरी छोड़ दी थी। शुक्रवार को हरीश ने संचिता को बताया कि वह पटना जा रहा है और संचिता उसको रेलवे स्टेशन पर छोड़ने भी गई। इस बीच पुलिस ने रविवार को परिवार को सूचित किया कि हरीश ने सारनाथ के एक होटल के कमरे में फांसी लगा ली, जिसके बाद संचिता ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी।

### शादी समारोह में करंट लगने से दो किशोरों की मौत

सुलतानपुर। सुलतानपुर जिले के एक गांव में शादी समारोह स्थल पर करंट लगने से दो किशोरों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात धनपतगंज थाना क्षेत्र के गांव पियरापार की है। गांव के निवासी विश्राम के घर लड़की की शादी का कार्यक्रम था। उसने बताया कि डीजे की धुन पर नाचने के दौरान केशराम ( 15) और सुरजीत ( 15) बिजली के तार की चपेट में आ गए, जिससे दोनों को करंट लग गया। पुलिस ने बताया कि दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उसने बताया कि दोनों इसी गांव के निवासी थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# खरीद महंगी बिजली की, पर सस्ते में विक्रय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई जांच की मांग, दर तय करने को केस्को में सुनवाई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन प्रदेश में बिजली की किल्लत के समय अन्य राज्यों से महंगी बिजली की खरीद कर रहा है, जबकि सरप्लस बिजली होने पर विक्रय सस्ते में किया जा रहा है।

नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर सुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यह आरोप लगाये। साथ ही, आयोग से सीबीआई से जांच कराने की मांग की। आयोग ने सोमवार को कानुपर स्थित कानपुर इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी केस्को कार्यालय में पहली सुनवाई कर उपभोक्ताओं का पक्ष जाना। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि प्रदेश की बिजली कंपनियों के लिए वर्ष 2023-24 में 2951 मिलियन यूनिट बिजली 2741 करोड़ में खरीदी गई और सरप्लस 6397 मिलियन यूनिट बिजली 2765 करोड़ में बेच दी गई। इसी तरह वर्ष 2024-25 में 3243 मिलियन यूनिट बिजली दूसरे राज्यों से 3096 करोड़ में खरीदी गई, जबकि 1192 मिलियन यूनिट बिजली 473 करोड़ में दूसरे राज्यों को बेची गई। उन्होंने कहा कि बिजली खरीद के लिए कोई पारदर्शी नीति नहीं है।

# छात्रवृत्ति के लिए अब 75% बायोमेट्रिक उपस्थिति जरूरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत पूर्वदशम्, दशमोत्तर और पीएम यशस्वी योजनाओं के तहत दी जाने वाली छात्रवृत्ति (शुल्क प्रतिपूर्ति) अब उन्हीं छात्रों को मिलेगी, जिनकी कक्षाओं में कम से कम 75% उपस्थिति होगी। यही नहीं, छात्रों की उपस्थिति अब आधार बेस्ड बायोमेट्रिक (फेशियल ऑथेंटिकेशन) के जरिए होगी। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में पहले चरण में यह व्यवस्था समूह एक के पाठ्यक्रमों (बीएएमएस, बीबीए, एमबीए, बीडीएस, बीएफएडी, बी फार्मा, बीटेक, एमटेक, आदि पर इसी शैक्षणिक सत्र से सभी शिक्षण संस्थाओं पर लागू होगी।

# बरेली समेत 11 जिलों में विरासत वृक्ष वाटिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वाटिका अगले तीन माह में अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी आदि जिलों में होगी तैयार

**अमृत विचार :** वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत प्रदेशवासियों को चिह्नित विरासत वृक्षों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 11 जिलों में विरासत वृक्ष वाटिका तैयार की जाएगी। आने वाले तीन महीनों में यह वाटिका बरेली, गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, मथुरा, सीतापुर, चित्रकूट व मीरजापुर में तैयार होगी।

प्रत्येक वाटिका में विरासत वृक्ष से तैयार पौधा, टहनी, डाल को अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। शेष पौधे स्थानीय महत्व की प्रजातियों के होंगे। इसके लिए लगभग आठ हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी। प्रभागों द्वारा चिह्नित 11 जिलों में पर्याप्त संख्या में



विरासत वृक्ष से पौधे तैयार करने के लिए प्रत्येक प्रभाग में कम से कम 10 वृक्ष उपलब्ध कराए जाएंगे।

राज्य सरकार विरासत वृक्ष अंगीकरण योजना के तहत उप्र. के 948 विरासत वृक्षों को संवारेगी। 100 साल से अधिक आयु के 28 प्रजाति के वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित किया गया है। इनमें अरु, अर्जुन, आम, इमली, कैम, करील. कुसुम, गूलर, छितवन, चिलबिल, जामुन, नीम, एडनसोनिया, पाकड़, पीपल, पीलू, बरगद, महुआ, बरगद, शामिल हैं।

### आध्यात्म व स्वतंत्रता से जुड़े वृक्ष भी शामिल

विरासत वृक्ष में आध्यात्मिक व स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े वृक्ष शामिल किए गए हैं। योगी के गृह जनपद गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में हनुमान मंदिर, काली मंदिर के समीप व गौशाला के अंदर बरगद व पाकड़ वृक्षों सहित पूरे जिले में 19 वृक्ष विरासत वृक्ष घोषित किए गए हैं। वहीं लखनऊ व वाराणसी के क्रमश: दशहरी व लंगड़ा आम के मातृ वृक्ष, फतेहपुर का बाचन इमली, मथुरा के इमलीतला मन्दिर परिसर का इमली वृक्ष, आर्डिनेंस क्लॉथ फैक्ट्री शाहजहांपुर में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा पीपल वृक्ष शामिल है।

## धर्म दर्शन

# जरासंध का आक्रमण और रणछोड़

कंस की मृत्यु के बाद उसकी दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति अपने पिता मगधराज जरासंध के पास पहुंचकर रोने लगीं। जरासंध श्रीकृष्ण की बढ़ती हुई शक्ति से पहले से ही चिंतित था। उसने मथुरा की ओर कूच कर दिया। वह स्वयं को परम शक्तिशाली समझता था। साम्राज्यलिप्सा थी, इसलिए मार्ग में जो भी राज्य आए (दक्षिणकाशी, दक्षिणकौशल, दक्षिणपंचाल, दशार्ण, वत्स, मत्स्य राज्य) सभी को जरासंध ने चुनौती दी, परास्त किया और उनकी सेनाओं को अपने साथ मिलाकर मथुरा जा पहुंचा। चेदिराज शिशुपाल, बंगराज चित्रसेन तो पहले से ही उसके साथ थे। कुरुराज्य के वृद्ध पितामह भीष्म इस समय सजग थे, लेकिन कुणिक और शकुनि की वजह से हस्तिनापुर (धृतराष्ट्र) ने यादवगण राज्य की कोई सहायता नहीं की। सुधर्मा सभा में उद्धव ने श्रीकृष्ण बलराम को अतिरथी घोषित करने और निरंकुश राज्यों को समाप्त करने का सुझाव दिया। तदनुसार श्रीकृष्ण बलराम के नेतृत्व में यादव सेना उस विशाल सेना पर झपट पड़ी, जिसके सैनिक या तो भाड़े के थे या अनमने थे। शाम होते होते



जरासंध बंदी बना लिया गया था, किंतु कृष्ण की दूरदर्शी नीति के कारण उसे अपमानित करके छोड़ दिया। वह सत्रह बार आया और हर बार हारा। कुरु और पांचाल में भी एकतंत्र शासन था, किंतु उन्होंने यादव गणराज्य और जरासंध के युद्धों को दूर से ही देखा। यादव गणराज्य का प्रभाव शूरसेन जनपद से शूर्पारक (समुद्र) पर्यंत फैल चुका था। जब कृष्ण को गुप्तचर से संदेश मिला कि काल यवन उत्तर-पश्चिम से मथुरा पर आक्रमण करने चल दिया है। तब उन्होंने बलराम से मंत्रणा की कि इस समय यादव प्रजा को कटवाना वीरता नहीं होगी। यादव प्रजा की रक्षा के लिए हमें मथुरा छोड़ देनी चाहिए। वे रणछोड़ कहलाए। जरासंध से यादवसेना की एक और लड़ाई विदर्भ में हुई थी, जब श्रीकृष्ण रुक्मिणी को लेकर द्वारका चल दिए थे। वहां भी यादवसेना से परास्त होकर जरासंध भाग निकला था।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# जैन धर्म में अयोध्या का महत्व

अयोध्या का शाब्दिक अर्थ है- 'अयुद्ध्या' अर्थात युद्ध के अयोग्य। स्पष्ट है यह शब्द युद्ध में शत्रुओं के लिए युद्ध में अयोध्या की अपराजेयता का द्योतक है। जैनियों के अनुसार अयोध्या जैन धर्म के पांच तीर्थं करों क्रमशः ऋषभदेव, अजितनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ और अनंतनाथ की जन्मस्थली रही है। जैनसाहित्य में प्राकृत या अपभ्रंश में दूसरीशती में विमलसूरि द्वारा लिखित "पउमचरियं" (पद्मचरित) विस्तार से रामकथा वर्णित है। जैन साहित्य श्रीराम का मूल नाम "पउम" या पद्म बताता है तथा यह भी स्पष्ट करता है कि अंत मे वह अर्थात श्रीराम जैन संप्रदाय में दीक्षित हो गए थे। जैनसाहित्य में 'पउमचरियं' के अतिरिक्त प्रथम शती में आचार्य यति वृषभ ने अपने 'तिलोयपण्णति' नामक ग्रंथ में अयोध्या के कई नामों का उल्लेख है। संस्कृतभाषा में प्राप्त रविषेणकृत 'पद्मपुवाण', गुणभद्र कृत संस्कृत ग्रंथ सभी के राम का नाम "पद्म" है। यही नहीं बाद मेंलिखित, सभी जैन ग्रंथ एकमत हो, श्रीराम के अंतिम समय में जिनेन्द्र की शरण में जाने का उल्लेख करते हैं। जैन परंपरा में अयोध्या नामक शाश्वत तीर्थ के अयुध्या, विनीतानगरी, साकेत, सुकौशल, रामपुरी और विशाखा जैसे विभिन्न नाम उल्लिखित है। यही नहीं सभी प्रमुख जैन ग्रंथ एक स्वर से, चौबीस तीर्थंकरों में प्रथम ऋषभ देव, द्वितीय अजित नाथ, चौथे अभिनंदन नाथ,पांचवें सुमति नाथ और चौदहवें अनंतनाथ इन पांचों की जन्मभूमि अयोध्या कही गई है। स्पष्ट है कि जैन धर्मावलंबियों के लिये अयोध्या एक अत्यंत पवित्र तीर्थस्थली रही है। परवर्ती ऐतिहासिक ग्रंथों से यह तथ्य निर्विवाद रूप से प्रमाणित है कि बाबर के समय राममंदिर के ध्वस्तीकरण से पूर्व ही मुस्लिम शासकों के शासनकाल में सुनियोजित ढंग से हिन्दू,जैन तथा बौद्ध मंदिरों का ध्वस्तीकरण किया गया। विस्तार भय से, यहां उनका विवरण, अंकित नहीं किया गया है।

अंत में इतना लिखना आवश्यक प्रतीत होता है कि जैन परंपरा में अयोध्या भारत ही नहीं वरन् विश्व का प्राचीनतम ज्ञान केन्द्र रहा है। यही पर प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव ने अपने पुत्रों एवं पुत्रियों को अंक विद्या और लिपि विद्या की शिक्षा दी थी। जैन परंपरा अयोध्या के सरयू तट पर होने का समर्थन करती है। सिखों के लिए भी अयोध्या एक पवित्र स्थान है। गुरु नानकदेव अपनी अयोध्या यात्रा के क्रम में सरयू नदी के तट पर रूके थे। यही नहीं संवत् 1725 में सिक्खों के नवें गुरु तेगबहादुर जी भी अपनी यात्रा के क्रम अपनी पत्नी गुजरी देवी के साथ अयोध्या आए थे। पिथौरागढ़ एवं वर्तमान नवसृजित जनपद बागेश्वर जिले के उत्तरी भाग में स्थित नंदा कोट पर्वत के निकटवर्ती "सरमूल" (सरयू का मूल) नामक स्थान से निकल कर सरयू नदी दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर प्रस्थान करती है। यह उद्गम स्थान रामभक्तों के लिए एक पवित्र तीर्थस्थल के रूप में सम्पूजित हो चुका है। हिमालय की तलहटी में ही आगे चलकर इसमें पूंगुर और लाहूर नदियां मिलती हैं। अपनी प्रवाह यात्रा में आगे चलकर सरयू स्वयं को पिथौरागढ़ जनपद नंदा देवी पर्वतमाला के पूर्वी ढलान से लगभग 3600मीटर या 12,000 फीट की ऊंचाई से निकल, नेपाल और भारत के बीच सीमारेखा बनाकर बहने वाली महाकाली या काली नदी में प्रवेश कर जाती है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## वर्ग पहेली-125

**बाएं से दाएं**

1.1. हाथ की सफ़ाई, ऐसा काम या खेल जिसका रहस्य दर्शक न समझ कर आश्चर्यचकित हों, अलौकिक या अमानवीय समझा जाने वाला कार्य, बाज़ीगरी, नज़रबंदी, इंद्रजाल, (मैजिक) 2. दूसरों को मोहित करने या लुभाने की शक्ति, वशीकरण, मोहिनी, माया, जंतर–मंतर, टोना। (मु.) –करना : किसी को चमत्कृत करना, वश में करना। –चलना : जादू का प्रभाव होना, किसी बात का असर होना। –डालना : जादू करना, मोहित करना, प्रभाव डालना।

3. इंद्र का हाथी ऐरावत।

6.1. मैलापन, गंदगी 2. गाढ़ापन 3. मोटाई, स्थूलता।

7.1. जिसमें तथ्य एवं वास्तविकता न हो 2. ऊपरी, बाहरी, दिखाऊ 3. नकली, कृत्रिम।


**ऊपर से नीचे**

1.1. मध्यकाल में राजा या राज्य की ओर से विशेष सेवा के बदले या पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली भूमि या प्रदेश 2. संपत्ति 3. (अ–अ.) पुराने समय में गांव में नाई

2.1. पाला पड़ना 2. बरफ गिरना, हिमपात 3. ऐसा प्रहार जो विनाश का सूचक हो 4. अरमानों या आशाओं पर पानी फिरना,निराश होना।

4. तीसरी बार।

5.1. विस्तृत करना, फैलाना, छितराना 2. आगे की ओर करना, आगे बढ़ाना



### वर्ग पहेली -124 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 पे |
| धि | ■ | 3 रि | हा | इ | श |
| रो | ■ | सा | ■ | ■ | गी |
| 4 ह | थ | ल | प | 5 क | ■ |
| ण | ■ | दा | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | र | ■ | हं | ■ |
| 6 स | रो | ■ | 7 आ | स | रा |

## सुडोकू -38

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 1 | 5 | | | | 6 |
| | 6 | | 8 | | | 7 | | |
| 2 | 5 | | 9 | | | 4 | 1 | |
| | | 8 | | 3 | | | | 1 |
| | 7 | | | | | | 6 | |
| 9 | | | | 2 | | 5 | | |
| | 1 | 3 | | | 5 | | 9 | 2 |
| | | 4 | | | 6 | | 3 | |
| 6 | | | | 9 | 8 | | 4 | |

### सुडोकू -37 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 | 2 |
| 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जुलाई मंगलवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–आषाढ़, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–तृतीया 06.08 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–वर्षा।
चन्द्रबल–वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–अश्लेशा 07.52 तक तत्पश्चात मघा।


मेष
आज व्यापार में आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। किसी कार्य के बनते बनते विघ्न बाधा आ जाएगी। नौकरी में उच्च अधिकारी से व्यर्थ का वाद विवाद हो सकता है। भोग विलास पर अत्यधिक धन खर्च होगा।


वृष
आज भूमि क्रय–विक्रय से धन लाभ होगा। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सफलता से मनोबल बढ़ेगा। नया व्यापार शुरू कर सकते हैं।


मिथुन
आज नौकरी में उच्च अधिकारी से निकटता बढ़ेगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। सामाजिक कार्य में आपकी सक्रिय भूमिका रहेगी। किसी महत्वपूर्ण अभियान, आंदोलन का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त होगा।


कर्क
आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत लोगों को कोई सुखद सूचना मिलेगी। देव स्थल के दर्शन हेतु तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। बुजुर्ग परिजनों के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में नए सहयोगी बनेंगे।


सिंह
आज किसी महत्वपूर्ण कार्य में अकारण व्यवधान आ सकता है। रोजगार के लिए इधर से उधर भटकना पड़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति पर अधिक भरोसा करना घातक सिद्ध हो सकता है। उद्योग धंधे की योजना को खूब सोच समझकर गुप्त रूप से आगे बढ़ाएं।


कन्या
आज राजनीति में उच्च पद मिलने के योग हैं। नौकरी में अधीनस्थ से निकटता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी मिलने के योग है। धन संपत्ति मिलने की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। वाहन खरीदने के इच्छुक लोगों को सफलता मिलेगी।


तुला
आज किसी महत्वपूर्ण योजना पर कार्य करेंगे। किसी पुराने मुकदमे में जीत आपकी होगी। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। शुभ समाचार प्राप्त होगा।


वृश्चिक
आज किसी लंबी यात्रा अथवा विदेश यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। पैतृक धन संपत्ति को लेकर परिवार में वाद हो सकता है। आप किसी के कहे सुने में न आएं। उद्योग धंधे में किसी अनुभवी व्यक्ति से विशेष सहयोग मिलेगा।


धनु
आज परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन होगा। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से सहयोग, सानिध्य मिलेगा। नया कार्य आरंभ कर सकते हैं। बौद्धिक कार्य लोगों को सफलता एवं सम्मान मिलेगा। किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है।


मकर
आज उद्योग धंधे की कोई बड़ी बाधा सरकारी मदद से दूर होगी। राजनीति में सहयोगी लाभकारी सिद्ध होंगे। खाद्य पदार्थों के व्यवसाय से जुड़े लोगों को विशेष लाभ होगा। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संपन्न होगा।


कुंभ
आज किसी व्यापारिक योजना के सफल होने के योग हैं। नौकरी में आपके कार्य से बॉस का ध्यान आपकी ओर आकर्षित होगा। किसी प्रियजन के कारण समाज में मान, प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अस्त्र–शस्त्र में अभिरुचि रहेगी। शस्त्र खरीदने की योजना बन सकती है।


मीन
आज नौकरी में नवीन दायित्व मिलने के संयोग बनेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य के संपन्न होने में अचानक मनोबल में वृद्धि होगी। कला, खेल,विज्ञान की दुनिया में लोगों को सरकार से महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
देवता
सुबह : 11.31
कहानी किस्मत की
शाम : 06.20

&pictures
कार्तिकेय 2
सुबह :11.06
स्क्वाड
रात : 08.00

SONY PIX
स्पाइडर मैन
सुबह : 10.26
मॉन्स्टर हंटर
रात : 09.00

ZEE CINEMA
बंगाराजू
सुबह : 11.06
गदर 2
रात : 08.00

colors CINEPLEX
कसम
सुबह : 09.25
दामिनी
रात : 09.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति–पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी–कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति–पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर– अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र–गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा,लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** : तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1990, फॉर्चुन ली. 1625, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1655, राग गोल्ड 1615, गृहणी 1510, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1925, स्वास्तिक 2045। **किराना (प्रतिकु.)** : हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-25500, धनिया 9000-11000। **चावल ( प्रति कु0)** : डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800। **दाल दलहन** : मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 6950-7400 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8400, लाल हिंदुस्तान 8500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8900, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71800 |
| सिल्वर पक्की) | 905 (अनुमानित) |

# दाल उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा प्रदेश

## दलहन का उत्पादन 23.94 लाख मी. टन से बढ़कर 32.55 लाख मी. टन हो गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** तीन चार साल में दलहन उत्पादन में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो जाएगा। दरअसल, राज्य सरकार के इस दिशा में तय किए गए लक्ष्य पर चलते हुए बीते सात साल के नतीजे शानदार रहे हैं। इस दौरान दलहन उत्पादन में लगभग 36 प्रतिशत की वृद्धि इसका प्रमाण है। इस दौरान दलहन का उत्पादन 23.94 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 32.55 लाख मीट्रिक टन हो गया।

- **दलहन उत्पादन में रिकॉर्ड 36 फीसद की वृद्धि**

शासन से साझा की गई जानकारी के अनुसार, राज्य में दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए अरहर, उरद एवं मूंग की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। इसके तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत 27200 हेक्टेयर फसल प्रदर्शन आयोजित होंगे। इसी क्रम में दलहन राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत 31553 कुंतल बीज वितरण एवं 27356 कुंतल प्रमाणित बीज उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



### आत्मनिर्भरता से विदेशी मुद्रा भी बचेगी

सर्वाधिक आबादी के नाते इस उपभोग का सर्वाधिक हिस्सा उत्तर प्रदेश का ही है। ऐसे में पूरे दुनिया के दाल उत्पादक देशों (कनाडा, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, टर्की,और म्यांमार) की नजर न केवल भारत और उत्तर प्रदेश की पैदावार बल्कि छह महीने के भंडारण पर भी रहती है। ऐसे में अगर उत्तर प्रदेश दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाय तो विदेशी मुद्रा भी बचेगी।

### एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित

दलहनी फसलों के उत्पादन के बाद बाजार में उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए सरकार इन सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर रही है। किसान इनके उत्पादन के लिए प्रोत्साहित हों इनके लिए अन्य फसलों की तुलना में इनकी एमएसपी में भी अधिक वृद्धि कर रही है।

### बुंदेलखंड में विकसित होंगे आदर्श दलहन ग्राम

दलहन उत्पादन में अग्रणी बुंदेलखंड के जिलों- बांदा, महोबा, जालौन, चित्रकूट और ललितपुर में आदर्श दलहन ग्राम विकसित किये जाएंगे। उत्तर प्रदेश दलहन का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता राज्य है। लेकिन, अभी उपभोग का आधा ही उत्पादन प्रदेश में होता है।

## अमर कौल सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक-सीईओ

**नयी दिल्ली।** इंजीनियरिंग और बिजली क्षेत्र की कंपनी सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस के निदेशक मंडल ने अमर कौल को कंपनी का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कौल की नियुक्ति 25 जलाई, 2024 से पांच साल के लिए की गयी है। यह जरूरी मंजूरियों पर निर्भर है।

निदेशक मंडल ने कौल को नौ जुलाई से 24 जुलाई, 2024 तक के लिए मनोनीत प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया है। वह नटराजन श्रीनिवासन का स्थान लेंगे। श्रीनिवासन 26 नवंबर, 2020 से कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं और 24 जुलाई, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे।

# पॉलिटेक्स इंडिया और स्टार फिनसर्व का पंजीकरण रद

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक ने अनियमित ऋण देने की प्रथाओं के कारण स्टार फिनसर्व इंडिया लिमिटेड और पॉलिटेक्स इंडिया लिमिटेड का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद कर दिया है। केन्द्रीय बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईए (6) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन दोनों गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) को जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) रद कर दिया गया है।

उसने कहा कि कंपनी ने अपने डिजिटल ऋण परिचालन में वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में आचार संहिता पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है, जिसमें क्रेडिट मूल्यांकन, ऋण स्वीकृति के साथ-साथ केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया जैसे मुख्य निर्णय लेने वाले कार्यों को सेवा प्रदाता को आउटसोर्स किया गया है। कंपनी ने सेवा प्रदाता को ग्राहक डेटा तक पूरी पहुँच प्रदान करके डेटा गोपनीयता और ग्राहक जानकारी की सुरक्षा पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है। कंपनी ने अपने ग्राहकों को स्थानीय भाषा में ऋण समझौते और स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न कराकर निष्पक्ष व्यवहार संहिता पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है।

## भारतीय व्यवसायी राम बक्सानी का यूएई में निधन

**दुबई।** प्रमुख भारतीय व्यवसायी राम बक्सानी का 83 वर्ष की उम्र में यूएई में रविवार को निधन हो गया। यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने आईटीएल कॉसमॉस समूह के चेयरमैन के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा, उनके निधन से समुदाय ने एक मार्गदर्शक, एक आदर्श और एक संरक्षक खो दिया है। बक्सानी ने यूएई में भारतीय समुदाय को गौरवान्वित किया है। वह उन भारतीयों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे, जो यूएई को अपना घर कहते हैं।



# यूरोपीय व विकसित देशों में कृषि उत्पाद का निर्यात आसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकार ने उत्तर प्रदेश से कृषि उत्पाद के निर्यात की राह आसान कर दी है। अब जल, वायु व सड़क मार्ग से फल, सब्जी व अन्य उत्पाद भेजने पर जो खर्च आएगा उस पर 25 फीसद प्रोत्साहन राशि कृषि उत्पादक संगठन (एफपीओ) और निर्यातकों को मिलेगी। इसकी वार्षिक अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये की है। इससे खासकर यूरोपीय व विकसित देशों में निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। क्योंकि, अधिक दूरी होने के कारण फल व सब्जियों के साथ जल्द खराब होने वाले अन्य उत्पाद वायु मार्ग से जाते हैं। इसमें खर्च अधिक आता है और अनुदान कम मिलता है। इस वजह से निर्यात बढ़ नहीं पा रहा है। कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाकर किसानों को समृद्ध करने के लिए यह प्रस्ताव कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार निदेशालय ने शासन में रखा था। उप निदेशक डॉ. सुग्रीव शुक्ला ने बताया कि कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी है। इससे निर्यात बढ़ेगा और किसानों की आय में इजाफा होगा।

- **सरकार जल, वायु व सड़क मार्ग के खर्च पर 25 फीसद देगी अनुदान**
- **तीनों मार्गों पर 10 लाख से बढ़कर 20 लाख हुआ वार्षिक अनुदान**



### इन वर्षों में यह हुआ निर्यात

| वर्ष | उपज (एमटी में) | रुपये (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 2020-21 | 1,763,534 | 17,729 |
| 2021-22 | 1,844,770 | 18,049 |
| 2022-23 | 1,763,534 .83 | 17,729 |

### एक समान अनुदान, वार्षिक 10 लाख की बढ़ोतरी

अब तक जल व वायु मार्ग पर प्रति किलो 10 रुपये अनुदान मिलता था। जबकि वार्षिक वायु मार्ग पर 10 लाख रुपये और जल मार्ग पर 20 लाख रुपये अधिकतम अनुदान थी। इसके अतिरिक्त सड़क व रेलवे मार्ग पर पांच रुपये प्रति किलो अनुदान राशि दी जाती थी। लेकिन, अब सभी मार्गों पर एक समान 25 फीसद और वार्षिक 20 लाख रुपये व्यय पर अनुदान मिलेगा।

### वायु मार्ग पर 200-250 रुपये प्रति किलो खर्च

प्रदेश से यूरोपीय देश बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड आदि में वायु मार्ग से निर्यात करने पर एक किलो पर 200-250 रुपये दूरी के हिसाब से खर्च आता है। इसी तरह विकसित देश अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, कनाडा, फ्रांस, रूस व आस्ट्रेलिया आदि में 150-200 रुपये, जबकि खाड़ी देश कतर, सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान आदि की दूरी कम होने पर 50 से 70 रुपये प्रति किलो खर्च आता है। इन सभी में अनुदान 10 रुपये प्रति किलो होने पर खाड़ी देश में ज्यादा निर्यात होता है।

## नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक 27 को

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीति आयोग की 27 जुलाई को होने वाली नौंवी संचालन परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में 2047 तक भारत को विकसित बनाने से जुड़े दस्तावेज पर चर्चा की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

नीति आयोग की शीर्ष नीतिगत इकाई परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। मोदी नीति आयोग के चेयरमैन हैं। नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक 27 जुलाई को होगी।



## एक नजर

### उपराज्यपाल के निर्देश के बाद शिक्षकों के तबादले का आदेश स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल वी के सक्सेना के आदेशों पर कार्रवाई करते हुए पांच हजार स्कूल शिक्षकों के तबादले का आदेश सोमवार को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया। ये शिक्षक 10 से अधिक वर्ष से एक ही स्कूल में तैनात हैं। सक्सेना ने रविवार को मुख्य सचिव नरेश कुमार को तबादले के आदेश को कुछ वक्त के लिए स्थगित करने का निर्देश दिया। यह तबादला आदेश पिछले सप्ताह जारी किया गया था। उपराज्यपाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेताओं और शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद एक अंतरिम उपाय के रूप में तबादले के आदेश को कुछ वक्त के लिए स्थगित रखने का निर्देश दिया। दिल्ली की शिक्षा मंत्री ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए तबादले के आदेश के पीछे भाजपा की साजिश का आरोप लगाया।

### कीर्ति चक्र विजेता की पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को कीर्ति चक्र विजेता कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और अश्लील टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। आयोग ने सोमवार को बताया कि दिल्ली के अहमद के.ने सोशल मीडिया पर कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी की फोटो पर आपत्तिजनक और अश्लील टिप्पणी की है। यह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 79 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के अंतर्गत अपराध है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इसकी कडी निंदा की है और पुलिस से इस पर शीघ्र कार्रवाई की अपील की है।

# असम में बाढ़ के कारण 28 जिलों में करीब 23 लाख लोग प्रभावित

## राज्य में इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान में 78 लोगों की जान जा चुकी है

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति सोमवार को भी गंभीर बनी रही और 28 जिलों की लगभग 23 लाख की आबादी इससे प्रभावित हुई। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। बुलेटिन के अनुसार, अधिकतर नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है। राज्य में इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान में 78 लोगों की मौत हुई जबकि इनमें से केवल बाढ़ के कारण 66 लोगों की मौत हुई।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का सोमवार को सिलचर पहुंचने और मणिपुर जाते समय कछार जिले के फुलेर्तल में बाढ़ राहत शिविर का दौरा करने का कार्यक्रम है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिलों में सभी राहत शिविरों में पूरी व्यवस्था की गई है और स्थिति सामान्य होने तक आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडार रखा गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत शिविरों की सुरक्षा और स्वच्छता सरकार की प्राथमिकता है और उनकी टीम लोगों के संपर्क में है। वर्तमान में, 28 जिलों में 3,446 गांवों के लगभग 23 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ की दूसरी लहर से 68,432.75 हेक्टेयर फसल भूमि जलमग्न हो गई है। धुबरी में सबसे अधिक 7,54,791 लोग प्रभावित हुए, इसके बाद कछार में 1,77,928 लोग और बारपेटा में 1,34,328 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए। कुल 53,689 लोगों ने 269 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि शिविरों में नहीं रह रहे 3,15,520 लोगों को राहत सामग्री प्रदान की गई है।

### भूस्खलन के कारण अरुणाचल प्रदेश के कई जिलों का सड़क संपर्क टूटा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कई जिलों का सड़क संपर्क बाधित हो गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को शि-योमी जिले में भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य में प्राकृतिक आपदाओं के कारण अप्रैल से अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है।

### गोवा में मूसलाधार बारिश से कई इलाके जलमग्न, तीन लोगों की मौत

**पणजी।** गोवा में सोमवार को लगातार तीसरे दिन मूसलाधार बारिश से कई निचले इलाके जलमग्न हो गए। पुलिस ने बताया कि रविवार को उत्तर गोवा में भारी बारिश के बीच कुंदैम इंडस्ट्रियल एस्टेट में दीवार गिरने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में मजदूर दिलीप यादव (37), मुकेश कुमार सिंह (38) और ट्रिनिटी नायक (47) की मौत हो गयी।

### मुंबई में भारी बारिश से उपनगरीय रेल, विमान सेवाएं प्रभावित, स्कूल बंद

**मुंबई।** मुंबई और आसपास के इलाकों में भारी बारिश के कारण पटरियों पर जलभराव के चलते मध्य रेलवे की उपनगरीय सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं और हवाईअड्डे पर भी परिचालन पर असर पड़ा जिसके कारण सोमवार को 50 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। भारी बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और लोगों को जलमग्न सड़कों से गुजरते देखा गया। राज्य सरकार ने मुंबई, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। मुंबई के कुछ इलाकों में सुबह सात बजे तक मात्र छह घंटों में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई, जिससे सड़कें और निचले इलाके जलमग्न हो गए। पूरे दिन शहर में भारी बारिश हुई। महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई, क्योंकि भारी बारिश के कारण कई सदस्य और अधिकारी विधान भवन नहीं पहुंच सके।



### 30 से अधिक जानवरों को बचाया गया

**मुंबई।** मुंबई और आसपास के जिलों में भारी बारिश के बीच 30 से अधिक जानवरों, पक्षियों और सरीसृपों को बचाया गया है। रेस्किंक एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेलफेयर के संस्थापक और अध्यक्ष एवं वन विभाग के मानद वन्यजीव वार्डन पवन शर्मा ने बताया, हमें 24 घंटों में 60 से अधिक फोन कॉल प्राप्त हुए हैं और मुंबई तथा आसपास के जिलों ठाणे, रायगढ़ और पालघर से 30 से अधिक जानवरों, पक्षियों, सरीसृपों को बचाया है।

## पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

**संदेशखालि मामला**

उच्चतम न्यायालय ने संदेशखालि में महिलाओं के सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच सीबीआई को सौंपने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिका खारिज करने के साथ ही स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों से निचली अदालत की कार्यवाही पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के कथित मामले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस पार्टी के सदस्य शेख शाहजहां और अन्य पर महिलाओं के सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोप लगाये गये हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गत 10 अप्रैल को उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उपमंडल के संदेशखालि में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां और अन्य के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए थे।

## एक्स से महुआ की पोस्ट की डिटेल मांगी

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की प्रमुख रेखा शर्मा के बारे में अपमानजनक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के एक दिन बाद, दिल्ली पुलिस ने सोमवार को सोशल मीडिया कंपनी एक्स से लोकसभा सदस्य की अब हटाई जा चुकी टिप्पणी का विवरण मांगा।

मोइत्रा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 79 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द का इस्तेमाल, भाव-भंगिमा या कृत्य करने से संबंधित है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता ने एक्स पर पोस्ट किये गए एक वीडियो पर यह टिप्पणी की थी। वीडियो में, शर्मा उत्तर प्रदेश के हाथरस में मची भगदड़ स्थल पर चार जुलाई को जाती हुई दिख रही थीं। हालांकि, मोइत्रा ने बाद में उस पोस्ट को हटा दिया, जिसमें एनसीडब्ल्यू प्रमुख के साथ छाता पकड़े एक व्यक्ति के चलने का जिक्र किया गया था। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने 'एक्स' को पत्र लिखा है और सोशल मीडिया कंपनी से जवाब मिलने का इंतजार है। सूत्रों ने बताया कि पोस्ट का विवरण जांच के लिए जरूरी है, हालांकि जांचकर्ता इसका स्क्रीनशॉट पहले ही ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर, आगामी दिनों में मोइत्रा को तलब किया जा सकता है।



- **दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया कंपनी को भेजा पत्र**

## मणिपुर पहुंचे राहुल, जातीय हिंसा पीड़ितों से की बात

इंफाल, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को मणिपुर के जिरीबाम और चुराचांदपुर जिलों में राहत शिविरों का दौरा किया और वहां रह रहे लोगों से बातचीत की। राज्य में पिछले साल मई में मेइती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इसमें 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे गांधी ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों से बात की और उनकी समस्याएं सुनीं। कांग्रेस द्वारा राज्य की दोनों लोकसभा सीटें जीतने के बाद राहुल गांधी पहली बार यहां आए हैं। कांग्रेस ने 'एक्स' पर कहा कि हिंसा के बाद मणिपुर की उनकी (राहुल गांधी की) तीसरी यात्रा लोगों के मुद्दों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



- **राहत शिविरों का दौरा कर सुनीं समस्याएं**
- **200 से अधिक लोगों की मौत**

# हेमंत सोरेन सरकार को विश्वास मत, 11 मंत्रियों ने ली शपथ

रांची, एजेंसी

झारखंड विधानसभा से विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बीच, हेमंत सोरेन सरकार के सोमवार को विश्वास मत हासिल करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और झामुमो नीत गठबंधन के 10 अन्य नेताओं ने मंत्री के तौर पर शपथ ली। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में मनोनीत सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन सहित कुल 45 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।



रांची के राजभवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य मंत्रिमंडल के नव शपथ ग्रहण मंत्रियों के साथ झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन। ● एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के विधायक मतों की गिनती शुरू होते ही सदन से बाहर चले गए। भाजपा के नेतृत्व वाले विपक्ष के पास 24 और आजसू पार्टी के तीन विधायक हैं। विश्वास मत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा, आज एक बार फिर सबको सत्तारूढ़ गठबंधन की एकता और ताकत देखने को मिली। मैं (विधानसभा) अध्यक्ष और गठबंधन के सभी विधायकों का आभार जताता हूं।

सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन 2019 में सत्ता में आने के बाद से संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए शानदार प्रदर्शन कर रहा है और यह आज एक बार फिर देखने को मिला। विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, सदन में मुझे फिर से देखने के बाद कोई भी भाजपा विधायकों का व्यवहार देख सकता है। उन्होंने कहा, भाजपा के पास राज्य के लिए कोई एजेंडा नहीं है। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने उनको (भाजपा) आइना दिखा दिया। आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन से कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ेगा।

## दिव्यांगों की नकारात्मक छवि गढ़ना भेदभावपूर्ण

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि दृश्य मीडिया और फिल्मों में दिव्यांग व्यक्तियों की नकारात्मक छवि गढ़ना भेदभाव और असमानता को बढ़ावा देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी भाषा जो दिव्यांग व्यक्तियों को अपमानित करती है, उन्हें और अधिक हाशिये पर धकेलती है तथा उनकी सामाजिक भागीदारी में आने वाली बाधाओं को बढ़ाती है, उस पर सावधानी से विचार किया जाना चाहिए।



- **शीर्ष अदालत ने कहा- अपंग और मंदबुद्धि जैसे शब्द निम्न दर्जे का अर्थ रखते हैं**

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शब्द संस्थागत भेदभाव पैदा करते हैं और दिव्यांग व्यक्तियों के बारे में सामाजिक धारणा में अपंग और मंदबुद्धि जैसे शब्द निम्न दर्जे का अर्थ रखते हैं। शीर्ष अदालत ने दृश्य मीडिया में दिव्यांग व्यक्तियों के चित्रण की रूपरेखा पर कहा कि वे नकारात्मक आत्म-छवि में योगदान करते हैं और समाज में भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण और प्रथाओं को कायम रखते हैं। उन्होंने कहा, ऐसी भाषा जो दिव्यांगता को वैयक्तिकृत करती है, उससे बचा जाना चाहिए या उसे सामाजिक मानक के विपरीत भाषा के रूप में पर्याप्त रूप से चिह्नित किया जाना चाहिए।

# भारतीय हॉकी टीम स्विट्जरलैंड रवाना

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले स्विटजरलैंड में मशहूर माइक हार्न्स बेस के लिए रवाना हो गई जिसके बाद नीदरलैंड में एक अभ्यास शिविर में भाग लेगी। स्विटजरलैंड में तीन दिवसीय शिविर खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगाया है।

इसके बाद टीम नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी और फिर पेरिस रवाना होगी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि ओलंपिक से पहले आगामी अनुभव टीम को मानसिक और शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने के लिए काफी उपयोगी होंगे। उन्होंने कहा हमने अभी बेंगलुरु में दो सप्ताह का शिविर खत्म किया है। अब स्विटजरलैंड में माइक हॉर्न जा रहे हैं जो साहसिक गतिविधियों का केंद्र है। इसके बाद टीम नीदरलैंड और मलेशिया से अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम 20 जुलाई को पेरिस पहुंचेगी।

भारत को ओलंपिक में पहला मैच 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलना है जिसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना से, 30 जुलाई को आयरलैंड और एक अगस्त को बेल्जियम से मुकाबला है। आखिरी ग्रुप मैच दो अगस्त को आस्ट्रेलिया से खेलना है। भारत को नॉकआउट में पहुंचने के लिए शीर्ष चार में रहना होगा।

ओलंपिक की तैयारी



### जेसविन-अंकिता को एथलेटिक्स टीम में मिली जगह



**नई दिल्ली।** जेसविन एल्ड्रिन (पुरुषों की लंबी कूद) और महिला वर्ग में अंकिता ध्यानी (पांच हजार मीटर दौड़) में विश्व रैंकिंग में जगह बनाने के बाद भारत की पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स टीम में शामिल किया है। दोनों एथलीटों के टीम में शामिल होने के साथ ही पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीमें सदस्यों की संख्या अब 30 हो गई है। विश्व एथलेटिक्स ने आधिकारिक तौर पर जेसविन एल्ड्रिन और अंकिता ध्यानी के भारतीय टीम में शामिल होने की पुष्टि की है। लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक एल्ड्रिन पुरुषों की लंबी कूद में 31वें स्थान पर हैं। उन्हें शीर्ष 32 एथलीटों में शामिल होने के कारण पेरिस में जगह बनाई है। वहीं अंकिता महिलाओं की पांच हजार मीटर में 42वें स्थान पर हैं, जो कि उस स्पर्धा में कटऑफ रैंक है। अंकिता आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों में इसी स्पर्धा में 29वें स्थान पर रहीं और हमवतन पारुल चौधरी पांच हजार मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक के साथ जुड़ेंगी। अंकिता ध्यानी का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 15:28.08 है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में कैलिफोर्निया में ट्रैक फेस्ट में हासिल किया था। उन्होंने पिछले महीने इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 16:10.31 के समय के साथ स्वर्ण पदक भी जीता।

## भारत के मिशन प्रमुख होंगे गगन नारंग, सिंधु महिला ध्वजवाहक

**नई दिल्ली।** लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के मिशन प्रमुख के रूप में मुक्केबाज मेरीकोम की जगह ली। पेरिस खेलों के उद्घाटन समारोह में दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु भारत की महिला ध्वजवाहक होंगी।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बताया कि मेरीकोम के इस्तीफे के बाद उप मिशन प्रमुख नारंग को मिशन प्रमुख बनाया जाना स्वतः पसंद थी। उषा ने कहा, मैं अपने दल की अगुआई के लिए ओलंपिक पदक विजेता को ढूंढ रही थी और मेरे युवा साथी मेरीकोम के उपयुक्त विकल्प हैं। पीटीआई ने इससे पहले खबर दी थी कि नारंग भारतीय दल के मिशन प्रमुख बनने की दौड़ में शामिल हैं। उषा ने कहा मुझे यह घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है कि दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की एकमात्र महिला खिलाड़ी पीवी सिंधु उद्घाटन समारोह में टेबल टेनिस खिलाड़ी ए शरत कमल के साथ महिला ध्वजवाहक होंगी। मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने के लिए अच्छी तरह तैयार हैं।

## भारत के खिलाफ शृंखला से पूर्व सनत जयसूर्या श्रीलंका के अंतरिम कोच

कोलंबो, एजेंसी



• टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन पर सिल्वरवुड ने दे दिया था इस्तीफा एसएलसी ने सनत को सौंपी जिम्मेदारी

श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनत जयसूर्या को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला से पहले टीम का अंतरिम मुख्य कोच नामित किया है। देश के बोर्ड का कहना है कि अगले कुछ महीनों में स्थायी समाधान मिलने तक वह टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त व्यक्ति हैं।

भारतीय टीम 27 जुलाई से शुरू होने वाले तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने कहा श्रीलंका क्रिकेट सनत जयसूर्या को राष्ट्रीय टीम के अंतरिम मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करता है। वह सितंबर 2024 में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे के पूरा होने तक इस पद पर कार्य करेंगे। आक्रामक बल्लेबाजी के साथ स्पिन गेंदबाजी करने वाले 55 साल के पूर्व वामहस्त खिलाड़ी जयसूर्या इंग्लैंड के क्रिस सिल्वरवुड की जगह अंतरिम आधार पर टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। सिल्वरवुड ने टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया था।

वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गए इस विश्व कप में टीम लीग चरण से आगे नहीं बढ़ पायी थी। अपने समय के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक जयसूर्या टी-20 विश्व कप के दौरान टीम के सलाहकार थे। एसएलसी ने कहा जयसूर्या वर्तमान में श्रीलंका क्रिकेट के पूर्णकालिक क्रिकेट सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। एसएलसी के सीईओ एशले डी सिल्वा ने कहा जब तक कि हमें कोई स्थायी समाधान नहीं मिल जाता तब तक सनत जयसूर्या राष्ट्रीय टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त हैं।

## खेल डायरी

### ओडिशा के दो खिलाड़ियों को 15 लाख देने की घोषणा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को हॉकी खिलाड़ी अमित रोहिदास और दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना के लिए 15-15 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। ये दोनों पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार माझी ने उम्मीद जताई कि प्रोत्साहन राशि ओडिशा के दो खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश को गौरवांवित करने के लिए प्रेरित करेगी। माझी ने कहा कि जेना और रोहिदास ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करके अपने गृह नगरों के साथ पूरे राज्य को गौरवांवित किया है। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों के प्रयास, इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता से राज्य में युवाओं और उभरती प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार राज्य के हर कोने में ऐसी प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास के लिए जमीनी स्तर पर आवश्यक बुनियादी ढांचा, वित्तीय सहायता और अन्य सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पुरुष फुटबॉल के लिए अमेरिका की टीम घोषित

**वॉशिंगटन।** पेरिस ओलंपिक 2024 में फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए अमेरिका ने सोमवार को मिहेलोविच, रॉबिन्सन और जिमरमैन सहित 18 पुरुष खिलाड़ियों वाली टीम की घोषणा की है। चार अतिरिक्त खिलाड़ियों को वैकल्पक रूप में रखा गया है। गोलकीपर : पैट्रिक शुल्टे , गागा स्लोनिना, डिफेंडर : मैक्सिमिलियन डाइट्ज, नाथन हैरियल, माइल्स रॉबिन्सन, जॉन टोल्किन, कैलेब विले और वॉकर जिमरमैन। मिडफील्डर्स : जियानलुका बुसियो, बेंजामिन क्रेमास्ची, जैक मैकग्लिन, जोर्डजे मिहैलोविक और टान्नर टेसमैन। फॉरवर्ड : पैक्सटन आरोनसन, टेलर बूथ, डंकन मैकगायर, केविन पेरेडेस और ग्रिफिन यो। वैकल्पिक : जोश, जैकब, जोहान गोमेज और जॉन पल्सकैम्प शामिल हैं।

### ह्यूस्टन स्क्वाश के फाइनल में हारे चोतरानी

**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोतरानी ह्यूस्टन में 9000 डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता कान्सो ओपन स्क्वाश के फाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद अशाब इरफान से पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार गए। विश्व में 106वें स्थान पर काबिज और यहां चौथे वरीय चोतरानी ने दो बार वापसी करके बराबरी की लेकिन तीसरी वरीयता प्राप्त इरफान ने रविवार को खेले गए फाइनल में निर्णायक गेम अपने नाम करके खिताब जीता। पाकिस्तान के खिलाड़ी में 80 मिनट तक चले इस मैच में 11-7 8-11 12-10 8-11 11-8 से जीत दर्ज की। इससे पहले 22 वर्षीय चोतरानी ने मैक्सिको के दूसरे वरीय अल्फ्रेडो अविला वर्गारा को 11-3 9-11 11-7 11-7 से हराकर पांचवीं बार किसी टूर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया था।

### अश्विन ने ग्लोबल चेस लीग में खरीदी टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अमेरिकन गैम्बिट्स टीम के सह मालिक बन गए हैं जो ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) के दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली नई टीम है। जीसीएल टेक महिंद्रा और अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के संयुक्त स्वामित्व वाली लीग है। लंदन में 3 से 12 अक्टूबर तक होने दूसरे सत्र के लिए लीग ने सोमवार को छह फ्रेंचाइजी को पेश किया। जाने माने व्यवसायी प्रचुर पीपी, वेंकट के नारायण और अश्विन के स्वामित्व वाली अमेरिकन गैम्बिट्स टूर्नामेंट में चिंगारी गल्फ टाइटंस की जगह लेगी। अश्विन ने कहा हम अमेरिका गैम्बिट्स को शतरंज जगत के सामने पेश करके रोमांचित हैं। सह मालिक के रूप में मैं यात्रा का गवाह बनने और सफलता में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं। दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली पांच अन्य फ्रेंचाइजी अल्पाइन एसजी पाइपर्स, पीबीजी अलास्कन नाइट्स, गैंगेस ग्रैंडमास्टर्स, गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स और मुंबा मास्टर्स हैं।

# गेंदबाजों को दिखानी होगी प्रतिभा

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी-20 में जीत के लिए बेहतर प्रदर्शन की जरूरत

चेन्नई, एजेंसी



भारतीय महिला टीम तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में मंगलवार को आखिरी मैच में जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान में उतरेगी तक उसके सामने जीत दर्ज कर इसे 1-1 से बराबर करने की चुनौती होगी। इसके लिए हालांकि भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा उठाना होगा जिसके खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में नौ विकेट पर 189 रन बनाकर 12 रन से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में बारिश के कारण भारत को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन गेंदबाजों ने इस मुकाबले में भी छह विकेट पर 177 रन लुटाए थे। तीसरे टी20 में पर भी खराब मौसम का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि मंगलवार को भी बारिश की 30 से 40 प्रतिशत संभावना है।

दोनों मैचों में दो-दो विकेट लेने वाली पूजा वस्त्राकर और स्पिनर दीप्ति शर्मा को छोड़कर, अधिकांश भारतीय गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे है। रेणुका सिंह के पहले मैच में असरहीन रहने के बाद दूसरे मुकाबले में सजीवन सजना को मौका मिला लेकिन इससे भी टीम को कोई फायदा नहीं हुआ। श्रेयंका पाटिल और राधा यादव ने रविवार को एक-एक विकेट लिया लेकिन यह दोनों गेंदबाज भी रन रोकने में नाकाम रहे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चाहेंगी कि श्रृंखला दांव पर होने के कारण उनके गेंदबाज कड़ी मेहनत करें। बल्लेबाजी के मोर्चे पर पहले मैच में भारतीयों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53), स्मृति मंधाना (46), हरमनप्रीत (35), शेफाली वर्मा (18) और दयालन हेमलता (14) ने बल्ले से अच्छा योगदान दिया। टी-20 में रविवार को पदार्पण करने वाली विकेटकीपर उमा छेत्री के टीम में बने रहने की संभावना है। टीम प्रबंधन बल्ले से उनके योगदान को देखना चाहेगा।

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के लिए तजमिन ब्रिट्स ने लगातार दो अर्धशतक लगाकर शानदार लय में होने का सबूत दिया है। ब्रिट्स के अलावा, कप्तान लौरा वोल्वार्ट, मारिजान कप्प और एनेके बॉश ने भी तेजी से रन बनाए है। दक्षिण अफ्रीका की एकमात्र चिंता चोट से वापसी करने वाली बल्लेबाज क्लो ट्रायोन हैं। वह दोनों मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है। बांग्लादेश में आगामी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए, ट्रायोन खुद को साबित करने के लिए बेताब होगी।

**मैच : शाम 07:00 बजे**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष, दयालन हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, शबनम शकील, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव।

**दक्षिण अफ्रीका :** लौरा वोल्वार्ट (कप्तान), तजमिन ब्रिट्स, मीके डी रिडर (विकेट कीपर), सिनालो जाफ्ता (विकेट कीपर), एनेके बॉश, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मारिजान कप्प, सुने लुस, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, मसाबाटा क्लास, एलिज़-मारी मार्क्स, नॉनकुलुलेको म्लाबा और तुमी सेखुखुने।

### उमा छेत्री कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर : बाली



**चेन्नई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच मुनीश बाली ने उमा छेत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह युवा विकेटकीपर वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर है। 21 वर्षीय छेत्री ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए दूसरे मैच में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया। उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद पर तेजमिन ब्रिट्स को स्टंप आउट किया। इससे पहले वह इसी बल्लेबाज को स्टंप के आगे से गेंद पकड़ने के कारण जीवनदान दे चुकी थी। बाली ने छेत्री का बचाव किया और कहा कि इस युवा खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में शॉर्ट लेग पर जिस तरह से क्षेत्ररक्षण किया वह सराहनीय है। बाली ने कहा मुझे बहुत खुशी है कि उसे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला। टेस्ट मैच के दौरान उसने 70 से 80 ओवर तक फील्डिंग की थी। वह बहादुर लड़की है। शॉर्ट लेग पर फील्डिंग करना आसान नहीं होता है। उसे तब चोट भी लगी थी लेकिन दर्द के बावजूद भी उसने वहां पर फील्डिंग की। उसका रवैया शानदार है और वह वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर है। मुझे बहुत खुशी है कि उसने ब्रिट्स को स्टंप आउट किया।

# अब युवराज को मुझ पर गर्व होगा : अभिषेक

हरारे, एजेंसी



भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खुलासा किया कि जिंबॉब्वे के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण मैच में जब वह शून्य पर आउट हो गए थे तो उनके मेंटर (मार्गदर्शक) युवराज सिंह खुश थे क्योंकि इस पूर्व ऑलराउंडर का मानना था कि यह अच्छी शुरुआत है।

अभिषेक भारत की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करते हुए खाता नहीं खोल पाए थे। जिंबॉब्वे ने यह मैच 13 रन से जीता। अभिषेक ने हालांकि शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 47 गेंद पर 100 रन बनाए जिससे भारत यह मैच 100 रन से जीतने में सफल रहा। बीसीसीआई ने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें अभिषेक ने कहा मैंने कल युवराज से बात की और मैं नहीं जानता कि जब मैं शून्य पर आउट हुआ तो वह क्यों बहुत खुश थे। उन्होंने कहा मैं आज जो भी हूं उसमें उनकी अहम भूमिका रही है। उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाने में कड़ी मेहनत की। उन्होंने न सिर्फ क्रिकेट मैदान पर मेरा कौशल निखारा बल्कि मैदान के बाहर की जिंदगी में भी मेरी मदद की। रविवार को खेले गए मैच के बाद अभिषेक ने युवराज से बात की और वह इस युवा बल्लेबाज के प्रदर्शन से काफी खुश थे। युवराज ने कहा शाबास, मुझे तुम पर गर्व है। तुम इसके हकदार थे। यह तो अभी शुरुआत है। आगे अभी इस तरह की कई पारियां खेलोगे।

### मालदीव के पर्यटन निकाय ने टी-20 विश्वविजेता टीम को किया आमंत्रित

**माले।** मालदीव के पर्यटन संघ और उसके विपणन एवं जनसंपर्क निगम ने हाल ही में टी-20 विश्व चैंपियन बनी भारतीय क्रिकेट टीम को जीत का जश्न मनाने के लिए अपने देश आमंत्रित किया है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बारबडोस में 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर ट्रॉफी जीती थी। दोनों निकायों ने संयुक्त बयान में कहा मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉरपोरेशन (एमएमपीआरसी/विजिट मालदीव) ने मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म इंडस्ट्री (एमएटीआई) के सहयोग से भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को एक विशेष और खुला निमंत्रण दिया है। एमएमपीआरसी मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक इब्राहिम शिउरी और एमएटीआई के महासचिव अहमद नजीर ने संयुक्त बयान में कहा कि वे टीम की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनने के बाद गुरुवार को भारत लौटी है। इसमें कहा गया हमें आपकी मेजबानी करने और आपके प्रवास के दौरान यादगार क्षणों, विश्राम और बेहतरीन अनुभवों को सुनिश्चित करने में गर्व महसूस होगा। उन्होंने कहा कि यह निमंत्रण मालदीव और भारत के बीच मजबूत और दीर्घकालिक सांस्कृतिक और खेल संबंधों को दर्शाता है। शिउरी ने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम का स्वागत करना और उनकी जीत की खुशी का हिस्सा बनना मालदीव के लिए बहुत सम्मान की बात होगी।

# इटली के तीन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में

लंदन, एजेंसी



• रिबाकिना और स्वितोलिना भी जीतीं लोरेंजो ने जियोवान्नी को हराया

फ्रांस के जियोवान्नी एमपेत्सी के खिलाफ मैच के दौरान कोर्ट पर गिरे लोरेंजो मुसेत्ती।

इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने पांच फुट आठ इंच लंबे फ्रांस के जियोवान्नी एमपेत्सी को हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुसेत्ती ने 21 वर्ष के प्रतिद्वंद्वी को विंबलडन प्री क्वार्टर फाइनल में 4-6, 6-3, 6-3, 6-2 से मात दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर और महिला वर्ग में सातवीं रैंकिंग वाली जैसमीन पाओलिनी ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली। यह पहली बार हुआ है कि इटली के तीन खिलाड़ी किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हों।

सिनर ने 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ 6-2, 6-4, 7-6 (9) से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच कार्लोस अल्काराज और टॉमी पॉल के बीच खेला जाएगा। गत चैंपियन अल्काराज ने 16वें वरीय उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से पराजित किया। मुसेत्ती का सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव या टेलर फ्रिट्ज से होगा। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर ने फ्रांस के आर्थर फिल्स को 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना सात बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच या होल्गर रूने से होगा। पॉल ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 7-6 (3), 6-2 से हरा कर पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव के पहले सेट में पांव पर चोट लग जाने के कारण बाहर हो जाने से अंतिम आठ में प्रवेश किया। महिला वर्ग में मेडिसन कीज के तीसरे सेट में 5-5 के स्कोर पर हट जाने के कारण जैस्मीन पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पाओलिनी का अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा, जिन्होंने मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया। क्वालीफायर लुलु सन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जहां उनका मुकाबला डोना वेकिच से होगा। सन ने 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। वेकिच ने बारिश से प्रभावित एक अन्य मैच में पाउला बडोसा को 6-2, 1-6, 6-4 से हराया।

# फाइनल के लिए स्पेन को भेदना होगा फ्रांस का रक्षा कवच

यूरो कप 2024

म्यूनिख, एजेंसी



• फाइल फोटो

यूरो कप 2024 टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म में चल रही स्पेन की फुटबॉल टीम को मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में अपना विजय क्रम जारी रखते हुए फाइनल में पहुंचने के लिए फ्रांस की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदना होगा।

टूर्नामेंट में अब तक स्पेन की सबसे बेहतरीन प्रदर्शन रहा है, उसने अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं और 11 गोल दागकर वहीं शीर्ष पर बनी हुई है जोकि उनके कौशल को दर्शाता है। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते अपनी टीम के प्रदर्शन को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। दूसरी ओर फ्रांस को अपनी मजबूत रक्षापंक्ति पर भरोसा है, जो पूरे टूर्नामेंट में लगभग अभेद्य रही है। हालांकि उसका अभी तक आक्रामक प्रदर्शन सामने नहीं आया है। केवल उनकी रक्षापंक्ति उन्हें प्रतिस्पर्धा में बनाए रखा है। फ्रांस ने अभी तक केवल एक ही गोल खाया है। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स का भी मानना है कि सेमीफाइनल में बेहतर आक्रामक खेल की आवश्यकता होगी। यह सेमीफाइनल पिछले चार प्रमुख टूर्नामेंटों में फ्रांस की तीसरी उपस्थिति है, जो उनकी स्थायी गुणवत्ता और जीतने की मानसिकता का प्रमाण है। हालांकि, इस तरह के शानदार फॉर्म में चल रही स्पेनिश टीम का सामना करना उनकी अब तक की सबसे कठिन चुनौती होगी। लेकिन उनकी रक्षापंक्ति निर्णायक साबित हो सकती है।

### दोस्ताना मैच में म्यांमार पर जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को यांगून में होने वाले दोस्ताना मैच में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली म्यांमार टीम पर जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान पर काबिज भारत ने 54वीं रैंकिंग वाली म्यांमार के खिलाफ अब तक पांच में से एक भी मैच नहीं जीता है। चार मैच हारे और एक ड्रॉ रहा। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर में हुआ था जो 3-3 से ड्रॉ रहा। संध्या रंगनाथन, संजू और एन रतनबाला देवी सभी उस टीम का हिस्सा थी और मौजूदा टीम में भी हैं। इन्होंने उस मैच में गोल दागे थे। इससे पहले भारतीय टीम चार बार एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर में म्यांमार से हारी है। भारतीय कप्तान एल आशालता देवी ने कहा हमने उनके खिलाफ पहले भी खेला है तो हमें उनके बारे में पता है। म्यांमार की टीम शारीरिक रूप से काफी मजबूत है और उनकी रफ्तार भी अच्छी है। हम बेहतर प्रदर्शन करके उन्हें हरा सकते हैं।



अभ्यास सत्र में दौड़ लगातीं भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको काम पर लौटेंगे

ब्रातिस्लावा। स्लोवाकिया सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको कृषि मंत्री के साथ एक कार्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह मई के मध्य में एक हत्या के प्रयास में बच गए थे। फिको और कृषि मंत्री रिचर्ड स्लोवेन्स्का नोवा वेस गांव में कृषि संघ एग्रो वोडेराडी का दौरा करेंगे, जहां वह कृषि और खाद्य चैंबर और स्थानीय किसानों के प्रतिनिधियों के साथ फसल की प्रगति की जानकारी लेंगे। मई के मध्य में हत्या के प्रयास के बाद शुक्रवार शाम को प्रधानमंत्री पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए थे।

### यूक्रेन के प्रति मजबूत समर्थन प्रदर्शित करेगा अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन की मेजबानी में इस सप्ताह आयोजित होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों द्वारा यूक्रेन के प्रति मजबूत समर्थन प्रदर्शित करने की संभावना है। बाइडेन प्रशासन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में यूक्रेन को सैन्य, राजनीतिक और वित्तीय सहायता देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की जा सकती हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, सम्मेलन में यूरोपीय संघ और हिंद-प्रशांत साझेदारों के साथ अमेरिका के सहयोग को और मजबूत करने के लिए एक बैठक भी आयोजित की जाएगी।

### सोने की अवैध खदान में भूस्खलन, 12 की मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण सोने की एक अवैध खदान में भूस्खलन होने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। गोरोंटालो प्रांत की खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रवक्ता अफीफुद्दीन इलाहुदे ने बताया कि इस प्रांत के दूरस्थ बोन बोलांगो में एक छोटी, पारंपरिक, सोने की खदान में एक गड्ढे में रविवार को करीब 33 ग्रामीण खुदाई कर रहे थे तभी आसपास की पहाड़ियों से कई टन मिट्टी गिरी और वे दब गए। उन्होंने बताया कि बचाव कर्मियों ने रविवार को दो घायलों को बचाया और सोमवार तक 12 शव बरामद किए। वे अब भी 20 अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं जो लापता बताए जा रहे हैं।

### नाइजीरियाई राष्ट्रपति टीनूबू बने इकोवास के अध्यक्ष

अबुजा। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनूबू को पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। टीनूबू को पहली बार 9 जुलाई 2023 को गिनी-बिसाऊ में इस पद के लिए चुना गया था। समाचार एजेंसी ने टीनूबू के हवाले से कहा मैंने बुर्किना फासो, माली और नाइजर गणराज्य के लिए हमारे विशेष दूत बनने के लिए सेनेगल के राष्ट्रपति बस्सिरौ दियोमाये फेय को नियुक्त किया है, साथ ही टोगो के राष्ट्रपति फॉरे ग्नसिंगबे को माली में नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2024 में बुर्किना फासो, नाइजर और माली ने समुदाय से अपनी वापसी की घोषणा की।

### सिंगापुर ने 16 कीड़ों को मानव भोजन के रूप में दी मंजूरी

सिंगापुर। खाद्य नियामक ने मनुष्यों के भोजन के रूप में झींगुर, टिड्डे और टिड्डियों जैसे कीड़ों की लगभग 16 प्रजातियों के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। द स्ट्रेट्स टाइम्स समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार यह बहुप्रतीक्षित घोषणा उद्योग जगत के उन कारोबारियों के लिए खुशखबरी है जो चीन, थाईलैंड और वियतनाम में मिलने वाले कीड़ों की सिंगापुर में आपूर्ति और खानपान का कारोबार करते हैं। भोजन के लिए स्वीकृत कीड़ों में झींगुर, टिड्डे, टिड्डियां, मीलवर्म और रेशमकीट की विभिन्न प्रजातियां शामिल हैं।

# पांव पसार रहा ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड, ऐसे बचें




**अमृत विचार नेटवर्क।** बदलते वक्त के साथ ही भारत में डिजिटलाइजेशन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के कारण देश में ई-कॉमर्स कंपनियों के कारोबार में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ऐसे में ऑनलाइन शॉपिंग स्कैम भी तेजी से पांव पसार रहा है। एक सर्वे में पता चला है कि पांच में से एक शहरी भारतीय ऑनलाइन स्कैम का सामना करता है और इसके कारण वित्तीय नुकसान झेलना पड़ता है। 20% शहरी भारतीय ऑनलाइन घोटालों के शिकार हुए हैं, जिनमें ऑनलाइन शॉपिंग घोटाले सबसे अधिक है। इस ऑनलाइन शॉपिंग घोटालों में नकली वेबसाइट फिशिंग ईमेल सोशल मीडिया विज्ञापन और नकली शिपिंग अलर्ट शामिल हैं। इसमें स्कैमर्स भुगतान जानकारी चुराने के लिए असली सेलर जैसी नकली वेबसाइट बनाते हैं। इसके बाद फिशिंग ईमेल पीड़ितों को नकली वेबसाइटों पर व्यक्तिगत डिटेल डालने के लिए बरगलाते हैं।

### ऐसे समझिए ऑनलाइन शॉपिंग स्कैम क्या है

स्कैमर्स किसी भी साइट की नकली और बिल्कुल हू-ब-हू वेबसाइट बनाते हैं, जिससे अक्सर लोग प्रभावित हो जाते हैं। स्कैमर्स ऐसी वेबसाइटों पर उत्पाद का प्रचार जमकर करते हैं क्योंकि वह जानते हैं खरीदार उत्पाद देखकर फंस जाएगा। इसके अलावा वे फर्जी इमेल भेजते हैं, जिसमें लिंक होता है, क्लिक करते ही लोग जाल में फंस जाते हैं।

### स्कैमर्स द्वारा इस्तेमाल के तरीके

- **नकली वेबसाइट :** स्कैमर्स असली ऑनलाइन रिटेलर्स की नकल करते हैं और लोकप्रिय वस्तुओं पर भारी छूट देते हैं। एक बार जब आप अपना भुगतान विवरण डालते हैं, तो वे आपके पैसे चुरा लेते हैं और गायब हो जाते हैं।
- **फिशिंग ईमेल :** इसमें स्कैमर्स विश्वसनीय कंपनियों (बैंक, क्रेडिट कार्ड) से ईमेल के रूप लिंक भेजते हैं। उनमें असली वेबसाइटों की नकल करने वाली नकली वेबसाइटों पर जाने वाले लिंक होते हैं। इन नकली साइटों पर अपनी जानकारी दर्ज करने से उनको आपकी व्यक्तिगत जानकारी मिल जाती है।
- **सोशल मीडिया विज्ञापन :** भ्रामक सोशल मीडिया विज्ञापन अविश्वसनीय डील के साथ नकली प्रोडक्ट या सर्विस को बढ़ावा देते हैं। इन विज्ञापनों पर क्लिक करने से आप नकली वेबसाइटों पर रीडायरेक्ट हो जाते हैं, जहां आपको अपनी भुगतान जानकारी साझा करने के लिए धोखा दिया जाता है।
- **नकली शिपिंग अलर्ट :** ये अलर्ट, जो वैध शिपिंग कंपनियों से लगते हैं, लेकिन वास्तव में नकली वेबसाइटों के लिंक होते हैं। उन पर क्लिक करने से आपको अपनी शिपिंग जानकारी अपडेटट करने के लिए प्रेरित किया जाता है और अनजाने में आप अपने व्यक्तिगत विवरण स्कैमर्स को सौंप देते हैं।




### इस तरह से आप बच सकते हैं फ्रॉड से

- हमेशा सही ऑनलाइन रिटेलर्स से ही खरीदारी करें। यदि आप किसी स्टोर से परिचित नहीं हैं, तो खरीदारी करने से पहले उसकी वैधता की जांच करें।
- ईमेल या सोशल मीडिया विज्ञापनों में एम्बेड किए गए लिंक पर तब तक क्लिक न करें जब तक कि आप उनके सोर्स के बारे में पूरी तरह सुनिश्चित न हों।
- लिंक पर माउस घुमाने से वास्तविक गंतव्य वेबसाइट का पता चल सकता है।
- सुनिश्चित करें कि वेबसाइट URL खुदरा विक्रेता के नाम से मेल खाता हो और सुरक्षित कनेक्शन के लिए https से शुरू होता हो।
- कभी भी अविश्वसनीय वेबसाइटों पर व्यक्तिगत विवरण (नाम, पता, फोन नंबर, क्रेडिट कार्ड की जानकारी) साझा न करें।
- सुरक्षा की दृष्टि से डेबिट कार्ड की तुलना में क्रेडिट कार्ड बेहतर होते हैं।

# रूस से अच्छे संबंधों से भारत को होगा फायदा

## मॉस्को पहुंचे प्रधानमंत्री का हुआ भव्य स्वागत, राष्ट्रपति पुतिन ने दिया प्राइवेट डिनर

- आर्थिक संबंधों व प्रौद्योगिकी अनुसंधान पर केंद्रित होगी वार्ता
- 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचे हैं रूस
- यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने के बाद यह मोदी की पहली यात्रा

मॉस्को, एजेंसी

यूक्रेन पर मॉस्को का आक्रमण शुरू होने के बाद रूस की पहली यात्रा के तहत यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता करेंगे। इस यात्रा को व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भ और संकेत के रूप में देखा जा रहा है। मॉस्को पहुंचने के तुरंत बाद मोदी ने कहा कि वह भविष्य के क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ करने के लिए उत्सुक हैं और भारत और रूस के बीच मजबूत संबंधों से हमारे लोगों को बहुत लाभ होगा।

प्रधानमंत्री ने अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि भारत शांतिपूर्ण और स्थिर क्षेत्र के लिए सहायक भूमिका निभाना चाहता है। अधिकारियों ने बताया कि रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने वनुकोवो-दो हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। मांतुरोव मोदी को हवाई अड्डे से उनके होटल तक छोड़ने उनके साथ गए। मंगलवार को मोदी राष्ट्रपति पुतिन के साथ 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे, भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत करेंगे और एक प्रदर्शनी में रोसाटॉम मंडप का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री का अज्ञात सैनिक की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने का भी कार्यक्रम है। 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन का जोर ऊर्जा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश और लोगों के बीच आदान-प्रदान के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर होने की संभावना है। चर्चाओं में यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा होने की संभावना है।



मास्को हवाई अड्डे पर भारतीय समुदाय के लोगों से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

### भारतीय समुदाय मंदिर के निर्माण की मांग करेगा

**मॉस्को।** रूस में भारतीय समुदाय के सदस्य प्रधानमंत्री मोदी से देश में एक हिंदू मंदिर, एक नई भारतीय स्कूल इमारत का निर्माण करने तथा भारत तक अधिक सीधी उड़ान सेवाओं की उपलब्धता के लिए उनसे सहयोग देने का अनुरोध करेंगे। रूस में रह रहे पटना के राकेश कुमार ने कहा कुछ चीजें हैं जो समाज में अब भी नदारद हैं। हम मोदी से एक हिंदू मंदिर के निर्माण की मांग करेंगे। एअर इंडिया जैसी कोई अन्य एयरलाइन रूस तक उड़ानों का संचालन करती है तो सीटों की उपलब्धता के साथ ही उड़ानों की संख्या भी बढ़ेगी।

### रूस यात्रा के बाद जाएंगे आस्ट्रिया

**मॉस्को।** रूस में नौ जुलाई को अपनी यात्रा पूरी करने के बाद मोदी ऑस्ट्रिया के लिए रवाना होंगे। यह, विगत 40 साल से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की वहां की पहली यात्रा होगी। रूस के साथ अपनी मजबूत दोस्ती को इंगित करते हुए भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा नहीं की है। भारत यह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।

### मोदी सरकार को सराहने को फिर मजबूर हुआ चीन

**बीजिंग।** चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत की विदेश नीति की जमकर तारीफ की है। उसने कहा कि भारत ने अमेरिका की परेशान करने वाली हरकतों के बावजूद रूस के साथ संबंधों को मजबूत किया है। अखबार ने लिखा यह काफी आश्चर्यजनक है कि अमेरिका का दुनिया भर में इतना प्रभाव है, जबकि वह वैश्विक आबादी का 5 प्रतिशत से भी कम प्रतिनिधित्व करता है।

# बाइडेन का राष्ट्रपति पद की दावेदारी छोड़ने से इनकार

- डेमोक्रेट सांसदों को नाटक समाप्त करने को कहा

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने डेमोक्रेट सांसदों को लिखे एक पत्र में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी छोड़ने से इनकार किया। साथ ही पार्टी के भीतर चल रहे उस नाटक को समाप्त करने का आह्वान किया, जिसने डेमोक्रेट नेताओं को इस बात पर विभाजित कर दिया है कि बाइडेन को दौड़ में बने रहना चाहिए या नहीं। बाइडेन ने सोमवार को दो पन्नों के पत्र में लिखा आगे कैसे बढ़ना है, यह सवाल पिछले एक सप्ताह से खूब चर्चा में है और अब इसे खत्म करने का समय आ गया है।

उन्होंने जोर दिया कि पार्टी का एक ही काम है कि नवंबर में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को हराया जाए। बाइडेन ने पत्र में कहा कि आम चुनाव में 119 दिन बाकी हैं। कमजोर संकल्प या आगे के अभियान के बारे में स्पष्टता की कमी से सिर्फ ट्रंप को मदद मिलेगी और हमें नुकसान होगा। अब समय आ गया है कि हम एक साथ आएं, एक एकीकृत पार्टी के तौर पर आगे बढ़ें और डोनाल्ड ट्रंप को हराएं। राष्ट्रपति जो बाइडेन की उम्मीदवारी को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी में मतभेद गहरे हो रहे हैं तथा इस बात को लेकर कई सांसद मुखर हो रहे हैं।



### बाइडेन को पद के विरोध में डेमोक्रेटिक के पांच सांसद

**वाशिंगटन।** डेमोक्रेटिक पार्टी के पांच सांसदों ने रविवार को अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 5 नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से जो बाइडेन को बाहर हो जाना चाहिए। अटलांटा में 27 जून को हुई बहस में रिपब्लिकन पार्टी से अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बाइडेन के निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा फोन कॉल पर की गई चर्चा के दौरान सांसदों- जेरी नाडलर, मार्क ताकानो, जो मोरेल, टेड लियू और एडम स्मिथ ने अपने विचार व्यक्त किए।

# देश की स्थिरता के लिए नहीं बदला पीएम

- फ्रांस चुनाव से 20 दिन पहले बने गठबंधन ने जीतीं सर्वाधिक सीटें
- मतदान के नतीजों से यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चुनाव परिणाम के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री गैब्रियल अटल के इस्तीफे से इनकार करते हुए उन्हें अस्थायी रूप से सरकार के प्रमुख के रूप में बने रहने के लिए कहा। इस चुनाव परिणाम के बाद सरकार का भविष्य अधर में है। फ्रांस में कोई भी पार्टी (वाम, मध्यमार्ग या दक्षिणपंथ समर्थक) सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत के नजदीक भी नहीं पहुंच पाई है।

रविवार को हुए मतदान के नतीजों से यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के ठप होने का खतरा बढ़ गया है। मैक्रों ने दांव खेला था कि समय पूर्व चुनाव कराने के उनके फैसले से फ्रांस को एक स्पष्ट दिशा मिलेगी, लेकिन परिणाम बिल्कुल विपरीत आया। पेरिस ओलंपिक के शुरू होने में तीन हफ्ते से कम समय बचा है जब पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रहेगा। मैक्रों के शीर्ष राजनीतिक सहयोगी राष्ट्रपति भवन में अटल के साथ बैठक में शामिल हुए। अटल ने रविवार को स्पष्ट किया कि वह अचानक चुनाव कराने के मैक्रों के फैसले से असहमत थे। दो दौर के मतदान के बाद आए नतीजों में पहले स्थान पर रहे वामपंथी गठबंधन, दूसरे स्थान पर रहे मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन या धुर दक्षिणपंथी गठबंधन में से किसी को भी सरकार बनाने का कोई स्पष्ट जनादेश नहीं मिला है। फ्रांस में राजनीतिक गतिरोध का यूक्रेन में युद्ध, वैश्विक कूटनीति और यूरोप की आर्थिक स्थिरता पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है।



### गठबंधन के लिए जरूरी 289 सीट के आंकड़े से बहुत दूर

सोमवार को जारी किए गए आधिकारिक चुनाव परिणाम के अनुसार, फ्रांस की दो सदन वाली विधायिका में से सर्वाधिक शक्तिशाली 577 सदस्यीय नेशनल असेंबली में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। तीनों ही गठबंधन बहुमत के लिए जरूरी 289 सीट के आंकड़े से बहुत दूर हैं। चुनाव परिणाम के मुताबिक, पहले स्थान पर रहे वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट को 180 से कुछ अधिक सीट मिली हैं, जबकि मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन को 160 से अधिक सीट प्राप्त हुई हैं। मरीन ले पेन की धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली और उसके सहयोगी तीसरे स्थान पर रहे। उन्हें 140 से अधिक सीट पर विजय मिली।

**बीएमडब्ल्यू हादसा मामला**

# शिवसेना नेता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में शिवसेना नेता राजेश शाह को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में उनका बेटा भी आरोपी है और इस समय फरार है।

पुलिस ने बताया कि शिवसेना नेता का बेटा मिहिर शाह (24) कथित तौर पर बीएमडब्ल्यू कार चला रहा था, जिसने रविवार सुबह मुंबई के वर्ली इलाके में एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी और इस हादसे में बाइक पर सवार कावेरी नखवा (45) की मौत हो गई, वहीं उनके पति प्रदीप घायल हो गए। मामले में शाह का ड्राइवर राजर्षि बिदावत भी आरोपी है। उसे मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (सीवरी अदालत) एसपी भोसले ने मंगलवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# 737 मैक्स विमान हादसों में आरोप स्वीकार करेगा बोइंग

- न्याय विभाग ने दी जानकारी, 2 घटनाओं में 346 की मौत पर भी सेफ्टी का नहीं रखा ध्यान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग उसके 737 मैक्स विमानों से जुड़ी दो दुर्घटनाओं संबंधी आपराधिक धोखाधड़ी के मामले में आरोपों को स्वीकार करेगी। अमेरिकी न्याय विभाग ने रविवार रात को यह जानकारी दी। इससे पहले अमेरिकी सरकार ने कहा था कि कंपनी ने उस समझौते का उल्लंघन किया है जिसने उसे अभियोग से तीन साल से अधिक समय तक बचाए रखा। संघीय अभियोजकों ने इस सप्ताह बोइंग को विकल्प दिया था कि वह अपनी सजा के तहत या तो अपने आरोप स्वीकार कर जुर्माना भरे या अमेरिका के साथ धोखाधड़ी के षड्यंत्र के आपराधिक आरोपों को लेकर मुकदमे का सामना करे। अभियोजकों ने अमेरिकी कंपनी पर उन नियामकों को धोखा देने का आरोप लगाया जिन्होंने विमान और पायलट-प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को मंजूरी दी थी। अमेरिकी सरकार और बोइंग के बीच समझौते को अभी किसी संघीय न्यायाधीश की मंजूरी मिलनी बाकी है। इस समझौते के तहत बोइंग को 24 करोड़ 36 लाख डॉलर का अतिरिक्त जुर्माना भरना होगा। बोइंग ने 2021 में हुए समझौते के तहत इतनी ही राशि का भुगतान किया था। अमेरिकी न्याय मंत्रालय का कहना है कि कंपनी ने इस समझौते का उल्लंघन किया था।





# रूस-यूक्रेन के बीच सीधा संवाद शुरू कराने में मदद का आह्वान

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान से मुलाकात के दौरान वैश्विक महाशक्तियों से सीधा संवाद बहाल करने में रूस और यूक्रेन की मदद करने का आह्वान किया। सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। ओरबान पिछले सप्ताह रूस और यूक्रेन की यात्रा करने के बाद अचानक चीन पहुंचे। वह यूक्रेन में शांति समझौते की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए ये यात्राएं कर रहे हैं। ओरबान ने शांति के लिए चीन की पहल की तारीफ करते हुए उसे सकारात्मक और महत्वपूर्ण बताया तथा उसे वैश्विक उथल-पुथल के बीच स्थिरता लाने वाली ताकत करार दिया। ओरबान ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि रूस और यूक्रेन के अलावा युद्ध खत्म होना तीन वैश्विक महाशक्तियों... अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन के निर्णय पर निर्भर करता है।

## बॉलीवुड हलचल

# इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाएंगे रणवीर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि उरी द सर्जिकल स्ट्राइक'' फेम निर्देशक आदित्य धर एक फिल्म बना रहे है, जिसका नाम नाम धुरंधर है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आदित्य धर ने रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल से बात की है। बताया जा रहा है कि फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे और इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाएंगे। टाइटल अभी फाइनल नहीं हुआ है और इसे बदला भी जा सकता है। आदित्य इस फिल्म को अपने भाई लोकेश धर के साथ मिलकर प्रोड्यूस करने वाले हैं।

# फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में वापसी करेंगी नोरा फतेही



**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही आठ साल बाद फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में कमबैक कर रही है। करुणा कुमार द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म मटका में नोरा फतेही, वरुण तेज के साथ मुख्य भूमिका में हैं। टेम्पर, बाहुबली : द बिगिनिंग, किक 2 और ऊपरी जैसी हिट फिल्मों में अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली नोरा अब एक अभिनेत्री के रूप में एक नई चुनौती ले रही हैं। निर्देशक करूणा कुमार ने कहा, मैं नोरा को तेलुगु दर्शकों के सामने एक अभिनेत्री के रूप में पेश करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, वह दूसरी महिला प्रधान भूमिका निभा रही हैं और विजाग की लड़की के रूप में दिखाई देंगी। खुद को किरदार में बेहतर ढंग से ढालने के लिए, उन्होंने तेलुगु सीखने के लिए कक्षाएं लीं और खुद ही संवादों को डब करने का फैसला किया।

### सुनील शेट्टी बोले क्या बेटा अपने पिता के लिए चुनौती हो सकता है

**इंदौर।** सिनेमा बनाम ओटीटी मंचों की बहस को लेकर अभिनेता सुनील शेट्टी ने सोमवार को कहा कि सभी मनोरंजन माध्यमों का जनक हमेशा सिनेमा ही रहेगा। उन्होंने हालांकि कहा कि ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंच नये और प्रतिभाशाली अभिनेताओं के लिए सिनेमा के बड़े माध्यम में प्रवेश की राह जरूर तैयार करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह ओटीटी मंचों को सिनेमा के लिए चुनौती मानते हैं, जिसपर शेट्टी ने कहा बिल्कुल नहीं। क्या एक पिता के लिए उसका बेटा चुनौती हो सकता है? सभी मनोरंजन माध्यमों का जनक हमेशा सिनेमा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि एक दौर वह भी था जब वीडियो कैसेट के बारे में कहा गया था कि इनके कारण सिनेमा जगत में उथल-पुथल मच जाएगी लेकिन ये कैसेट सिनेमा माध्यम का कुछ भी बिगाड़ नहीं पाईं।

**बदलाव** अत्यधिक सौर सक्रियता को लेकर भी लगने लगे हैं कयास

# पहले प्रचंड गर्मी अब भीषण बारिश जलवायु परिवर्तन के संकेत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पहले बियावान सूखा, फिर प्रचंड गर्मी के बाद अब भीषण बरसात जलवायु भविष्य के लिए अच्छे संकेत नही हैं। इसके पीछे की वजह ग्लोबल वार्मिंग तो मुख्य वजह मानी जाती रही है, वहीं इस बार सूर्य के रिकॉर्ड तोड़ सक्रिय होने के कयास भी लगाए जाने लगे हैं। बहरहाल इसका हमारी जलवायु पर असर डालने का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नही है।

मौसम की दुश्वारियां इस बार सिर चढ़कर बोली हैं। शरदकाल सूखे की भेंट चढ़ गया और मई जून की भीषण गर्मी ने देश में सैंकड़ों जाने लेली। इसके बाद मानसून ने शुरुआत में ही तांडव दिखाना शुरू कर दिया है। इसकदर तबाही मचाने वाले मानसून पहले कम ही देखने को मिला है। 2013 में आए मानसून ने केदार जैसी भयानक आपदा को जन्म दिया था। उसका कारण मानसून के साथ पश्चिमी विक्षोभ का शामिल होना था। उत्तराखंड में वह मानसून शुरुआती चरण का था और इस बार भी मानसून का प्रारंभ अच्छे लक्षण नही हैं। पिछले सप्ताहभर से बरस रहा मानसून जारी है। मौसम की बिगड़ी फितरत को लेकर मौसम के जानकारों का कहना है कि वैश्विक ताप इसकी प्रमुख वजह है। मगर दूसरी ओर लोग सौर सक्रियता भी इसकी वजह होने के कयास लगाने लगे हैं। दरअसल सूर्य पिछले करीब एक वर्ष से जबर्दस्त सक्रिय है। जिसने एक्स क्लास समेत एम व सी श्रेणी की सैकड़ों ज्वालाएं उगली हैं, जो अपनेआप में ऐतिहासिक रही हैं। जिसे लेकर कयास लगाने स्वाभाविक भी है, लेकिन इनकी वैज्ञानिक प्रमाणिकता नही होने के कारण कुछ नही कहा जा सकता है। मगर इस तथ्य से इंकार भी नही किया जा सकता है।



### जलवायु परिवर्तन के दूसरे कारणों से भी इनकार नही किया जा सकता

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ पर्यवारण वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह कहते हैं कि इसमें दोराय नही कि ग्लोबल वार्मिंग जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण है। मगर दूसरे कारण भी हो सकते हैं। जिनके बारे में हम अंजान हों। इस दिशा में व्यापक शोध की जरुरत है। सूर्य की गतिविधियों पर अधिक शोध किए जाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। हमारे सौरमंडल के अन्य ग्रहों पर भी पर्यवारण संबंधी शोध कर कुछ नए परिणाम आ सकते हैं। जिनसे पृथ्वी की जलवायु परिवर्तन को नई दिशा भी मिल सकती है।